kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-310 | सोमवार, 15 दिसम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

नागालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव मानवीय भावना के विविध रंग और प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत समन्वय के रूप में चित्रित करता है। जब हमारा पूर्वोत्तर प्रकाशमान होगा, तभी समूचा राष्ट्र उन्नति की ऊंचाइयों को छूएगा। नरेन्द्र मोदी



ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण ज़रूरत : द्रौपदी मुर्मू 11

क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, नकली दवाओं का संगठित रैकेट पकड़ा 12

## संक्षेप

### एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में भारत तीसरे स्थान पर

**नयी दिल्ली।** भारत एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। स्टैनफोर्ड यूनीवर्सिटी की वैश्विक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इस रिपोर्ट में भारत को 21.59 अंक दिये गये हैं। अमेरिका 78.6 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, चीन 36.95 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया (17.24) और ब्रिटेन (16.64 अंक) भारत के बाद क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में अनुसंधान एवं विकास में भारत को अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रखा गया है। जिम्मेदार एआई और अर्थव्यवस्था के पैमानों पर भारत को शीर्ष तीन में जगह नहीं दी गयी है। प्रतिभा के मामले में भारत को सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है। बुनियादी ढांचा और नीति एवं प्रशासन के मामले में भी भारत को पहले तीन में स्थान नहीं मिला है। लोगों की सोच के मामले में भारत दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट से साफ है कि प्रतिभा, अनुसंधान एवं विकास और जन स्वीकार्यता के बावजूद देश में एआई को लेकर नीति निर्माण, नियम कानून और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता है।

### ईडी ने कोडीन युक्त सिरप मामले में कई जगहों पर तलाशी ली

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोडीन युक्त कफ सिरप के गैर-कानूनी व्यापार और इसके दुरुपयोग के सिलसिले में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है। ईडी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को कहा कि उसने लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर, रांची और अहमदाबाद में आरोपियों और उनके साथियों के घरों और कार्यालयों समेत 25 जगहों पर तलाशी ली है। ईडी ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट, भारतीय दंड़ संहिता और दूसरे लागू कानूनों की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज 30 प्राथमिकियों के आधार पर अपनी जांच शुरू की। इन प्राथमिकी में कई स्तरीय वाले संगठित आपराधिक गिरोहों के होने का आरोप लगाया गया था जो कानूनी प्रक्रिया का घोर उल्लंघन करते हुए कोडीन युक्त कफ सिरप की गैर-कानूनी खरीद, स्टोरेज, दुरुपयोग और बिक्री में शामिल था। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों ने अलग-अलग कंपनियों के ज़रिए बड़ी मात्रा में सिरप खरीदा और बाद में कई फर्म बनाईं, धोखे से लाइसेंस लिए और रिकॉर्ड में हेरफ़ेर करके स्टॉक को गैर चिकित्सा और नारकोटिक कामों के लिए इस्तेमाल किया, जिसमें अंतरराज्यीय, नेपाल और बांग्लादेश में तस्करी शामिल है। यह भी आरोप है कि गैर-कानूनी धंधे से हुई बड़ी कमाई को अग्रणी कंपनियों के बैंक खातों में डाला गया और बाद में कई ट्रांज़ेक्शन के ज़रिए आरोपियों के नियंत्रण वाले खातों में भेजा गया। उन्होंने बताया कि धनशोधन मामले 2002 की धारा 17 के तहत आरोपियों के घर और ऑफिस की जगहों पर तलाशी अभियान के दौरान जांच से जुड़े कई आपत्तिजनक दस्तावेज और रिकॉर्ड मिले और उन्हें ज़ब्त किया गया।

# नितिन नबीन बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष बने

## प्रधानमंत्री मोदी सहित शीर्ष नेताओं ने दी बधाई, संगठन से सरकार तक का सशक्त चेहरे के रूप में है पहचान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है।

भाजपा के संसदीय बोर्ड के इस फैसले की जानकारी राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स हैंडल पर अपने एक पोस्ट में नितिन नबीन को नयी जिम्मेदारी के लिये बधाई दी। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी नितिन नबीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी है। इसके साथ श्री नबीन को सोशल मीडिया पर बधाई देने का तांता लग गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपने बधाई संदेश में लिखा कि ''नितिन नबीन ने एक मेहनती कार्यकर्ता के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। वह युवा और मेहनती नेता हैं, जिनके पास संगठन का अनुभव है और बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के तौर पर उनका शानदार रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगन से काम किया है। वह अपने विनम्र स्वभाव और ज़मीनी काम करने के तरीके के लिए जाने जाते हैं। मुझे विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में हमारी पार्टी को मज़बूत करेगा। उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई। ज्ञात रहे कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। तब से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कयास लगने लगे थे। नड्डा 2020 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए थे। बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष उनका कार्यकाल जून 2024 तक था। श्री नबीन को यह जिम्मेदारी पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को धार देने में उनकी भूमिका को देखते हुये दी गयी है। उनकी नियुक्ति को बिहार की राजनीति में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के नाम की घोषणा के साथ ही उन तमाम अटकलों पर भी विराम लग गया है। जिनमें कई दिग्गज नेताओं के नाम की संभावनाएं जताई जा रही थी। नितिन नबीन की नियुक्ति को लेकर भाजपा ने जातीय समीकरण भी साधने की कोशिश की है। भाजपा के नए अध्यक्ष कायस्थ समुदाय से आते हैं। इस समुदाय से बीजेपी में शीर्ष पद पर कई नेताओं को लाने की बात लंबे समय से चल रही थी। साथ ही आने वाले पश्चिम बंगाल और 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में नितिन नबीन की अहम भूमिका हो सकती है। जानकारी के मुताबिक नितिन नबीन की बिहार में काफी मजबूत पकड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की अधिक सीटें लाने में उनका खास योगदान रहा है। वह इस बार लगातार पांचवीं बार बिहार विधानसभा चुनाव जीते हैं। एक बार फिर वह मंत्री बने हैं। वर्तमान में वह बांकीपुर विधानसभा से विधायक हैं। नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय से आते हैं और दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गईं। वह भाजयुमो के राष्ट्रीय महासचिव भी थे। नितिन नबीन का जन्म प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार में 1 सितंबर 1980 को पटना में हुआ। उनके पिता, स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता थे और पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। पिता की राजनीतिक ● शेष पेज 11 पर

### नई जिम्मेदारी

- बिहार से राष्ट्रीय राजनीति तक नितिन नबीन की मजबूत पकड़
- कायस्थ समुदाय को साधने की भाजपा की रणनीति
- पश्चिम बंगाल और यूपी चुनावों में अहम भूमिका की संभावना
- लगातार पांचवीं बार विधायक, बिहार सरकार में हैं मंत्री, संगठनात्मक अनुभव बना आधार



## शंख ध्वनि के बीच यूपी भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बने पंकज चौधरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। महराजगंज से सांसद व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। उनके नाम की घोषणा रविवार को औपचारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की। शंख ध्वनि के बीच नाम का एलान होते ही डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नए अध्यक्ष को भाजपा का झण्डा सौंपा। दरअसल अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ही एकमात्र उम्मीदवार थे, इसलिए नामांकन के दिन ही उनके चुने जाने की तस्वीर साफ हो गई थी। प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की घोषणा होने के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों के नाम की घोषणा की। कार्यसमिति के लिए पूरे प्रदेश से 120 सदस्य निर्वाचित हुए हैं। राष्ट्रीय कार्यसमिति के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची में प्रमुख रूप से वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रयागराज से केशव प्रसाद मौर्य, उन्नाव से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भूपेंद्र चौधरी संभल से, स्मृति ईरानी सुल्तानपुर से, महेन्द्रनाथ पांडेय, सूर्यप्रताप शाही, रमापति राम त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य शामिल है। वैसे पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पूर्वांचल, खासकर गोरखपुर का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंकज चौधरी, दोनों ही गोरखपुर क्षेत्र से आते हैं। ऐसे में अब एक के हाथ में सरकार की कमान है तो दूसरे के हाथ में संगठन की जिम्मेदारी, जिससे गोरखपुर भाजपा की सत्ता और रणनीति का नया केंद्र बनकर उभरा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, निवर्तमान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले संबोधन में पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक संघर्षों को याद करते हुए कहा कि राजनीति में आने का उनका शौक नही था। गलत चीज बर्दाश्त न होने की वजह से ही वह राजनीति में आएं।

उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें मात्र 26 वर्ष की आयु में महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया। वर्ष 1991 से लेकर 2024 तक वे लगातार अपने क्षेत्र से जुड़े रहे और पार्टी व कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सात बार सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्तमान में भारत सरकार में वित्त राज्य मंत्री के रूप में वे अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभा रहे हैं, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी को, उन्होंने अब तक की सबसे गंभीर और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी बताया। ● शेष पेज 11 पर



### चौधरी बोले

- भाजपा में न वंशवाद चलता है, न जातिवाद, केवल कार्यकर्ता सर्वोपरि: पंकज चौधरी

## भारत ने बंगलादेश के आरोपों को खारिज किया, कहा

# भारत वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का पक्षधर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने बंगलादेश सरकार के दावों को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि उसने सदैव बंगलादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव का समर्थन किया है और कभी भी भारतीय भूमि का बंगलादेश के हितों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दिया है। बंगलादेश के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, बंगलादेश की अंतरिम सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में किए गए दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। मंत्रालय ने कहा भारत ने बंगलादेश में शांतिपूर्ण माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव कराने के अपने रुख को लगातार दोहराया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने कभी भी अपनी भूमि का उपयोग बंगलादेश के मित्रवत लोगों के हितों के प्रतिकूल गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया है। भारत ने बंगलादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताते हुए कहा हम आशा करते हैं कि बंगलादेश की अंतरिम सरकार शांतिपूर्ण चुनाव कराने सहित आंतरिक कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि वामी लीग के नेता भारत में रहकर बंगलादेश के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। बंगलादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका स्थित भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर भारत में रह रही पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बयानों को भड़काऊ बताते हुए इन पर आपत्ति जताई है। बंगलादेश सरकार ने सुश्री हसीना के जल्द प्रत्यर्पण की मांग को भी दोहराया है।




# बोंडी बीच पर त्योहार मना रहे यहूदियों पर हमला, शूटर समेत 12 की मौत

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में प्रसिद्ध बोंडी समुद्र तट पर त्योहार मना रहे यहूदियों पर दो बंदूकधारियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में कम से कम 11 लोगों की मौत हुई है। दो पुलिस अधिकारियों समेत 11 लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दो हमलावरों में से एक को मार गिराया है, जबकि दूसरा हमलावर पकड़ा गया है और गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने एक हमलावर की पहचान की है। हमलावर की पहचान 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई जो सिडनी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके घर पर छापा मारा है।प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने इस घटना को स्तब्धकारी और दुखद बताया है। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी को आतंकवादी हमला घोषित किया गया है।

पुलिस ने एक हमलावर समेत 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, यह गोलीबारी आठ दिवसीय यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली रात को हुई। बंदूकधारियों ने उस वक्त गोलीबारी शुरू कर दी, जब यहूदी त्योहार की शुरुआत के उपलक्ष्य में समुद्र तट पर आयोजित एक कार्यक्रम के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे। एक चश्मदीद ने बताया कि हमलावरों ने बच्चों और बुजुर्गों को अंधाधुंध निशाना बनाया। एक अन्य चश्मदीद ने बताया कि उसने कम से कम 10 लोगों को जमीन पर पड़े देखा और हर जगह खून बिखरा हुआ था।

इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें से एक में समुद्र तट और पास में मौजूद लोग गोलियों की तड़तड़ाहट और पुलिस वाहनों के सायरन की आवाज सुनकर इधर-उधर भागते दिखाई दे रहे हैं। एक वीडियो में काले रंग की कमीज पहने एक व्यक्ति को बड़ी बंदूक चलाते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद सफ़ेद टी-शर्ट पहने एक अन्य व्यक्ति ने उसे पकड़ लिया और उससे बंदूक छीन ली। एक अन्य व्यक्ति को पैदल यात्री पुल से बंदूक चलाते हुए देखा गया। एक अन्य वीडियो में वर्दीधारी पुलिसकर्मी एक छोटे पैदल यात्री पुल पर दो पुरुषों को जमीन पर दबाते नजर आ रहे हैं। पुलिसकर्मी इनमें से एक को होश में लाने की कोशिश कर रहे हैं। पीएम मोदी बोले- दुख की इस घड़ी ● शेष पेज 11 पर



## प्रदेश में 42 जिलों के लिए जारी हुआ घने कोहरे का अलर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश का ज्यादातर हिस्सा ठंड के साथ कोहरे के साए में लिपटा हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में एक बार फिर हवा का रुख बदलेगा। सोमवार से प्रदेश में पछुआ हवाएं चलेंगी। इसके असर से प्रदेश भर में दिन व रात के तापमान में क्रमशः गिरावट आएगी और साथ ही कोहरे का घनापन भी कम होगा। मौसम विभाग की ओर से सोमवार को प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, आगरा व इटावा जिलों के लिए अध्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पश्चिमी यूपी के 42 जिलों के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट है। रविवार को सुबह घने कोहरे की वजह से आगरा और प्रयागराज में दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। वहीं अलीगढ़ में 30 मीटर, वाराणसी, बलिया, सोनभद्र और मुरादाबाद में दृश्यता 50 मीटर तक सिमट गई।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से प्रदेश में धीमी पछुआ हवाएं चलेंगी। इनकी रफ्तार क्रमशः बढ़ेगी और पारे में गिरावट के साथ ही कोहरे का असर कम होगा।

# भारतीय रेल शत प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे अपने पूरे ब्रॉडगेज नेटवर्क का विद्युतीकरण जल्द पूरा कर ऐसी उपलब्धि हासिल करने की ओर अग्रसर है जो कई विकसित देश नहीं कर पाए हैं।

देश के कुल ब्रॉडगेज नेटवर्क का 99 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पहले ही विद्युतीकृत हो चुका है। रेलवे ने रविवार को बताया कि शेष हिस्सों का काम भी शीघ्र ही पूरा होने की संभावना है। वर्ष 2019 से 2025 के बीच भारतीय रेलवे ने 33,000 किलोमीटर से अधिक मार्ग का विद्युतीकरण किया, जो औसतन प्रतिदिन 15 किलोमीटर से अधिक की गति से हुआ है। इस अवधि के दौरान विद्युतीकृत कुल दूरी लगभग जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है। भारत का ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क का 99.2 प्रतिशत विद्युतीकृत हो चुका है, जो 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है। भारत की उपलब्धि उन देशों की तुलना में भी उल्लेखनीय है जिनके पास लंबे समय से स्थापित रेल प्रणालियाँ हैं। सबसे पहले रेल नेटवर्क बनाने वाले ब्रिटेन में इसका 39 प्रतिशत हिस्सा ही विद्युतीकृत है। यूरोपीय देशों में यह आंकड़ा 56 प्रतिशत और एशिया प्रशांत क्षेत्र में 60 प्रतिशत है जबकि वैश्विक औसत 40 प्रतिशत है। रेल नेटवर्क के विद्युतीकरण से देश में डीजल की खपत कम हुई है, कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है, परिचालन लागत ● शेष पेज 11 पर

- स्वच्छ और तेज़ रेल सेवा की ओर बढ़ते कदम



## भारतीय जनता पार्टी उप्र के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के निर्वाचन समारोह में बोले योगी

# बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि आगामी चुनाव पूरी तरह बूथ स्तर पर लड़े जाएंगे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इस रणनीति की रीढ़ है।

रविवार को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी दलों के पास संगठनात्मक ताकत नहीं है, लेकिन वे छल और भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर करेंगे। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सजग, साहसी और पूरी तरह तैयार रहना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदला हुआ उत्तर प्रदेश आज अपनी पहचान खुद गढ़ रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, नैमिषारण्य सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों का कायाकल्प इस परिवर्तन के प्रतीक हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले प्रदेश में बिजली इसलिए नहीं आती थी ताकि अंधेरे में डकैती डाली जा सके, जबकि आज रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति हो रही है। योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन कई बार अनावश्यक उदारता के कारण गंभीर चूक हो जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगह यह कहकर संतोष कर लिया जाता है कि ‘हमारे यहां सब ठीक है, जबकि वास्तविकता कुछ और होती है। एक जिले में तो विरोधियों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम तक मतदाता सूची में दर्ज करवा दिए, जहां पिता-पुत्र-दादा की उम्र में ही भारी विसंगति पाई गई और मतदाता मूल रूप से असम के निवासी निकले। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर फर्जी नामों के खिलाफ अनिवार्य रूप से आपत्ति दर्ज कराई जाए और जो वास्तविक मतदाता सूची से छूट गए हैं, उनके नाम हर हाल में जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अनुमानित आबादी करीब 25 करोड़ है, इस आधार पर लगभग 16 करोड़ मतदाता होने चाहिए, लेकिन एसआईआर के बाद सूची में केवल 12 करोड़ नाम सामने आए हैं। यह लगभग चार करोड़ मतदाताओं का अंतर है, जिनमें 85 से 90 प्रतिशत भाजपा समर्थक हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के पास अब केवल 12 दिन हैं और याद रखना चाहिए कि चुनावी लड़ाई बूथ पर ही जीती जाती है। उन्होंने कहा कि यदि अभी चुनावी मेहनत का तीन-चौथाई हिस्सा पूरा कर लिया गया, तो चुनाव के समय एक-चौथाई प्रयास से ही तीन-चौथाई सीटें सुनिश्चित की जा सकती हैं। प्रत्येक बूथ पर फॉर्म-6 भरवाने में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत करते हुए चुनाव प्रक्रिया को निर्विवाद रूप से संपन्न कराने के लिए डॉ. महेंद्रनाथ पांडे का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अनुभवी नेतृत्व के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘विकसित भारतऽविकसित उत्तर प्रदेश’ के संकल्प को साकार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत और भारतीयों के प्रति दुनिया का नजरिया बदला है। उत्तर प्रदेश में आया परिवर्तन डबल इंजन सरकार और कार्यकर्ताओं की संगठित शक्ति का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक लगभग पौने नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं, 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं और यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री व पर्यवेक्षक पीयूष गोयल ने कहा कि पंकज चौधरी सरल, हंसमुख और मिलनसार ● शेष पेज 11 पर



# श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र उच्चतम न्यायालय से वापस मांगेगा राममंदिर के दस्तावेज

एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र चिट्ठी लिख कर उच्चतम न्यायालय से राममंदिर मुकदमे के ऐतिहासिक सबूत के दस्तावेज को वापस मांगेगा। इन्हीं सबूतों के आधार पर अदालत ने राममंदिर के पक्ष से निर्णय किया था।

इसका संकेत श्रीराम मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट उच्चतम न्यायालय से ऐतिहासिक सबूत और दस्तावेज़ वापस मांगेगा। इन्हीं सबूतों के आधार पर उच्चतम न्यायालय ने राम मंदिर के पक्ष में फैसला दिया था। राममंदिर मुकदमे में प्रस्तुत किए अधिकांश साक्ष्य पुरातत्व विभाग की खुदाई में मिले थे। सभी साक्ष्य उच्चतम न्यायालय के पास आज भी सुरक्षित हैं।

राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट उच्चतम न्यायालय को औपचारिक पत्र लिखकर दस्तावेज़ सौंपने का अनुरोध करेगा। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अब इस फैसले को चुनौती देने वाला कोई नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में बन रहे संग्रहालय में सभी सबूतों को संरक्षित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में रामायण काल से जुड़े प्रसंगों की विशेष गैलरियां भी बनाई जा रही हैं। गैलरी निर्माण और प्रस्तुति के लिए आईआईटी चेन्नई के साथ करार किया जा रहा है। मार्च 2026 तक गैलरियों के निर्माण कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित हनुमान जी की मूर्ति को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि देश-विदेश के प्राचीन रामायण ग्रंथों का संग्रह भी मंदिर परिसर में किया जाएगा। बाल्मीकि रामायण की प्राचीन प्रति गर्भगृह में रखने के लिए वाराणसी संस्कृत विश्वविद्यालय से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राममंदिर में रामलला का दर्शन पूजन के लिए जो श्रद्धालु आयेगे शीघ्र ही वह परिसर के अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन कर सकेंगे।

## दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक बेटियों के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

# दलित वर्ग से 2.20 लाख से अधिक बेटियों को मिला योजना का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर तबके, खासकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। 2017 में शुरू हुई यह योजना आज न केवल इन वर्गों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और समावेशिता को भी मजबूत कर रही है।

बीते आठ वर्षों में इस योजना के तहत चार लाख से अधिक गरीब कन्याओं की शादी योगी सरकार ने पूरे रीति-रिवाज और सम्मान के साथ कराई जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष अबतक करीब 1.20 से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिसमें करीब 14 हजार से अधिक गरीब कन्याओं की शादी संपन्न कराई जा चुकी हैं। विभागीय अधिकारियों की माने तो आने वाले दिनों में इस संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है। इस योजना ने उन राजनीतिक दलों को कठघरे में खड़ा कर दिया है, जो लंबे समय तक पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की राजनीति के सहारे सत्ता का आनंद लेते रहे, लेकिन उनके लिए ठोस विकास कार्य करने में विफल रहे। विपक्ष की राजनीति को आइना दिखाते हुए, इस योजना ने यह साबित कर दिया है कि केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस कदमों से ही समाज का सशक्तीकरण संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कदम न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बन चुका है।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आंकड़े यह स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए यह योजना कितनी प्रभावशाली साबित हुई है। अब तक इस योजना का सबसे अधिक लाभ दलित वर्ग ने उठाया है, जिसमें 2.20 लाख से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों की शादी कराई गई है। वहीं, पिछड़े वर्ग के 1.30 लाख परिवार और अल्पसंख्यक वर्ग के 40 हजार से अधिक परिवार इस योजना के लाभार्थी बने हैं। वहीं सामान्य वर्ग के करीब 16 हजार गरीब परिवारों ने अब तक सामूहिक विवाह योजना का लाभ लिया है।

योजना के प्रभारी उपनिदेशक आर.पी. सिंह ने रविवार को बताया कि यह न केवल एक सामाजिक सहायता है बल्कि सामूहिक सहयोग, सामुदायिक भावना और महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास भी है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की बेटियों की शादी का सपना पूरा कर रही है, बल्कि यह उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। विवाह समारोह में हर जोड़े को एक लाख रुपये की मदद दी जाती है, जिसमें विवाह से जुड़ी आवश्यक सामग्री, वधू के खाते में नकद धनराशि और आयोजन की व्यवस्था शामिल होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने साढ़े सात वर्षों के कार्यकाल में बार-बार यह दिखाया है कि उनकी प्राथमिकता वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है। इस योजना के माध्यम से वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रदेश के सभी वर्ग, विशेषकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक, मुख्यधारा से जुड़े और उनके विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यही वजह है कि इस योजना के लिए योगी सरकार ने अब तक करीब 2,200 लाख रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस मद में 550 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह जाति और धर्म की सीमाओं को पार कर सभी को समान अवसर प्रदान करती है। विवाह समारोह में धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है, चाहे वह हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई समुदाय का हो। यह पहल सामाजिक समरसता और भाईचारे का भी संदेश देती है।

# महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का वर्चुअल शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने कानपुर नगर के रायपुरवा क्षेत्र में निर्माणाधीन महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह भवन हरिजन सहायक समिति द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों सहित समस्त समाज के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को गति देना है।

इस अवसर पर ए.के. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक भवन समाज में एकता, समरसता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जैसे महान ऋषि और समाज सुधारक के नाम पर निर्मित यह भवन सामाजिक नवनिर्माण का सशक्त माध्यम बनेगा और समाज को नई दिशा प्रदान करेगा।

उन्होंने बताया कि भवन के पूर्ण होने के बाद यहां विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, मार्गदर्शन कक्षाएं और शैक्षिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इससे समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे और उनका आत्मविश्वास सुदृढ़ होगा। ए.के. शर्मा ने कहा कि शिक्षा और संस्कार किसी भी समाज की प्रगति की नींव होते हैं। इस भवन के माध्यम से संचालित होने वाली शैक्षिक गतिविधियों से समाज के होनहार बालक-बालिकाओं का भविष्य उज्ज्वल बनेगा और वे प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे।

उन्होंने विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई द्वारा भवन निर्माण के लिए प्रदान की गई 25 लाख रुपये की सहयोग राशि की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का ऐसा सहयोग समाज सेवा की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने हरिजन सहायक समिति के प्रयासों की भी प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सर्वसमावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस तरह के सामाजिक भवन सामाजिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामूहिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। इस अवसर पर कानपुर नगर की मेयर प्रमिला पांडेय और महिला कल्याण एवं बाल विकास, पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

## हाईकोर्ट प्रशासन ने पांच न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में किया फ़ेरबदल

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने पांच न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फ़ेरबदल करते हुए नई तैनातियों के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में महानिबंधक मंजीत सिंह श्योराण की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार लखीमपुर खीरी में तैनात अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण गोंड को उच्च न्यायिक सेवा कैडर में काल्पनिक पदोन्नति प्रदान करते हुए कुशीनगर जनपद के पडरौना में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) नियुक्त किया गया है। वहीं कुशीनगर में तैनात सत्यपाल सिंह प्रेमी को महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से संबंधित मामलों की सुनवाई का दायित्व सौंपा गया है। परमेश्वर प्रसाद को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पडरौना नियुक्त किया गया है। कन्नौज में हरेंद्र नाथ को फास्ट ट्रैक कोर्ट में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सुनवाई सौंपी गई है। अजय कुमार श्रीवास्तव (चतुर्थ) को मऊ में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के मामलों की सुनवाई हेतु विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

## 24 घंटे में लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना धूमनगंज पुलिस ने लूट की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए 24 घंटे के भीतर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित भारतीया और दीपक कुमार वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट की पीली धातु की चेन, एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त हीरो मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर नेहरू पार्क के पास से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) एवं 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## न्यायालय के वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर क्षेत्र के थाना मेजा पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के तहत एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुड्डू सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी वैश्य की डुहिया, थाना मेजा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार एसीजेएम न्यायालय कक्ष संख्या-10 प्रयागराज द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में रविवार को अभियुक्त को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी, तोड़फोड़ एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुमित त्रिपाठी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## कोरांव पुलिस ने चोरी का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कोरांव पुलिस ने चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मोटर पंप तथा घटना में प्रयुक्त ऑटो वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार वादी धनपत राम की तहरीर पर मोटर पंप चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान रविवार को नहर पटरी पुलिया के पास से अभियुक्त लालबहादुर यादव और दीवान उर्फ दसौवर अली को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार की। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आईजीआरएस प्रकरणों को लेकर एडीसीपी ने की समीक्षा गोष्ठी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. अजय पाल शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित त्रिवेणी सभागार में आईजीआरएस प्रणाली को लेकर समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में शासन द्वारा जारी मूल्यांकन रिपोर्ट, जनसुनवाई, प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा अब तक प्राप्त फीडबैक की समीक्षा की गई। एडीसीपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शासन की महत्वपूर्ण प्रणाली है, जिसमें लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। गोष्ठी में सहायक पुलिस आयुक्त आईजीआरएस सहित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे पर जानलेवा हमला, पुलिस जांच में जुटी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कौशांबी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा नेता राजेश कुशवाहा के बेटे अमित कुशवाहा पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना धूमनगंज थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पीड़ित के अनुसार वह एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था, जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद उस पर लोहे की रॉड, पत्थर और बंदूक की बट से हमला किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। अमित कुशवाहा ने धूमनगंज थाने में तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

## हाईकोर्ट से भानवी को राहत, राजा भैया और साली को नोटिस

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ मानहानि के आपराधिक मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति सौरभ लावनिया की पीठ ने राजा भैया और उनकी साली साध्वी सिंह को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है, जिसमें बहनों के बीच संपत्ति और मानहानि को लेकर विवाद चल रहा है। कोर्ट ने कहा कि मामले की प्रकृति को देखते हुए इस पर विचार आवश्यक है।


## कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बनेगा स्टार्टअप ग्रोथ का नया इंजन

**लखनऊ।** कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद यह मार्ग स्टार्टअप विकास का प्रमुख इंजन बनने जा रहा है। एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद लखनऊ नवाचार और उद्यमिता के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी और तेज आवागमन से यह पूरा क्षेत्र स्टार्टअप गतिविधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्रोग्रेसिव फ़ेडरेशन ऑफ़ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन, दीपक मैनी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, उससे स्टार्टअप और नवाचार को नयी दिशा मिलेगी। एक्सप्रेस-वे बनने के बाद कानपुर और लखनऊ के बीच यात्रा समय दो घंटे से घटकर कुछ मिनटों तक सीमित हो जायेगा। इससे स्टार्टअप्स के लिए बिजनेस मीटिंग, सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पहले से कहीं अधिक सुगम होंगे। यह मार्ग एक संभावित आर्थिक कॉरिडोर के रूप में उभरेगा जो उद्योग शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद आईआईटी कानपुर और लखनऊ के प्रमुख शैक्षणिक और प्रबंधन संस्थानों के बीच सहयोग और मजबूत होने की संभावना है। डीप टेक आईओटी और उन्नत तकनीक आधारित स्टार्टअप्स के लिए संयुक्त कार्यक्रमों को गति मिलेगी। इससे नए उद्यमियों को मेंटरशिप निवेश और तकनीकी संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के आसपास मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स आधारित क्लस्टर्स विकसित किए जाने की योजना है। भविष्य में इस क्षेत्र में आईटी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र और औद्योगिक नोड्स स्थापित होंगे। इससे टेक मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में स्टार्टअप्स को तेजी से विस्तार का अवसर मिलेगा। योगी सरकार की इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्रित नीतियों के चलते एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद निवेशकों का भरोसा और मजबूत होने की संभावना है। लखनऊ को उत्तर भारत के एक प्रमुख स्टार्टअप डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में स्टार्टअप्स और उच्च वेतन वाली नौकरियों के सृजन को गति मिलेगी।

# वाराणसी सिटीऽसारनाथ के बीच समपार 23-ए पर बना रोड ओवरब्रिज, यातायात हुआ सुगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे पर संरक्षित रेल परिचालन एवं सड़क यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से रेल समपारों को योजनाबद्ध ढंग से समाप्त किया जा रहा है। इसी क्रम में वाराणसीऽऔंड़िहार खंड पर वाराणसी सिटी एवं सारनाथ रेलवे स्टेशनों के बीच समपार संख्या 23-ए पर सड़क उपरिगामी पुल (आरओबी) का निर्माण कार्य पूर्ण कर इसे सड़क यातायात के लिए खोल दिया गया है। राज्य एवं केंद्र सरकार की सहभागिता से निर्मित इस पुल से वाराणसी नगरवासियों को बड़ी राहत मिली है। समपार संख्या 23-ए का उपयोग वाराणसी से गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, सोनौली, कुशीनगर सहित अन्य नगरों की ओर आने-जाने वाले सड़क वाहनों द्वारा किया जाता है। वहीं छपरा, बलिया, गाजीपुर, मऊ, देवरिया, गोरखपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, लखनऊ, प्रयागराज एवं मुंबई जाने वाली अनेक ट्रेनें भी इसी मार्ग से गुजरती हैं। अत्यधिक रेल परिचालन के कारण पहले यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इस परियोजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 45.40 मीटर लंबा धनुषाकार सड़क उपरिगामी पुल बनाया गया है। साथ ही छोटे वाहनों के आवागमन के लिए 2.50 मीटर ऊंचाई का अंडरपास भी निर्मित किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को सीधी सुविधा मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि इस रोड ओवरब्रिज का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। पुल के निर्माण से जहां सड़क यातायात अब निर्बाध और सुविधाजनक हो गया है, वहीं ट्रेनों का संरक्षित परिचालन सुनिश्चित होने के साथ रेल एवं सड़क यात्रियों की सुरक्षा भी सुदृढ़ हुई है।

# होनहार परीक्षा में तीन सौ छात्रों ने लिया भाग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। होनहार पुरस्कार प्रतियोगिता परीक्षा 2025 कोराव में आयोजित की गई, जिसमें गोस्वामी तुलसीदास कृषक इंटर कॉलेज और शारदा कन्वेंट स्कूल में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप तिवारी ने बच्चों को परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं से बच्चों में निखार आता है। आयोजक अशोक कुमार शुक्ला ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। परीक्षा में तीन ग्रुप में आयोजन किया गया - प्राइमरी ग्रुप, जूनियर ग्रुप और सीनियर ग्रुप। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को अगले हफ्ते पुरस्कृत किया जाएगा।

# कमांडेंट होमगार्ड ने माघ मेला क्षेत्र में किया भूमि पूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। आगामी माघ मेला-2026 को सकुशल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से होमगार्ड विभाग द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में रविवार को जिला कमांडेंट होमगार्ड रंजीत कुमार सिंह ने माघ मेला परेड क्षेत्र में विधिवत भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर जिला कमांडेंट ने बताया कि माघ मेला के दौरान तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा, सहायता और सुचारु व्यवस्था के लिए प्रयागराज, मिर्ज़ापुर एवं अयोध्या मंडल से होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 1250 होमगार्ड स्वयंसेवक मेला क्षेत्र में तैनात किए जाएंगे, जो कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

भूमि पूजन कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और मेला को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव/रोड शो का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव/रोड शो के द्वितीय दिवस का आयोजन जिला पंचायत परिसर में किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि संयुक्त कृषि निदेशक, प्रयागराज मण्डल, संतोष कुमार राय रहे। कार्यक्रम का स्वागत उप कृषि निदेशक, प्रयागराज पवन कुमार विश्वकर्मा द्वारा बुके भेंट कर किया गया।

संयुक्त कृषि निदेशक संतोष कुमार राय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा अन्न (मिलेट्स) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए देशभर में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो आदि मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं और आयुर्वेदिक औषधि के समान कार्य करते हैं। मिलेट्स महोत्सव एवं रोड शो के माध्यम से आमजन में इनके महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।



उप कृषि निदेशक प्रयागराज ने रोड शो के दौरान सभी प्रतिभागियों को अनुशासन में एक पंक्ति में चलने का आग्रह किया, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ दो दिवसीय महोत्सव का समापन किया गया। द्वितीय दिवस पर मिलेट्स वैन रोड शो का शुभारम्भ जिला पंचायत सभागार से अपराह्न 1:00 बजे किया गया। यह रोड शो सुभाष चौराहा, सिविल लाइन होते हुए मुण्डेरा मंडी परिसर तक पहुंचा। रोड शो को संयुक्त कृषि निदेशक संतोष कुमार राय एवं पूर्व उप कृषि निदेशक चन्दौली विजय सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक (कृषि रक्षा) शिप्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी एवं अपर जिला कृषि अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सहित कृषि विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिला एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# पंकज चौधरी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रविवार केंद्रीय मंत्री एवं सांसद पंकज चौधरी को लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम के सफल आयोजन में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया।मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने की आधिकारिक घोषणा के उपरांत भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, मजीरों के साथ राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय परिसर में हर्षोल्लासपूर्वक जश्न मनाया।प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ अपनी खुशी का इज़हार किया और नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर नीरज सिंह और आनंद द्विवेदी ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष से भेंट करके पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट करके स्वागत अभिनंदन किया और बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। नीरज सिंह ने कहा कि पंकज चौधरी अत्यंत वरिष्ठ और अनुभवी राजनेता है।उनके नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी उत्तर प्रदेश में बड़ी जीत हासिल करेगी। आनंद द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सात बार से सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री पार्टी के अत्यंत वरिष्ठ अनुभवी पंकज चौधरी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगी तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को नई गति प्रदान करेंगे।

# सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रविवार जनपद में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय में किया गया। अभियान का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने तीन माह की बच्ची को पोलियोरोधी दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक समय था जब पोलियो देश के लिए एक गंभीर चुनौती था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों, समुदाय, सहयोगी संस्थाओं तथा प्रभावी रणनीतियों के माध्यम से इसका उन्मूलन संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर वर्ष सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है और सभी की सहभागिता से ही इसे पूर्ण सफलता मिलती है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में शून्य से पाँच वर्ष आयु वर्ग के कुल 7.03 लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सघन पल्स पोलियो अभियान 14 से 22 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के पहले दिन रविवार को सरकारी विद्यालयों, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर कुल 2783 बूथों के माध्यम से बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं टैम्पो स्टैंड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर भी ट्रांजिट बूथ लगाए गए हैं, जिससे कि अधिक से अधिक बच्चों को एक साथ पोलियो की खुराक दी जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 15 से 19 दिसंबर तक 2204 टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाएंगी। अभियान के लिए 136 मोबाइल टीमें, 226 ट्रांजिट टीमें तथा लगभग 7,000 वैक्सीनेटरों की तैनाती की गई है। जो बच्चे 14 से 19 दिसंबर के मध्य पोलियो की खुराक लेने से छूट जाएंगे, उन्हें 22 दिसंबर को मॉप-अप राउंड के माध्यम से दवा पिलाई जाएगी।उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान ईंट भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों, घुमंतू परिवारों एवं निर्माण कार्य में लगे परिवारों के बच्चों को भी पोलियो रोधी दवा पिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सोते हुए बच्चे को पोलियो रोधी दवा न पिलाएं, बल्कि उसे जगाकर ही दवा पिलवाएं। साथ ही समय से नियमित टीकाकरण कराना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चे ने पोलियो रोधी खुराक का सेवन किया है, दवा पिलाने के बाद बच्चे के दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही का निशान अवश्य लगवाएं। स्याही का निशान न होने पर यह माना जाएगा कि बच्चे ने दवा नहीं पी है और उसे पुनः दवा पिलाई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सलमान वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 41 जोड़े बंधेंगे विवाह बंधन में

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गोसाईगंज विकासखंड के अलग-अलग गांव के कुल 41 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। विवाह स्थल होगा जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मोहान रोड। सभी जोड़ों को 15 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे विवाह स्थल पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया है। हालांकि पहले ही एडीओ समाज कल्याण द्वारा कई स्तर पर सत्यापन कर लिया गया था। गोसाईगंज ब्लॉक के बीडीओ राजेश बहादुर सिंह व एडीओ समाज कल्याण रिद्धिम द्विवेदी ने रविवार को भी घर-घर जाकर पात्र जोड़ों का सत्यापन किया और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। पहाड़नगर टिकरिया गांव में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह भी 3 जोड़ों के घर घर गए। बक्कास, बजगिहा, सेल्हुमऊ सहित कई गांव में अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। अब इस योजना के तहत धनराशि बढ़ गई है। ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल ने बताया कि पहले 51000 की धनराशि थी जो अब बढ़कर 1 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यह एक बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है। ?60000 कन्या के खाते में सरकार द्वारा भेजे जाते हैं जबकि ?25000 में उपहार आदि दिया जाता है। भोजन व व्यवस्था के लिए भी ?15000 का बजट रखा गया है। बीडीओ द्वारा कार्यक्रम स्थल पर ब्लॉक कर्मियों की ड्यूटी पहले ही लगाई जा चुकी है। सभी अतिथियों को आमंत्रण पत्र भेज कर आमंत्रित किया गया है।

## बच्चों ने धूमधाम से मनाया ग्रैंड पैरेंट्स डे



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल शाखा के विशाल प्रांगण में ग्रैंड पैरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों का स्वागत नाना-नानी, दादा-दादी को तिलक लगाकर पुष्प भेंट करके किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में दादा-दादी और नाना-नानी के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें मटर छीलो प्रतियोगिता '' कौन बनेगा मटर महारथी '' काफी मजेदार रहा। इसके अलावा बच्चों ने पारम्परिक नृत्य गीत भूली बिसरी यादें, नृत्य नाटिका '' परिवार '' प्यार के रिश्ते तथा पोशमपा भई पोशमपा आदि अनेक प्रस्तुतियॉ दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को दादा-दादी व नाना- नानी के अनुभवों, संस्कारों एवं उनके अमूल्य योगदान से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यालय के सह निदेशक सृजन अग्रवाल मौजूद रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रैंड पेरेंट्स सिखाते है धैर्य, संस्कार और जीवन जीने का सही अर्थ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अमिता सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी पल्लवी उपाध्याय के अलावा काफी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक गण मौजूद रहे।

## फैजुल्लागंज में निकाली गई श्रीराम दरबार संकीर्तन यात्रा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फैजुल्लागंज में भक्ति मय वातावरण में एक हजार से अधिक लोगों ने श्रीराम दरबार संकीर्तन यात्रा निकाली। घैला रोड के महावीर लान में आचार्य शिवेंद्र मिश्र व आचार्य उज्जवल दीक्षित के द्वारा मंत्रोंच्चार के साथ समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता व लखनऊ उत्तर की प्रभारी पूजा शुक्ला ने ममता त्रिपाठी के साथ विधिवत श्रीराम दरबार का पूजन किया, जुड़वा मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर होते हुए परागी मंदिर तक एक हजार से अधिक लोगों ने संकीर्तन यात्रा निकाली। संकीर्तन यात्रा के दौरान अखिलेश अवस्थी, दलजीत कौर, वर्षा शुक्ला ने राम तेरे भी है राम मेरे भी हैं, राम हम सब की सांसों की माला में है भजन गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डिको लखनऊ अंतर विद्यालय का तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया गया। पहला मैच डीपीएस एल्डिको ए बनाम एलपीएस साउथ सिटी के बीच हुआ, जिसमें एलपीएस ने 1-0 से जीत हासिल की। दूसरा मैच एलन हाउस बनाम पुलिस मॉडर्न के बीच हुआ, जिसमें पुलिस मॉडर्न ने 2-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच श्री चैतन्य बनाम अल्मगेस्टी के बीच हुआ, जिसमें श्री चैतन्य ने 2-0 से जीत हासिल की। चौथा मैच सीएमएस गोमतीनगर बनाम सीएमएस चौक के बीच हुआ, जिसमें सीएमएस गोमतीनगर ने जीत दर्ज की। 4-3, पांचवां मैच एलएमसी बनाम डीएसपी बी एल्डिको, जिसमें एलएमसी ने 1-0 से जीत हासिल की, छठा मैच पुलिस मॉडर्न बनाम चिरंजीव भारती, जिसमें चिरंजीव भारती ने 1-0 से जीत दर्ज की। रविवार को अतिथि डॉ. गोपाल कृष्ण शुक्ला, मुख्य प्राथमिक अधिकारी, अमेठी रहे।

## पुलिस ने बाल अपचारी के साथ एक शातिर अभियुक्त को दबोचा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जानकीपुरम मे बल पूर्वक लूट की घटना को अंजाम दिए जाने का मामला आया था जिसमे वादी द्वारा बताया गया कि उनकी कार को किसी अज्ञात द्वारा बल पूर्वक लूटा गया है जिस मामले की पड़ताल मे जुटी जानकीपुरम पुलिस और सर्विलांस सेल पूर्वी ने उस लूट का खुलासा करते हुए कार तो बरामद कर ही ली साथ ही लूट की घटना को अंजाम देने वाले शातिर लुटेरे को भी अपनी गिरफ्त मे ले लिया है।अभियुक्त का नाम अमन अवस्थी उर्फ़ पियूष अवस्थी बताया जा रहा अभियुक्त पर दर्ज मुकदमे के आधार पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है साथ ही साथी बाल अपचारी को पुलिस सुधार गृह मे भेज दिया गया है।

पुरानी रंजिश में दबंगों का परिवार पर जानलेवा हमला, महिला समेत कई घायल

निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के नटौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि लाठी-डंडों, लोहे की रॉड व कुल्हाड़ी से लैस चार हमलावर घर में घुस आए और पीड़ित व उसके परिवार के सदस्यों को बेरहमी से पीटा, जिसमें महिला समेत कई लोग घायल हो गए। पीड़ित रामनयन की तहरीर पर पुलिस ने उमेश, कल्लू, आशु और सुशील के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। हमलावरों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। घायलों का इलाज चल रहा है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की तलाश कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## अमेठी में आयुष्मान कार्ड शिविर दूसरा हफ्ता, उमड़ी भारी भीड़

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आयुष्मान भारत योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए नमल हेल्थ केयर अमेठी और मेडी हेल्थ हॉस्पिटल अर्जुनगंज ने संयुक्त रूप से दूसरा साप्ताहिक शिविर आयोजित किया। भारी भीड़ उमड़ने से उत्साह का माहौल रहा। इस शिविर में 50 नए आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, 70 लोगों का केवाईसी अपडेट हुआ तथा 30 अतिरिक्त सदस्य जोड़े गए। योजना के तहत पात्र परिवारों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित होगा। नमल हेल्थ केयर के संचालक डॉ. मोहम्मद फारूक ने बताया, ''यह निरंतर प्रयास स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करेगा। हर रविवार दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक शिविर चलेगा। विशेषकर 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के लिए प्रक्रिया सरल है—केवल आधार कार्ड से कार्ड बन जाएगा।'' उन्होंने जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि केवाईसी अपडेट न होने से लाभ से वंचित रहने का खतरा रहता है।

# उप्र में स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से खुली लूट : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता से स्मार्ट मीटर के नाम पर खुली लूट की जा रही है। लखनऊ स्थित पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि सरकार का यह आदेश न केवल जनविरोधी है बल्कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 55 का खुला उल्लंघन भी है, जिसमें उपभोक्ता की सहमति के बिना किसी घर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर रोक है। लेकिन आम आदमी पार्टी स्मार्ट मीटर के नाम पर सरकार के इस तुगलकी फरमान का पुरजोर विरोध करती है और सड़क से संसद और जरूरत पड़ी तो न्यायालय तक इस लड़ाई को लड़ने का काम करेगी। संजय सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर लाखों उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। 2018 में जब 2जी स्मार्ट मीटर लगाए गए थे, तब भी लोगों ने विरोध किया था क्योंकि ये मीटर 15 से 20 प्रतिशत तेज़ चलते हैं। यानी अगर किसी उपभोक्ता का बिजली बिल 2000 रूपये आता है, तो स्मार्ट मीटर के बाद उसे 2400S2500 रुपये तक देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जनता में इस मुद्दे पर गुस्सा, आक्रोश और नाराज़गी चरम पर है। आप सांसद ने कहा कि 2018 में 2जी स्मार्ट मीटर लगाने का आठ साल का कॉन्ट्रैक्ट किया गया था, जिसके तहत लगभग 12 लाख घरों में मीटर लगाए गए और 40 लाख घरों में लगाने का लक्ष्य था। लेकिन अब अचानक बिजली विभाग ने एक तुग़लकी फरमान जारी कर दिया है कि अब 2जी मीटर हटाकर 4जी मीटर लगाए जाएंगे। संजय सिंह ने कहा, ्सरकार यह बताए कि जब 4जी मीटर ही लगाने थे, तो 2018 में 2जी मीटर क्यों लगाए गए। आखिर 959 करोड़ रुपये जनता की गाढ़ी कमाई का हिसाब कौन देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने टेंडर 8415 रुपये प्रति मीटर के हिसाब से किया, जबकि मीटर 6016 रुपये में लगाए जा रहे हैं – यानी घोटाला साफ़ है और जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा, यह सरकार अपनी मनमर्जी से जनता को लूटने का काम कर रही है। 959 करोड़ रुपये का हिसाब कौन देगा, यह जनता जानना चाहती है। आप सांसद ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर प्रणाली आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ा संकट बनने जा रही है। जैसे ही मीटर में रिचार्ज की राशि खत्म होगी, बिजली तुरंत कट जाएगी। उन्होंने कहा, भीषण गर्मी में जब बच्चे रो रहे होंगे, बुज़ुर्ग परेशान होंगे, तब भी बिजली बंद हो जाएगी क्योंकि सरकार ने प्रीपेड सिस्टम थोप दिया है। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी स्मार्ट मीटर घोटाले के खिलाफ सड़क से लेकर संसद और ज़रूरत पड़ने पर न्यायालय तक लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत 959 करोड़ रुपये के इस घोटाले की जांच कराए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करे। यदि सरकार ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की, तो आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करेगी।

# एथराइज़ चैंपियनशिप का समापन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एथराइज़ चैंपियनशिप 2025 का शानदार प्रदर्शन के साथ भव्य समापन हुआ। एथलेटिक्स, बैडमिंटन और शतरंज प्रतियोगिताओं के माध्यम से इस चैंपियनशिप में 235 स्कूलों के 3,500 छात्र-खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिससे यह लखनऊ में अब तक आयोजित सबसे बड़े स्कूल खेल आयोजनों में से एक बन गया। बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित अंतिम दिन बैडमिंटन के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के साथ साथ शतरंज के निर्णायक अंतिम राउंड खेले गए, जिन्होंने दर्शकों को अंत तक रोमांचित बनाए रखा। कुल पदक तालिका में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीएमएस अलीगंज कैंपस-1 ने प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉप परफॉर्मिंग स्कूल का खिताब अपने नाम किया। सीएमएस गोमती नगर कैंपस-1 ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेज, गोमती नगर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर शहर के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं खेलों में उल्लेखनीय सहभागिता और छात्रों की व्यापक भागीदारी के लिए लार्जेस्ट कंटिंजेंट अवॉर्ड से सीएमएस गोमती नगर कैंपस-1 को सम्मानित किया गया। अग्रिमा भटनागर को बेस्ट परफॉर्मर अवॉर्ड(महिला) से सम्मानित किया गया, वहीं विदित जायसवाल को बेस्ट परफॉर्मर अवॉर्ड(पुरुष) प्रदान किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंदरजीत सिंह, विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं निदेशक, नेडा उपस्थित रहे।

# 1090 चौराहे पर स्टंट बाजी करने वाला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक कार की छत पर चढ़कर रील बनाने और रौबदार डायलॉग बोलने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं।

थाना प्रभारी रत्नेश चंद्र ने रविवार को बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक कार की छत पर चढ़कर रील बना रहा हैं। मामले में गौतमपल्ली थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी थी। 1090 चौराहे पर जियामऊ चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बीतीरात चेकिंग के दौरान एक कार सवार को रोककर तलाशी ली। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। बाद में पता चला कि वायरल वीडियो में जो युवक दिख रहा है वो रहीमाबाद के नत्थूखेड़ा निवासी दिलीप रावत हैं। पूछताछ के दौरान आरोपित युवक पुलिस से उलझ गया। वायरल वीडियो के संबंध में सवाल किए जाने और वाहन के कागजात मांगने पर उसने दस्तावेज दिखाने से इंकार करते हुए बहस करने लगा। पुलिस का कहना है कि आरोपित ने माहौल बिगाड़ने और लोक शांति भंग करने की कोशिश की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संज्ञेय अपराध की आशंका जताते हुए आरोपित के खिलाफ चालान कर न्यायालय में पेश किया गया। लखनऊ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर स्टंट, रैश ड्राइविंग और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता के लिए खतरनाक गतिविधियों से दूर रहें और कानून का पालन करें।

## एआईएमआईएम का दमदार नुक्कड़ सभा, 2027 की तैयारी का ऐलान

# बीजेपी और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सहादतगंज लखनऊ। विधानसभा पश्चिम क्षेत्र में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के कार्यकर्ताओं द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस सभा के माध्यम से पार्टी ने साफ संकेत दे दिया कि 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर मजलिस पूरी ताकत और तैयारी के साथ मैदान में उतरने के मूड में है।

नुक्कड़ सभा में प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत, उत्तर प्रदेश केंद्रीय अध्यक्ष शेख ताहिर सिद्दीकी, केंद्रीय उपाध्यक्ष निजाम गाजी, लखनऊ जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता हाशिम सिद्दीकी,महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हसीना हाशमी, मीडिया सेल प्रभारी अंसार, सलमान मलिक साहब और राष्ट्रीय प्रवक्ता शोएब जमाई, सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए स्थानीय जनता से मजलिस से जुड़ने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुसलमानों के साथ लगातार अन्याय और भेदभाव हो रहा है, लेकिन सरकार आंख मूंदे बैठी है। उन्होंने मौजूदा सरकार को आईना दिखाने के अंदाज में कहा कि राजनीतिक मुद्दों पर खुलेआम दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। हाजी शौकत ने समाजवादी पार्टी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने लखनऊ पश्चिम विधानसभा की बदहाल स्थिति के लिए मौजूदा विधायक अरमान खान को जिम्मेदार ठहराया। शौकत ने कहा मुसलमानों ने सबसे ज्यादा वोट समाजवादी पार्टी को दिया।विधायक जिताए, लेकिन जब सवाल हक और इंसाफ का आता है तो कहा जाता है कि बीजेपी से जाकर मांगो। जब हमने वोट अखिलेश यादव को दिया है। तो अपना हक भी हम उनसे ही मांगेंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि आज तक किसी भी मुस्लिम पर अत्याचार या अन्याय के मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक या उसके शीर्ष नेतृत्व ने खुलकर आवाज क्यों नहीं उठाई। शौकत ने कहा कि इसके उलट एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी संसद में न सिर्फ मुसलमानों बल्कि दलितों और दबे-कुचले वर्गों की आवाज बनकर मजबूती से मुद्दे उठाते हैं।

# पुरहिया और त्रिवेदीगंज वॉरियर्स की शानदार जीत

### नवीन मिश्रा द्वारा मैन ऑफ द मैच जीतने वाली टीम को दिया जा रहा नगद पुरस्कार, दर्शकों में दिखा जबरदस्त उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहां, लखनऊ। निगोहां के एसएनटी ग्राउंड में चल रहे निगोहां प्रीमियर लीग (एनपीएल) सीजन-2 के तीसरे दिन भी रोमांच अपने चरम पर रहा। टूर्नामेंट के तहत खेले गए दोनों लीग मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें पुरहिया और त्रिवेदीगंज वॉरियर्स की टीमों ने प्रभावशाली जीत दर्ज की । कार्यक्रम के आयोजक शैलेंद्र सिंह दीपू ने बताया कि दिन का पहला मुकाबला एजुकेशन हब बनाम पुरहिया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एजुकेशन हब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पुरहिया की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 174 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एजुकेशन हब की टीम दबाव में नजर आई और 13.1 ओवर में मात्र 158 रन पर सिमट गई। इस तरह पुरहिया की टीम ने शानदार जीत अपने नाम की। दूसरा महा मुकाबला त्रिवेदीगंज वॉरियर्स और कल्ली ब्रदर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर त्रिवेदीगंज वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 15 ओवर में 157 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में कल्ली ब्रदर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 11.5 ओवर में 96 रन पर ऑलआउट हो गई, जिससे त्रिवेदीगंज वॉरियर्स ने एकतरफा जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के तीसरे दिन भी जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का आवागमन लगातार बना रहा। मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल करने वाले खिलाड़ियों और विजेता टीमों को भावी जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा की ओर से नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा रहा है ।

# बच्चों में संस्कार डालना अभिभावकों की जिम्मेदारी : स्वाती सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पूर्व मंत्री एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्वाती सिंह ने कहा कि बच्चों में संस्कार डालना सबसे पहले अभिभावकों का दायित्व है। बच्चे मिट्टी के घड़े की तरह होते हैं, जिन्हें ढालने का काम परिवार करता है और विद्यालय में गुरु उन्हें संवारते हैं। यदि कोई यह कहता है कि उसका बच्चा संस्कारवान नहीं है, तो यह वास्तव में अभिभावक की कमी को दर्शाता है।वे आज एसआरएम कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि हर बच्चा संस्कारवान होता है, जरूरत इस बात की है कि अभिभावक और शिक्षक उसकी मानसिकता को समझें और उसी के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए उसे प्रेरित करें। स्वाती सिंह ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि यहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राज कुमार राय तथा शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार ने कहा कि समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। गुरु बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उन्हें संस्कारवान बनाकर समाज को समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू सिंह एवं समस्त स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

# बिसवां नगर पालिका परिषद में दो घंटे चला डीएम का निरीक्षण, खामियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने रविवार को बिसवां नगर पालिका परिषद का लगभग दो घंटे तक गहन निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न पटलों की जांच की गई। निरीक्षण के समय नगर पालिका कार्यालय के नीचे फरियादियों की भारी भीड़ शिकायतें लेकर मौजूद रही।

जिलाधिकारी ने हनुमत रामेश्वर दयाल इंटर कॉलेज के बगल में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया, जहां इंटरलॉकिंग के नीचे बजरी गायब पाई गई। इस पर डीएम ने संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए इंटरलॉकिंग को दोबारा मानक के अनुसार बनवाने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम का काफिला मंसाराम मंदिर परिसर पहुंचा, जहां पड़ी पाइपलाइन को खुदवाकर मौके पर निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात आसरा कॉलोनी, अमरनगर के समीप बने नाले का भी गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने नगर की विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साल की बच्ची से अश्लील हरकतें, हिंदू संगठन ने काटा हंगामा, रिपोर्ट दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र में एक 07 साल की बच्ची से अश्लील हरकतें की गई। जानकारी मिलने पर बच्ची के मामा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके बाद हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने कोतवाली में हंगामा काटा। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

थाना कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 07 साल की भांजी मोहल्ला बाबूजई स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती है। जब भांजी इंटरवल में स्कूल से घर आती है, तो रास्ते में बाबूजई मस्जिद के पास पान के खोखा वाला अख्तर पुत्र वजीर उसकी भांजी को लालच देकर अपने पास बुलाता है और उसकी भांजी से अश्लील हरकतें करता है। यही नहीं, छुट्टी होने पर भांजी का पीछा करता है। उसकी हरकतों को भांजी ने कई बार बताया,



लेकिन उसने नजर अंदाज कर दिया। बीती 12 दिसम्बर को करीब 12 बजे स्कूल से घर आते समय अख्तर ने भांजी का पीछा किया, भांजी रोते हुए भागकर घर आई और मां को पूरी बात बताई, मां शिकायती पत्र लेकर थाना कोतवाली पहुंची, लेकिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि अख्तर के खोखा पर गुंडे किस्म के लोग खड़े रहते हैं, जो रोड से निकलने वाली हिंदू महिलाओं और लड़कियों पर फब्तियां कसते हैं। इससे लोगों का रोड से निकलना मुश्किल है। बताया कि पुलिस को तहरीर दी, लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उसके हौसले बुलंद हैं और वो समझौते का दबाव बना रहा है, समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। वहीं, जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के पदाधिकारी राजेश अवस्थी अपने साथियों के कोतवाली पहुंचे और जमकर हंगामा काटा। जिसके पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान अग्निवेश गुप्ता, गोविन्द मिश्रा, दीपक सिंह उर्फ मोनू ठाकुर, सोनू गुप्ता, दीप ठंडाई, राहुल मिश्रा आदि कई लोग मौजूद रहे।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम पर कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम विषय पर एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका संचालन विद्यालय के शिक्षक वहीद अहमद, आलोक शर्मा, तुषार अग्निहोत्री, प्रियंका सुहाग, शिवम शुक्ला एवं गोविंद मिश्रा ने किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को किशोरावस्था के दौरान आने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक जीवन कौशल और सही जानकारी प्रदान करना है। यह कार्यक्रम एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय तथा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। कार्यशाला में जीवन कौशल विकास के अंतर्गत आत्म-जागरूकता, प्रभावी संचार, निर्णय क्षमता, आलोचनात्मक सोच एवं तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य शिक्षा के अंतर्गत प्रजनन स्वास्थ्य, एचआईवीध्एड्स तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग से संबंधित आयु-उपयुक्त एवं वैज्ञानिक जानकारी दी



गई। सामाजिक एवं भावनात्मक विकास सत्र में लैंगिक समानता, रूढ़िवादिता से निपटना, आत्म-सम्मान एवं स्वस्थ रिश्तों को समझने पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। साथ ही युवाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने की बात कही गई। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने किशोरावस्था में होने वाली समस्याओं के कारण, लक्षण एवं निवारण को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। कार्यशाला में विद्यालय के निदेशक अरुण खंडेलवाल ने प्रशिक्षक शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की जानकारी को कक्षा शिक्षण में अवश्य शामिल किया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को सही दिशा मिल सके। वहीं प्रधानाचार्य श्री प्रखर खंडेलवाल ने कहा कि आज के किशोरों का अधिकांश समय मोबाइल और इंटरनेट पर व्यतीत हो रहा है, ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे तकनीक के सकारात्मक उपयोग के लिए छात्रों का मार्गदर्शन करें तथा किशोरावस्था में आवश्यक यौन शिक्षा देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 6 से 8 की समन्वयक निधि मल्होत्रा द्वारा किया गया। कार्यशाला में विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्या पलक नील, उप प्रधानाचार्य केसी जोशी, समन्वयक शैलेंद्र सिंह चैहान, हेमंत अनेजा, बोस्की गुप्ता, फरहाना खान सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सक्रिय सहयोग रहा।

# खेती किसानी, बागवानी, पशुपालन एवं प्रतिकूल मौसम से बचाव हेतु किसानों को सलाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता


सीतापुर। दिसंबर के मध्य से जनवरी के अंत तक पाला (जब तापमान शून्य 0ए से नीचे गिरता है) और तीव्र शीतलहर की स्थिति में रबी की महत्वपूर्ण फसलों जैसे गेहूं, जौ, आलू, सरसों, मटर, टमाटर, फूलगोभी, बैंगन, मिर्च और कद्दू वर्गीय सब्जियों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पाले से पौधे की कोशिकाओं में बर्फ जम जाती है, जिससे कोशिका भित्ति फट जाती है और पौधा झुलस कर मर जाता है कृषि कार्य हेतु सामान्य सुझाव खेत को खरपतवारों से मुक्त रखें। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार पोषक तत्वों का प्रयोग करें। संतुलित उर्वरक दें। सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रयोग अवश्य करें। नाइट्रोजन (ग) का अत्यधिक प्रयोग करने से बचें, क्योंकि यह पौधे को ठंड के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। कीट रोग के नियंत्रण हेतु खेतों की नियमित निगरानी करें। रस चूसक कीटों से बचाव हेतु पीला चिपचिपा पाश एवं नीला चिपचिपा पाश 25-30/ एकड सभी फसलों में लगाएं, पत्ती खाने वाले एवं फल बेधक कीटों से बचाव हेतु फीरोमोन ट्रैप व सोलर लाइट ट्रैप लगाए। कीट नियंत्रण हेतु नीम या करजं के तेल का छिड़काव 2 मिलीली/ली पानी के हिसाब से करें। जैव उर्वरकों का प्रयोग को प्राथमिकता दें। बायो एन पी के का प्रयोग अवश्य करें। खेत में फसल अवशेषों को न जलांए। फसलों की जड़ों के पास पुआल, सूखी घास, या पॉलीथीन शीट की एक मोटी परत (मल्च) बिछा दें। यह मिट्टी की गर्मी को बाहर निकलने से रोकती है और जड़ों को ठंड से बचाकर रखती है। गेहूं की पहली सिंचाई बुवाई के 21ऽ25 दिन पर व खरपतवार नियंत्रण करें ,खरपतवार नियंत्रण के लिए 2,4-क् क्लोडिनोफॉप, मेट्रीब्यूजीन जैसे शाकनाशी 2-3 पत्ती की अवस्था पर विशेषज्ञ की निगरानी में ही उपयोग किए जाएँ। देर से गेहूं की बुवाई हेतु गेहूं बीज प्रजाति एच डी 3298 का चयन कर सकते है जिंक सल्फ़ेट का उपयोग जड़ों के विकास को बल देता है सरसों में विरलीकरण का कार्य अवश्य करें, पर्णीय धब्बा की स्थित होने पर मेटालैक्सिल+मैकोंजेब का छिड़काव करें। सरसों मे सल्फर का प्रयोग अवश्य करें। चना व मसूर में फ्यूजेरियम विल्ट, अल्टरनेरिया ब्लाइट जैसी समस्याओं से बचाव हेतु कापर आक्सी क्लोराइड 2 ग्राम/ली पानी का एक सुरक्षात्मक छिड़काव करें । सब्जियों की फसलों में रस चूसक कीट से नियत्रंण हेतु पीला चिपचिपा पाश, कडीं की जली राख का बुरकाव व नीम के तेल का छिड़काव करें, अत्यधिक प्रकोप की स्थित मे इमिडाक्लोप्रिड 0.5 मिली/ली पानी का छिड़काव करें। रोग प्रबंधन हेतु सयूडोमोनास 5मिली/ली पानी, बैसिलस सबटिटलिस 5 मिली/ली पानी या कापर आक्सी क्लोराइड 2 ग्राम/ली पानी का छिड़काव करें। पशुपालन- ठंड से पशुओं को बचाना अति आवश्यक है पशुशाला को साफ सुथरा व चारो तरफ से ढककर रखें। जूट के बोरे से पशुओं को पहनाए व नीचे बैठने के स्थान पर शाम को पुवाल बिछाए। आहार में मिनरल मिक्सचर व गुड़ चना दें । दूध देने वाले पशुओं को सुबह शाम हल्की गुनगुनी पानी उपलब्ध कराएँ बागवानी-आम व अमरूद की पत्तियों मे काले फफूदं से बचाव हेतु कार्बेंडाजिम + मैकोंजेब फफूदनाशक 2 ग्राम/ली एवं इमिडाक्लोप्रिड 0.5 मिली/ली+ नीम का तेल 2मिली/ली का एक सप्ताह के अंतराल पर छिड़काव करें। केले की पत्तियों मे झुलसा (सिगाटोका) रोग से बचाव हेतु प्रोपीकोनाजोल 2 मिली/ली पानी का छिड़काव करें। नीबू की पत्तियों में सिट्रस कैंकर (भूरा धब्बा) से बचाव हेतु कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 45 ग्राम व स्ट्रेपटो माइसीन सल्फ़ेट 2 ग्राम को 15 ली पानी मे मिलाकर छिड़काव करें कोहरे एवं पाले से बचाव खेतो में हल्की नमी बनाए रखें। खेतों के किनारे रात्रि के समय नीम की सूखी पत्ती या सूखी घास का धुंआ करे। पाला पड़ने पर फव्वारा (स्प्रिंकलर) चलाकर लगातार पानी का छिड़काव करें। थायोयूरिया खुराकः 0.5 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।कार्यः कोहरे से होने वाले नुकसान के प्रति सुरक्षा प्रदान करता है घुलनशील सल्फर 2 से 2.5 ग्राम प्रति 1.5 से 2 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़। m पत्तियों का तापमान लगभग 2-2.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ा देता है। व्यावसायिक सल्फ्यूरिक एसिड m 0.1% घोल (10 मिलीलीटर 10 लीटर पानी में)। m पत्तियों का तापमान बढ़ाता है। (केवल विशेषज्ञ की देखरेख में अत्यंत सावधानी से प्रयोग करें।) पत्तियों में जीवाणु झुलसा रोग से बचाव हेतु कॉपर ऑक्सीक्लोराइड (एगए) 2 ग्राम/ली का छिड़काव करे । पोटेशियम नाइट्रेट (1%) या 1% पोटाश m पर्णीय छिड़काव करें। m कोशिका के घोल की सान्द्रता बढ़ाकर पाले के तनाव के प्रति पौधे की सहनशीलता को बढ़ाता है। मौसम की भविष्यवाणी पर लगातार नजर रखें। किसी भी रासायनिक छिड़काव की सही मात्रा और समय की जानकारी के लिए अपने स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों या कृषि विशेषज्ञ से परामर्श करें।

# मनरेगा योजना बनी भ्रष्टाचार का जरिया,राजेपारा पंचायत में खुलेआम फर्जी हाजिरी का खेल

**फोटो से महिलाएं नदारद फिर भी दर्ज हो रही हाजिरी मनरेगा में बड़ा खेल, राजेपारा पंचायत कटघरे में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राजेपारा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार यहां मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, नाम मात्र मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है, और जमकर फर्जी हाजरी दर्ज की जा रही है। कुछ तो ऐसे मजदूरों की हाजरी दर्ज की जा रही है जो मौके पर मजदूर मौजूद ही नहीं रहते हैं, लेकिन कागजों और पोर्टल पर उनकी पूरी हाजिरी दर्ज कर




सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। जबकि मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की गई फोटो में महिलाये कही दिखाई नही दे रही है, लेकिन पोर्टल पर हाजिरी दर्शाई जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब मौके पर महिलाएं काम ही नहीं कर रहीं, तो उनकी उपस्थिति किस आधार पर दर्ज की जा रही है? ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में फर्जी हाजिरी का यह खेल पूरी बेखौफी के साथ चल रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत स्तर के कर्मियों की मिलीभगत से गरीब मजदूरों के हक का पैसा डकारा जा रहा है। यह सीधे-सीधे मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना की मंशा पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सब कुछ खुलेआम दिखाई दे रहा है, तब भी यदि कोई कार्रवाई नहीं हो रही, तो यह सिस्टम की चुप्पी और संरक्षण की ओर इशारा करता है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो मनरेगा जैसी योजना भ्रष्टाचार का स्थायी अड्डा बनकर रह जाएगी।

ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में मौन तोड़कर कार्रवाई करता है या फिर इस फर्जीवाड़े पर पर्दा डालकर चुप्पी साध लेता है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों की जांच और दवाइये दी गईं, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी बनाये



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, सीतापुर। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आरोग्य मेले का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर आरोग्य मेले का आयोजन किया गया मछरेहटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा 97 मरीजों की जांच कर दवाईया वितरित की गई,इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माधवापुर में डॉ धुव लहरी के द्वारा 42 मरीजों जांच कर दवाईया दी, प्राथमिक स्वास्थ्य मिठौरा में मरीजों की जांच व दवाईया दी गईं, सीएचसी डॉ कमलेश कुमार ने बताया प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया गया इसके साथ आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया और आभा आईडी भी बनाई गई।

## ग्राम सुरक्षा समिति के साथ कि कई बैठक



मछरेहटा सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । रविवार को थाना परिसर में साइबर ठगी के बारे जानकारी थाना प्रभारी प्रभात गुप्त ने को दी थाना क्षेत्र के तिरपन पंचायतों के ग्राम समिति सदस्यों को बैठक की गई। प्रत्येक पंचायत स्तर एक महिला,एक पुरुष को जोड़ा जाएगा। थाना प्रभारी प्रभात गुप्त ने बताया साइबर ठगी होने जितनी जल्दी से जानकारी देगे उतनी ही शीघ्रता कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ मे ये भी बताया कि यदि कोई ऐसी व्यक्ति के साथ ऐसी घटना हो जाए तो आप उसकी हेल्प कर के 10 मिनट मे 1930 शिकायत दर्ज करा दे और तुरंत थाने को सूचना दे और बताया कि अपने फोन को चेक करते रहे कि कही वाट्सअप पर .इपद्म का कोई लिंक तो नहीं है अगर तो उसे तुरत डिलीट कर दे ।

## देर रात युवक को मारी गई गोली, मौत

सिधौली (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सदरापुर निवासी 25 वर्षीय राहुल यादव पुत्र सूर्य प्रकाश यादव की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब वह अपनी दूध की डेरी बंद कर घर लौट रहा था। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। तलाश के दौरान कोनवापुरवा के पास सड़क किनारे राहुल घायल अवस्था में पड़ा मिला। परिजन उसे सड़क दुर्घटना समझकर सिधौली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां सिटी स्कैन में गोली लगने की पुष्टि हुई। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। एडिशनल एसपी दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह ने कोतवाली पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सेक्स वर्कर्स की समस्याओं पर जिलाधिकारी गंभीर, जीवनशैली व आजीविका सुधार को समिति गठित

सीतापुर (ब्यूरो) कैनविज टाइम्स संवाददाता । शहर सीतापुर के मोहल्ला आलमनगर में कार्य कर रही सेक्स वर्कर के सम्बन्ध में प्रसारित एक रिपोर्ट के माध्यम से सेक्स वर्कर्स के जीवन की समस्याओं से अवगत कराने का प्रयास किया गया है। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने शहर सीतापुर में कार्य करने वाली सेक्स वर्कर्स की जीवनशैली में सुधार एवं उनकी आजीविका हेतु क्या उचित प्रयास किये जा सकते हैं, के सम्बन्ध में परामर्श हेतु ?उप जिलाधिकारी, सदर-सीतापुर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है जिसमें की गयी है, क्षेत्राधिकारी नगर सीतापुर, अग्रणी जिला प्रबन्धक सीतापुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद-सीतापुर एवं परियोजना अधिकारी डूडा सीतापुर को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि उक्त समिति इन सेक्स वर्कर्स समस्याओं को सुनकर इस पर गम्भीरता से जांच करके इनकी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उनके समाधान एवं इनकी आजीविका के सम्बन्ध में क्या उचित एवं सार्थक प्रयास किये जा सकते है, का उल्लेख करते हुए *उचित परामर्श के साथ 03 दिवस में आख्या* उनके समक्ष प्रस्तुत करेगी।

## राजस्थान का पोषाहार सकरन में बना आहार।

सकरन (सीतापुर ) । कैनविज टाइम्स संवाददाता विकास खण्ड सकरन में एक परचून की दुकान पर दूसरे प्रदेश का पोषाहार बिकता हुआ ग्रामीणों ने पकड़ा। विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत सांडा में स्थित फरीद किराना व जैद किराना स्टोर पर गैर प्रान्त राजस्थान का पोषाहार जिस पर समेकित बाल विकास सेवाएं पोषाहार मीठा नमकीन लिखा था बेचा जा रहा था गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने बच्चे के लिए दुकानदार से नमकीन मांगा तो दुकानदार ने वही नमकीन दे दिया व्यक्ति द्वारा विरोध करने पर दुकानदार दुकान बंद करके मौके से भाग गया। ऐसे ही पूर्व में आंगनवाड़ी पटना द्वारा एक दुकानदार को पोषाहार बेंचने का मामला प्रकाश में आया था पर स्थानीय विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र की करीब दर्जन भर दुकानों पर पोषाहार के चने का बेसन, रिफाइंड व दलिया का आटा बिकता मिल जाएगा जिसमें कुतुबापुर, नसीरपुर, सेमराकला, हसनापुर,अदवारी, पटना,मदनापुर, रसूलपुर, सांडा,काजीपुर, ताजपुर सलौली, बेलवा बसहिया,धर्मपुर के केंद्र प्रमुख हैं, जहां से जानकारियां प्राप्त हो रही हैं कि हमलोग प्रति महीने सुपरवाइजर को निश्चित धनराशि उपलब्ध कराते हैं यदि ये बातें सत्य हैं तो दूसरे प्रान्त का बिक रहा पोषण कोई बड़ी बात नहीं। सीडीपीओ शबीना ने बताया कि दूसरे प्रदेश का पोषाहार है हम उसमें कोई कार्रवाई नहीं कर सकते।

# शरद चौधरी ने किया अधिवक्ताओं का सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां/सीतापुर। क्षेत्र के विकास पुरुष शरद चौधरी ने अपने निवास अर्जुनगढ़ कदुनी में अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं सम्मानित नागरिकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कदुनी क्षेत्र का विकास जनसहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि रेडिको खेतान कंपनी की स्थापना से क्षेत्र के सैकड़ों युवक-युवतियों को रोजगार मिला है तथा आगे भी विकास योजनाएं प्रस्तावित हैं। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजन मिश्रा ने शरद चौधरी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शरद चौधरी ने बिसवां बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आर.एन. सिंह एवं लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने काव्य प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार वर्मा, रामेंद्र शुक्ला, बृजेश गुप्ता, रसिक बिहारी गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला सहित समाजसेवी अभिषेक अग्रवाल, उमंग राजवंशी, उत्साह राजवंशी, मुदित सिंघल, रोहित नाथ सिंह एवं कई पत्रकार उपस्थित रहे।

# 16–17 दिसम्बर को होगी महिला प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिला कबड्डी एसोसिएशन एवं जिला ओलंपिक संघ की संयुक्त बैठक एवं ट्रायल संपन्न होने के बाद जिला टीम के चयन को लेकर एक प्रेस सूचना जारी की गई। बैठक में दोनों संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में शाहजहांपुर में प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। साथ ही स्टेट प्रतियोगिता के लिए 14 सदस्यीय जिला बालिका कबड्डी टीम का चयन किया गया। चयनित बालिका खिलाड़ियों में अनुष्का, कुंती, आलिया, प्राची, शीतल, बसंती, प्रिया, सलोनी, शोभना, गीतिका, त्रिशला, महजबी, वंदना सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव कनौजिया ने बताया कि जिले के इतिहास में पहली बार 52वीं जीएल कनौजिया (पूर्व सांसद) मेमोरियल महिला प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 16 व 17 दिसंबर 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज खिरनीबाग मैदान में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम सहित प्रदेश भर से 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता ने कहा कि इस प्रतियोगिता से खिलाड़ियों का खेल देखने और उनसे सीखने का मौका मिलेगा। वहीं, जिला ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी ने तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यक्रम की कार्ययोजना प्रस्तुत की और हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव एवं प्रो कबड्डी ऑफिशियल राहुल तोमर ने बताया कि यह प्रतियोगिता पूर्व सांसद एवं समाजसेवी स्वर्गीय डॉ. जीएल कनौजिया की स्मृति में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 16 दिसंबर को प्रातः 11 बजे होगा। बैठक में विश्वनाथ प्रताप सिंह, मुदित सेठ, अजयपाल, पंकज सक्सेना, मुजाहिद, संजय, प्रेमपाल सिंह, सचिन प्रेमी, विपिन अग्निहोत्री, कोच निशांत चैधरी सहित कई पदाधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी बड़ी कार्रवाई बड़े सरकार से हटवाए गए कब्जे, बिना आईडी वाले हिरासत में लिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस-प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अभियान चलाया। शहर के लालपुल स्थित बड़े सरकार परिसर में चलाए गए इस अभियान में पुलिस को दोनों में से कोई नहीं मिला। इस दौरान बड़े सरकार में अवैध रूप से वर्षों से चले आ रहे कब्जे भी हटवाए गए। बिना वैध पहचानपत्र के मिले लोगों को हिरासत में लिया गया। यहां पर काफी संख्या में नए मकान भी बनाए जा रहे है। यह मकान भी बाहरी लोगों के बताए जा रहे है। पुलिस व प्रशासनिक टीमें जांच कर रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपेगी। पुलिस और प्रशासनिक की टीम ने दूसरे दिन बड़े सरकार परिसर और उसके आसपास झोंपड़ी, तिरपाल व पन्नी डालकर रह रहे लोगों की गहन जांच की। सभी से आधारकार्ड, वोटर आईडी समेत अन्य वैध पहचानपत्र मांगे गए। कई लोग कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिन्हें संदिग्ध मानते हुए हिरासत में लिया गया। वहीं, परिसर स्थित मुसाफिरखाने में रह रहे लोगों से भी पूछताछ की गई। जांच में सामने आया कि कई लोग अन्य जनपदों से आकर वर्षों से परिवार सहित यहां रह रहे हैं। जांच के बाद प्रशासन ने इन सभी कब्जों को गैरकानूनी बताते हुए सख्ती से हटाने के निर्देश दिए। अवैध रूप से रह रहे लोगों को चेतावनी दी गई कि वे शाम तक स्वयं अपनी झोंपड़ियां और अस्थायी निर्माण हटा लें, अन्यथा बलपूर्वक हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, सीओ नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, कोतवाली प्रभारी संजय कुमार, सिविल लाइन इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह तोमर, महिला थाना प्रभारी ज्योति सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पक्के मकान बनाकर रह रहे लोग भी जांच के दायरे में छापेमारी के दौरान पुलिस-प्रशासन ने पाया कि सैकड़ों लोग अस्थायी झोंपड़ीनुमा घर बनाकर रह रहे हैं। इसके साथ ही कई लोगों ने वहां पक्के मकान भी बना लिए हैं। जांच में सामने आया कि जिन लोगों ने पक्के मकान बना रखे हैं, उनमें से कुछ के नाम जमीन दर्ज है, जबकि कई मामलों में भूमि स्वामित्व को लेकर स्थिति संदिग्ध पाई गई। कई लोगों को बिजली कनेक्शन दिए जाने का मामला भी सामने आया। हैरानी की बात यह रही कि बिना किसी जांच-पड़ताल के मीटर तक लगाए गए थे। प्रशासन ने इस मामले में बिजली विभाग की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए जांच के संकेत दिए हैं। जांच के दौरान पुलिस-प्रशासन को परिसर में बिना अनुमति मदरसा संचालित मिला। मदरसे में दो हुक्के रखे मिले और पढ़ाई के नाम पर फर्जी किताबें भी पाई गईं। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही मदरसा संचालक ताला लगाकर भाग गया। बाद में पुलिस के बुलाने पर वह कई आईडी एकत्र कर लाया और खुद को पास के गांव का निवासी बताया। इसके अलावा बिना अनुमति बनी मस्जिद और प्रतिबंधित लाउडस्पीकर भी मौके पर पाए गए। प्रशासन ने फर्जी मदरसा और प्रतिबंधित लाउडस्पीकर हटाने के निर्देश दिए। आईडी की जांच के दौरान कई दुकानदार मौके पर मौजूद नहीं मिले। बार-बार बुलाने के बावजूद वे सामने नहीं आए, जबकि दुकानें खुली रहीं। इसी तरह स्थायी रूप से घर बनाकर रह रहे कई लोग भी कार्रवाई से पहले ही घरों पर ताले डालकर भाग गए। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की आशंका को लेकर बड़े सरकार परिसर में अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ लोग बिना पहचानपत्र के मिले, जिन्हें हिरासत में लिया गया है। अन्य जनपदों से आकर वर्षों से अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाया गया है। अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर की फायरिंग, मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। उझानी क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार रात मुठभेड़ में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायर किया था। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा व एक कारतूस के साथ बिना नंबर प्लेट की कार बरामद की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदेश कठेरिया ने बताया कि शनिवार रात लगभग 11:40 बजे चौकी कछला प्रभारी उप निरीक्षक कपिल कुमार पुलिस बल के साथ कछला-वितरोई मोड़ से मुजरिया रोड पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे जंगल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर बिना नंबर प्लेट की कार खड़ी दिखाई दी। जब पुलिस टीम वाहन की जांच के लिए आगे बढ़ी तो कार सवार व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त मोहम्मद अहमद निवासी ग्राम सिरसी, थाना हजरतनगर गढ़ी, जनपद संभल के बाएं पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से घायल अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि दो दिसंबर को थाना उझानी क्षेत्र में उसका कंटेनर खराब हो गया था, जिसे वहीं छोड़कर चला गया था और उसी को देखने के लिए वह मौके पर आया था। पुलिस द्वारा उक्त कंटेनर को पूर्व में ही लावारिस में दाखिल कर चौकी कछला पर खड़ा कराया जा चुका था। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना उझानी पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई कंपनी व डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टोली ओवरऑल चैंपियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उझानी स्थित विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित त्रिदिवसीय स्काउट -गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच संपन्न हुआ। शिविर में विद्यार्थियों ने तंबुओं का शहर बसाकर आत्मनिर्भरता, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्काउट वर्ग में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टोली तथा गाइड वर्ग में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई कंपनी ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक भजन लाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि परिश्रम वह सीढ़ी है, जो व्यक्ति को उन ऊँचाइयों तक पहुंचाती है, जिनकी कल्पना भी कठिन होती है। युवा शक्ति को सदैव लक्ष्य पर केंद्रित रहना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक अनमोल ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी पूंजी हैं। यदि युवा संकल्पित हो जाएं तो इतिहास रच सकते हैं। देशभक्ति, सकारात्मक सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति ही महानता का मार्ग प्रशस्त करती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवा केवल वर्तमान नहीं बल्कि भविष्य की लेखनी हैं। उनके शब्दकोष में 'असंभव' जैसा कोई शब्द नहीं होता। आवश्यकता है अपनी अंतर्निहित शक्ति को पहचानने की। अनुशासन, साहस और श्रेष्ठ विचारों के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण जीवन को उद्देश्यपूर्ण, चरित्रवान और समाजोपयोगी बनाने का सर्वोत्तम माध्यम है। प्रतियोगिता परिणामों में स्काउट वर्ग से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टोली प्रथम रही, जबकि सरदार भगत सिंह, सिद्धार्थ गौतम बुद्ध एवं सरदार ऊधम सिंह टोलियां संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। गाइड वर्ग में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई कंपनी प्रथम तथा मीराबाई एवं राधा रानी कंपनी द्वितीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में शिक्षक सुधीर कुमार सिंह, रईस अहमद एवं मंजू यादव शामिल रहीं। विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य शैलेंद्र यादव, मुख्य अतिथि भजन लाल, अनमोल, शिखर इंस्टीट्यूट के अभिषेक, गौरव एवं इकबाल द्वारा गोल्ड मेडल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर स्काउट शिक्षक राजीव कुमार ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश कुमार, किरण सागर, गार्गी जैन, खुशबू राजपूत, शिवानी, रिंकी यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मानवता के सेवा के लिए दृढ़ संकल्प ले नर्सिंग की छात्राएं : प्रो0 पूनम टंडन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । लैंप लाइटिंग का वास्तविक अर्थ नर्सिंग सेवा में लोगों के जीवन में दीप प्रज्जवलित करने व अपने सेवा से सबको मानवता के भाव से प्रकाशित करने से हैं,नर्स का मरीज के साथ चिकित्सक से अधिक समय अवधि तक संपर्क रहता हैं मरीज की सेवा नर्स धर्म व जाति का भेद भाव किए बिना सामान भाव से करती हैं जिन अभिभावकों ने अपने बच्चियों के लिए नर्सिंग के सेवा को चुना मै उन्हें बधाई देती हूं नर्सिंग छात्राएं मानवता के सेवा के उद्देश्य से कार्य इस सेवा में जुड़ने का संकल्प ले धनोपार्जन के उद्देश्य से जुड़ने के लिए नहीं । उक्त उदगार पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्व विद्यालय गोरखपुर की कुलपति प्रो0 पूनम टंडन ने बतौर मुख्य अतिथि फातिमा अस्पताल परिसर पादरी बाजार में शनिवार को आयोजित लैंप लाइटिंग ( दीप प्रज्वलन) व दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में व्यक्त किया । फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बी. एस. सी. नर्सिंग, बी. एस. सी. चौथा बैच , जी.एन.एम. सत्रहवाँ बैच एवं ए.एन.एम पाँचवाँ बैच के नवागंतुक छात्र छात्राओं का लैंप लाइटिंग (दीप प्रज्जवलन) कार्यक्रम तथा फातिमा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्री के पंद्रहवाँ बैच तथा डी.एम.एल.टी. सत्रहवाँ बेच के छात्र - छात्राओं का दीक्षांत समारोह के आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो0 पूनम टंडन, कुलपति, दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं कैथोलिक धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप थॉमस धुरूधिमट्टम सीएसटी एवं पूर्व बिशप डॉ0 डोमिनिक कोकट के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कैथोलिक धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष विशप थॉमस धुरूधिमट्टम सीएसटी, ने बच्चो को आर्शीवाद देते हुए कहा कि, ल्लजब ये छात्राएँ अपने दीप प्रज्वलित करती हैं, तो यह ज्योति फ्लोरेंस नाइटिंगल की पवित्र भावना को उनमें प्रज्वलित करें, एक ऐसी भावना जो उन्हें आशा, करूणा और सेवा का प्रकाश बनकर चमकने की शक्ति दे। इनके अध्ययन को सफल बनाएं प्रत्येक चुनौती में इन्हें शक्ति दें, और इस महान नर्सिंग सेवा के मार्ग पर सदैव प्रकाश बनकर इनके साथ चलें । कार्यक्रम का आरंभ फातिमा कॉलेज आफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं परम्परागत तरीके का अनुसरण करते हुए प्रार्थना नृत्य के द्वारा किया गया। इसके बाद आये हुए सभी अतिथिगणों का स्वागत फातिमा अस्पताल के निदेशक फा0 डॉ. संतोष सेबास्टियन ने किया और उन्होंने कहा कि, ल्लहम स्वास्थ्य सेवाओं को शिक्षा से जोड़ते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए निरंतर जारूकता एवं जन सम्पर्क कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि राष्ट्र के स्वास्थ्य और प्रगति के बीज वास्तव में विद्यालयों की कक्षाओं में ही बोए और पोषित किए जाते हैं। हम चिकित्सकीय अनुभव और शैक्षणिक दायित्वों का समन्वय करते हैं जो भारत के पवित्र संविधान में निहित समानता, बंधुत्व और न्याय के आदर्शो पर आधारित हैं जहाँ लिंग, जाति पंथ, संस्कृति या भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य प्रो0 डॉ0 एस्पिन आर. द्वारा बी. एस. सी. नर्सिंग, जी.एन.एम.एवं ए.एन.एम. के कुल 120 नवप्रवेशी छात्र - छात्राओं को दीप प्रज्वलित कर शपथ ग्रहण करवाई। इन छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और करूणा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, चिकित्सकों का सहयोग करेगे तथा प्रत्येक रोगी की देखभाल में स्वयं तत्पर रखेंगे । नर्सिंग की 120 नवागंतुक छात्राओं को गोरखपुर डायसिस के धर्माध्यक्ष बिशप थॉमस थुरूथिमट्टम ने जलते दीप प्रदान करते हुए आर्शीवाद भरी शुभकामनाऐं दी फातिमा कॉलेज आफ नर्सिंग एवं फातिमा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस के विगत वर्षो के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रो0 पूनम टंडन, कुलपति, दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर, माननीय बिशप थॉमस थुरूथिमट्टम सीएसटी एवं बिशप डॉ0 डोमिनिक कोकट, डॉ0 रामकुमार, प्रधानाचार्य बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर, डॉ0 राजेश झा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोरखपुर, निदेशक फा0 डॉ. संतोष सेबास्टियन, फॉ शीजो एसोसिएट निदेशक एवं इनचार्ज मेडिकल एजूकेशन द्वारा प्रमाण पत्र एवं ट्राफीयाँ प्रदान की गयी ।

## रिकवरी एजेंटो की दबंगई, गल्ला व्यापारी के साथ मारपीट

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के बाबूजी कल्याण सिंह चौक पर प्राईवेट फंायनेस कंपनी के बंदों ने बुलेरो पिकअप चालक व उसमें बैठे गल्ला व्यापारी के साथ मारपीट की दोनों को बुरी तरह पिटाई की घायल चालक ने गाड़ी नंबर के आधार पर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बरेली जनपद के थाना भमौरा के गांव चकरपुर निवासी चालक कमल कुमार पुत्र लालाराम ने बताया कि वह बिनावर के गल्ला व्यापारी विनोद गुप्ता को लेकर आ रहा था। वह उझानी मैं अपने निजी काम से गए थे। कमल ने बताया कि कल्याण सिंह चौक पर अपने को आरआई बताने वाले लोगों ने उनके साथ मारपीट की कसूर इतना कि उनसे आईकार्ड मांग लिया। कमल का कहना है कि गाड़ी की सारी किश्तें समय से जमा होने के बाद भी आरोपियों ने मेरे व व्यापारी विनोद गुप्ता के साथ मारपीट की। जिससे उन्हें गुम चोटें भी आई है। बुलेरो चालक कमल कुमार ने आरोपियों की गाड़ी के नंबर के आधार पर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कारवाई की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## एयरक्राफ्ट से 18,000 फीट की ऊँचाई से छलांग लगाकर रचा इतिहास

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के लिए गौरव का क्षण तब आया जब बिसौली तहसील के गांव भटपुरा निवासी पारस तिवारी ने एयरक्राफ्ट से 18,000 फीट की ऊँचाई से छलांग लगाकर इतिहास रच दिया। इस साहसिक कारनामे के साथ पारस तिवारी बदायूं जिले से ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। छलांग लगाने से पहले पारस तिवारी ने हर हर महादेव का जयघोष करते हुए कहा कि डर सबको लगता है, लेकिन जो लोग डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ते हैं वही जीवन का असली आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ एक छलांग नहीं, बल्कि अपनी सीमाओं को तोड़ने का प्रयास है। 25 वर्षीय पारस तिवारी एक सफल व्यापारी भी हैं। उन्होंने वर्ष 2023 में मात्र 25 हजार रुपये से इंफ्राटेक मैनेजमेंट कंपनी की शुरुआत की थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 5 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर तक पहुंच गई। अपने काम को लेकर वे हमेशा जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहे हैं। पारस तिवारी ने बताया कि उनका अगला सपना दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह करना है, ताकि वे अपने प्रदेश और बदायूं जिले का नाम अंतर राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकें। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और युवा वर्ग उन्हें प्रेरणा के रूप में देख रहा है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मूसाझाग क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया। जब ग्राम मुड़ियाखेड़ा के बाहर जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। शव मिलने की सूचना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय सोनू पुत्र राम सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने सुबह जंगल की ओर शव लटका देखा।जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक सोनू हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करता था और हाल ही में गांव आने की जानकारी परिजनों को नहीं थी। परिजनों ने घरेलू कलह की बात भी स्वीकार की है। जिससे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना मूसाझाग पुलिस मौके पर पहुंची शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की गई। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है। आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और कारण इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस हर एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है। फिलहाल गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

## पंचायत सचिवों एवं ग्राम सचिवों की समस्याओं के समाधान पर होगी अहम बैठक

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बदायूं जनपद के पंचायत सचिवों एवं ग्राम सचिवों की संयुक्त संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र पाल ने कैन्विज टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि प्रदेश भर के पंचायत सचिवों एवं ग्राम सचिवों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। इस संबंध में पंचायत निदेशालय, कार्मिक एवं अधिष्ठान खण्ड–2 लखनऊ के प्रशासनिक अधिकारी सुरेश कुमार ने उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया है। पंचायत निदेशालय द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के माध्यम से उ.प्र. ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह तथा प्रांतीय महामंत्री नागेंद्र कुशवाहा को बैठक में उपस्थित होने के लिए बुलाया गया है। बैठक में पंचायत सचिवों एवं ग्राम सचिवों से जुड़ी लंबित मांगों, कार्यभार, प्रशासनिक समस्याओं, पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन विसंगतियों एवं कार्य परिस्थितियों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, निदेशालय स्तर पर सचिवों की समस्याओं के त्वरित और स्थायी समाधान को लेकर गंभीर मंथन किया जाएगा, ताकि जमीनी स्तर पर ग्राम पंचायतों के कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर किया जा सके। बैठक के बाद कुछ महत्वपूर्ण निर्णय एवं दिशा–निर्देश जारी होने की संभावना भी जताई जा रही है। इस बैठक को लेकर प्रदेश भर के पंचायत सचिवों एवं ग्राम सचिवों में खासा उत्साह है और सभी को उम्मीद है कि आज की वार्ता से उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान निकलकर सामने आएगा।

## पंकज चौधरी के संगठन पर्व के माध्यम से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर राज्य मंत्री आवास पर बांटी मिठाईयां।

संभंल कैनविज टाइम्स संवाददाता । माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी के सुभाष रोड चंदौसी स्थित आवास पर पंकज चौधरी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा भारतीय जनता पार्टी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया द्वारा एक बूथ पर काम करने वाला कार्यकर्ता भी प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। नए प्रदेश अध्यक्ष सभी को एक साथ लेकर चलेंगे और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा का परचम फरायेंगे।ऐतिहासिक विजय के साथ योगी जी को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता साक्षी सिंह,जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया,राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रसेन दिवाकर छोटू,तरुण कुमार नीरज,डॉ टीएस पाल,गिरीश रतन, मनोज दिवाकर,सुधीर मल्होत्रा,शरद शर्मा,राजकुमार यादव ,अनुज उपाध्याय,अमित पाठक, हरेंद्र कोहली,अमित अग्रवाल, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश चिंटू,शीला सागर, मंतेश वार्ष्णेय,रामसरन यादव,संजय बंसल, आकाश आहूजा,अनुभव श्रीवास्तव मोहनलाल पाल,डॉ जयशंकर दुबे,रामनरेश यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दबंगों ने खलिहान में रखी धान की फसल फूंकी, मुकदमा दर्ज

मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के गहिरा गांव में दबंगों ने शनिवार की रात एक किसान की खलिहान में रखी धान की फसल को आग के हवाले कर दिया, वहीं खेत में ट्रैक्टर चलाकर जुताई भी कर दी। घटना से पीड़ित किसान की साल भर की मेहनत पल भर में राख हो गई।

# 5149 वॉ जयंती महोत्सव आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभंल। आज नगर चंदौसी स्थित संजीवनी पैलेस में अग्रवाल सभा द्वारा अग्रकुल प्रवर्तक श्री श्री 1008 अग्रसेन महाराज की 5149 वॉ जयंती महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सलिल अग्रवाल कोठीवाल (चेयरमैन-आरके स्कूल चंदौसी) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रवीन कुमार एवं डॉ. तरुण अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित एवं पूजन मंत्र सहित अक्षत द्वारा करके किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना पर बच्चों द्वारा प्रस्तुति से हुई। सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल (अध्यक्ष-अग्रवाल सभा बिसौली) हरि अग्रवाल (अध्यक्ष-अग्रवाल सभा बदायूं) एवं सौरभ मित्तल (अग्रवाल सभा मुरादाबाद) को पटका पहनाकर बैच लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों के परिचय से कार्यक्रम संयोजक पवन अग्रवाल ने सभी को अवगत कराया। महोत्सव में शतरंज प्रतियोगिता में अग्रकुल के 26 नोनिहाल ने प्रतिभाग किया, जिनके निर्णायक मंडल में गोविंद अग्रवाल व शुभम अग्रवाल, मेहंदी प्रतियोगिता में अग्रकुल के 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसके निर्णायक मंडल में शिल्पी अग्रवाल, जूली अग्रवाल एवं इशिका अग्रवाल रही। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अग्रकुल के 25 प्रतिभागिओं ने प्रतिभाग किया, जिसके निर्णायक मंडल में नेहा अग्रवाल, खुशबू गोयल रही। महोत्सव में शिशु फैंसी ड्रेस व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अग्रकुल के लगभग 140 नोनिहाल ने प्रतिभाग किया। जिसके निर्णायक मंडल में खुशबू अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, निष्ठा अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल रही। दोनों प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार तथा शेष सभी को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्सवर्धन किया गया। प्रतियोगिताओं के बीच में नितिन अग्रवाल एमसीएक्स, शिखर गोयल, मुदित गर्ग, शुभम अग्रवाल और भरत अग्रवाल द्वारा 50 प्रश्न मंच और 100 लकी ड्रॉ निकालकर उपहार दिए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के वृद्धजनों का पटका पहनाकर तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संचालिका अपूर्वा अग्रवाल, तृप्ति जिंदल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अग्रवाल सभा द्वारा गत वर्षो में किए गए सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया कि सभा आपके सहयोग से समाज की जरूरतमंद परिवार को समय-समय पर आर्थिक सहयोग करती है। जिसमें कन्याओं के विवाह बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आदि शामिल है। इस दौरान अग्रवाल सभा के मंत्री प्रदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, चिराग गोयल, गोविन्द अग्रवाल, मुदित गर्ग, शुभम अग्रवाल, विनय अग्रवाल, शिखर गोयल, अर्चित अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, भरत अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, संगीता गोयल, अंकुश किराना, गौरव बंसल, दीपक अग्रवाल, गौरव गोयल, सोनू अग्रवाल राज कैटर्स, प्रथम गोयल, विनय रिलैक्सो, जिवेन्द्र जीवो आदि अग्रबंधु मौजूद रहे।

# भव्यता के रंग से सराबोर होगा बाबा इंटरनेशनल का वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बिल्सी नगर के सिरसौल रोड स्थित बाबा इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव ल्लओजसङ्क धूमधाम से मनाएं जाने को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। विद्यालय केनिदेशक अनुज वार्ष्णेय ने बताया कि यह वार्षिक उत्सव 15 दिसंबर, दिन सोमवार को अपराह्न 3:00 बजे बायपास मार्ग स्थित रामा फार्म हाउस में आयोजित किया जाएगा। उत्सव में छात्र- छात्राओं द्वारा उनकी कला एवं नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिलेगा साथ ही उनकी उमंग से सभी अतिथियों का ज़ोरदार स्वागत किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि अलीगढ़ निवासी एनपीसीसी लिमिटेड के सेवानिवृत्त सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर जी.आर.के. गुप्ता एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय गुप्ता होंगे। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। वार्षिक उत्सव में लकी ड्रा के साथ-साथ अन्य रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। बच्चों सहित अभिभावकों के लिए यादगार रहेगा आयोजनङ्क ल्लओजसङ्क आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि वार्षिक उत्सव के स्नेहपूर्ण आयोजन से विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिलेगी,साथ ही वार्षिक उत्सव 2025 विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत का भव्य मंच बनकर यादगार साबित होगा यह भी बताया कि,इस समय पूरा आयोजन स्थल रंग-बिरंगे परिधानों,सांस्कृतिक माहौल और उत्साह से सराबोर है।

# क्षत्रिय महासभा ने नए प्रभारी का, पटका पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी ने कोतवाली प्रभारी का चंदौसी कोतवाली में पहुंचकर नवागंतुक कोतवाल अनुष तोमर का जोरदार स्वागत किया । नए प्रभारी को पटका पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया संगठन के गणमान्य लोग अधिवक्ता जन ने चर्चा की। हाल ही में जनपद संभल के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए फ़ेरबदल के बाद, कई थानों में नए कोतवाली प्रभारियों ने कार्यभार संभाला है। हाल ही में अनुज तोमर ने भी चार्ज संभाला चंदौसी कोतवाली का, इस अवसर पर स्थानीय संगठनों और व्यापारिक निकायों के प्रतिनिधियों द्वारा उनसे शिष्टाचार भेंट करने का सिलसिला जारी है। ऐसी मुलाकातों परिचय और स्वागत अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा संगठन के पदाधिकारी नए प्रभारी का स्वागत करने पहुँचे हैं। वे उन्हें पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर और क्षेत्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। नगर की समस्याओं पर चर्चा की संगठन के लोग नए प्रभारी के सामने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखा यातायात व्यवस्थाः बाजारों में अतिक्रमण और जाम की समस्या। सुरक्षा व्यवस्थाः रात्रि गश्त बढ़ाना और संदिग्धों पर नजर रखना। महिला सुरक्षाः स्कूल-कॉलेजों के पास पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित करना। समन्वय का आश्वासन संगठनों की ओर से पुलिस को यह भरोसा दिलाया गया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में वे पुलिस का पूर्ण सहयोग करेंगे। पुलिस प्रभारी अनुज तोमर का संदेश नए प्रभारी आमतौर पर जनता और संगठनों से यह अपील करते हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कानून को अपने हाथ में न लें।भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी पुलिसिंग सुनिश्चित की जाएगी कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर ने बताया । इस दौरान कोतवाली में मौजूद रहे ठाकुर रमन सिंह, एडवोकेट अभय कुमार सिंह ,एडवोकेट निखिल शर्मा, एडवोकेट नितिन राघव,गौरव सिंह,नितिन ठाकुर एडवोकेट ,रवि यादव,शगुन ठाकुर,श्याम ठाकुर,निखिल सिंह,एड गोपाल बाबू शर्मा,एड पंकज दक्ष आदि ।

# गुन्नौर सहित जिले के 13 केंद्रों पर शांतिपूर्ण आयोजन, 1636 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल । गुन्नौर क्षेत्र के रसूलपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा जिले भर में कुल 13 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 4356 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 2720 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 1636 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित नहीं हो सके। प्रशासन की ओर से परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई और समय पर ही समाप्त कराई गई। केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की सतत निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई, जिससे कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। रजपुरा ब्लॉक के हरिबाबा जनता इंटर कॉलेज, गवां में 505 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 296 उपस्थित रहे, जबकि 209 अनुपस्थित रहे। गुन्नौर क्षेत्र के बबराला स्थित बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज में 384 में से 287 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 97 अनुपस्थित रहे। वहीं बबराला के ही सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में 150 में से 112 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 38 परीक्षा देने नहीं पहुंचे। जुनावई के जनता इंटर कॉलेज में 499 में से 330 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 169 अनुपस्थित रहे।बनियाखेड़ा क्षेत्र के चन्दौसी एसएम इंटर कॉलेज में 288 में से 205 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 83 अनुपस्थित रहे। चन्दौसी के बीएमजी इंटर कॉलेज में 280 में से 181 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 99 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

असमोली के किसान इंटर कॉलेज में 240 में से 152 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 88 अनुपस्थित रहे। शाहबाजपुर कलां के राजकीय इंटर कॉलेज में 304 में से 192 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 112 अनुपस्थित रहे। पंवासा क्षेत्र के किसौली स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में 240 में से 107 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 133 अनुपस्थित रहे। संभल के आचार्य मुकेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज में 426 में से 204 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 222 अनुपस्थित रहे। संभल के शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में 480 में से 256 विद्यार्थी उपस्थित रहे। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, संभल में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। बहजोई ब्लॉक के हीरादेवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज, बहजोई में 342 में से 258 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 84 अनुपस्थित रहीं। परीक्षा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नवोदय विद्यालय के प्रतिनिधि राजीव ठाकुर के अनुसार परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल आयोजन के बाद अभिभावकों और विद्यार्थियों ने संतोष व्यक्त किया।

# खोराहसा पुलिस चौकी क्षेत्र में रात के अंधेरे में मिट्टी खनन दिन के उजाले में परिवहन अवैध कमाई से मालामाल हो रहे माफिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । जिले के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के खोराहसा पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार तेजी से चल रहा है।सूत्रों के मुताबिक एक बड़े ठेकेदार और भाजपा नेता का नाम बताकर खोराहसा पुलिस चौकी क्षेत्र में अधिक खनन माफिया जेसीबी के सहारे रात के अंधेरे में मिट्टी खनन और दिन के उजाले में परिवहन कर रहे हैं।यह खेल चौकी क्षेत्र की पुलिस के गठजोड़ से चल रहा है।ऐसे में अवैध मिट्टी खनन पर अंकुश लगाना जिला प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है।गांवों में ट्रैक्टर-ट्रा ली और जेसीबी क्रय कर बेरोजगारों की फौज भी इस धंधे में कूद पड़ी है।कृषि वाहनों का व्य वसायिक इस्तेमाल हो रहा है लेकिन पुलिस और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी का पूरा तंत्र तमाशबीन की भूमिका में है।खनन माफिया का नेटवर्क गांव से लेकर शहर तक फैला हुआ है।पहले खनन माफिया किसानों के नाम पर खनन विभाग में आनलाइन पंजीकरण कराकर अनुमति पत्र प्राप्त करते हैं,फिर इसकी आड़ में मिट्टी खनन और बिक्री का खेल शुरू हो जाता है।जेसीबी से खनन में कोई रोक-टोक न हो,इसके लिए रात का समय सबसे मुफीद है वही किसानों को निश्शुल्क मिट्टी खनन की अ नुमति दी जा रही है।बस शर्त यह है कि किसान खेत से तीन फीट की गहराई तक मिट्टी खनन स्वयं के निजी कार्य के लिए करवा सकते हैं। खेत से निकाली गई मिट्टी संबंधित के घर तक ही ले जाने की अनुमति दी जाती है।लेकिन यहां पर इस सुविधा का व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा है।

**इन क्षेत्रों में हो रहा मिट्टी का अवैध खनन**

सूत्रों के मुताबिक खोराहसा पुलिस चौकी क्षेत्र के ड़ढ़वा कानूनगो,परसापुर,पूरेतिवारी, बहलोल पुर, सरायजरगर,रामनगर आदि गाँवो में जेसीबी और एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी के कारोबार में लगे हैं।खोराहसा पुलिस चौकी क्षेत्र में रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर खनन हो रहा है इसके बाद भी पुलिस-प्रशासन के स्तर से को ई कार्रवाई नहीं हो रही है।

**एकह जार से बारह सौ रुपये में बिक रही मिट्टी**

गोण्डा शहर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि एकहजार से बारह सौ रुपये प्रति ट्राली मिट्टी गिराई जा रही है।खनन माफिया दूरी के हिसाब से पैसा लेते हैं गोंड़ा सदर तहसील क्षेत्र के एक किसान ने बताया कि खनन माफिया किसान के खेत से मिट्टी दो से तीन फीट खोदने की बा त करते हैं,लेकिन रात में चार फीट मिट्टी निका लकर खेत को खराब कर देते हैं।यही शहर क्षेत्र से सटे गाँवो को खनन माफिया ने रेगिस्तान ब ना दिया है।

# ग्रामीण पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन नि:शुल्क यात्रा व आयुष्मान सुविधा की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारिओ ने ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है।यह ज्ञापन विधानसभा क्षेत्र मैहनोन के विधायक विनय कुमार द्विवेदी के मा ध्यम से सौंपा गया हैं।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश और जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश राज्य का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन है।यह सं गठन प्रदेश के 18 मंडलों 75 जनपदों और 551 तहसीलों में सक्रिय है।इसके बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को आज भी सरकारी सुविधाओं और सुरक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है।एसोसिएशन ने मांग की है कि तह सील स्तर पर मान्यता प्रदान करने की स्पष्ट व्यवस्था की जाए और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी पुराने आदेशों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए,इसके साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जिला व तहसील स्तर पर स्थायी समिति का गठन कर नियमित बैठकें कराई जाएं।ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों को आ युष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा, उ त्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा और प्रदेश स्तरीय मान्यता एवं वि ज्ञापन मान्यता समितियों में संगठन के प्रतिनि धियों को सदस्य बनाए जाने की भी मांग की ग ई है।इसके अतिरिक्त,राजधानी लखनऊ में ग्रा मीण पत्रकार एसोसिएशन के लिए कार्यालय हेतु निःशुल्क भवन उपलब्ध कराने,ग्रामीण पत्र कार आयोग के गठन तथा पत्रकारों से जुड़े मा मलों में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने से पहले स क्षम अधिकारी द्वारा जांच कराए जाने की भी प्रमुख मांगें रखी गई हैं।महामंत्री अशोक पाठक ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार सीमित संसाधनों में कार्य करते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मज बूत कर रहे हैं।यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए,तो पत्रकारिता और अधि क सशक्त होगी।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने शासन से इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक वि चार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी,महामंत्री अशोक पाठक, जिला उपाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव,कार्यकारिणी सदस्य विपिन तिवारी,मण्डल संगठन मंत्री अर्जुन प्रसाद मिश्रा,दिलीप तिवारी,ओमकार पाण्डेय सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीराम कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । अखिल भारतीय श्रीराम नाम जागरण मंच द्वारा आयोजित 11 दिवसीय श्रीराम कथा में शनिवार को कथावाचक रमेश भाई शुक्ल ने सुदरकांड के प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यद्यपि जामवंत ने हनुमान जी को लंका भेजते समय केवल सीता माता का पता लगाकर आने को कहा था, किंतु अशोक वाटिका में रावण द्वारा जानकी जी को बुरी तरह से धमकाने के बाद वे अपना क्रोध काबू में नहीं रख सके और रावण को सबक सिखाने के लिए उनके शक्तिशाली पुत्र अक्षय कुमार का वध तथा लंका दहन करके एक कूटनीतिक संदेश दिया।कथवाचक ने ये दोनों घटनाएं केवल पराक्रम प्रदर्शन नहीं, बल्कि रामकाज की रणनीति और आध्यात्मिक संदेश से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सीता माता से भूख मिटाने की अनुमति लेकर हनुमान जी रामदूत के रूप में लंका में उत्पात मचा रहे थे। इसी दौरान रावण की सेना के पराक्रमी योद्धा और उसके पुत्र अक्षय कुमार ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। युद्ध में हनुमान जी ने उसका वध कर दिया। इसका उद्देश्य शत्रु की वास्तविक शक्ति का आकलन करना और रावण को यह संदेश देना था कि उसकी सबसे मजबूत शक्ति भी एक सामान्य से रामभक्त को रोक नहीं सकती। कथावाचक के अनुसार, अक्षय कुमार के वध से रावण को यह स्पष्ट संकेत मिला कि कोई साधारण वानर नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम का दूत लंका में प्रवेश कर सीता तक पहुंच चुका है। इससे रावण को लंका नगरी के अभेद्य दुर्ग होने के अहंकार को गहरी चोट लगी।लंका दहन के प्रसंग पर रमेश भाई शुक्ल ने कहा कि सोने की लंका रावण के धन, सत्ता और अहंकार का प्रतीक थी। हनुमान जी ने लंका को जलाकर यह दर्शाया कि भौतिक वैभव ईश्वर की शक्ति के सामने तुच्छ है। कथावाचक ने कहा कि हनुमान जी का प्रत्येक कर्म राम की आज्ञा और मर्यादा के अंतर्गत था। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि व्यक्तिगत शक्ति का कोई महत्व नहीं, वास्तविक कर्ता केवल राम हैं और रामकाज के लिए किया गया हर कार्य लोककल्याण का माध्यम बनता है।उन्होंने कहा कि रावण द्वारा धमकाए जाने के बाद सीता ने आत्महत्या करने का निर्णय लिया, किंतु राम नाम का जाप करना नहीं छोड़ा। उसी समय अशोक वृक्ष पर बैठे हनुमान ने श्रीराम नाम अंकित अंगूठी उनके सामने गिरा दी और सामने आकर भगवान श्रीराम की पूरी कथा सुनाई। यह कथा हमें बताती है कि अत्यंत विषम परिस्थितियों में भी, जब सर्वत्र निराशा की स्थिति में आत्महत्या करने के बारे में सोचना पड़ जाए, तब भी हमें राम नाथ का जाप नहीं छोड़ना चाहिए। अक्सर अंतिम क्षण में भगवान राम हमारी मदद के लिए हाजिर हो जाते हैं।कथावाचक ने कहा कि रावण की दुत्कार के बाद रामसभा में पहुंचे विभीषण ने लंका का राज नहीं,बल्कि प्रभु श्रीराम के चरणों की सेवा मांगी।भगवान ने एवमस्तु कहते हुए समुद्र से जल मंगवाकर विभीषण का राज तिलक कर दिया क्योंकि लंका में हनुमान जी रावण से कह चुके थे-'राम चरण पंकज उर धरहू, लंका अचल राज तुम करहू।' उन्होंने कहा कि श्रीराम को हनुमान जी द्वारा दिया गया वचन पूरा करना था।

भले ही उसे रावण ने नहीं माना था, किंतु जिसने भी माना, उस पर यह सिद्धांत लागू होना था। कथा में तीन दिन तक ही समुद्र से विनती क्यों की गई, लंका जाने के लिए कौन-कौन से चार पुल बनाए गए थे आदि प्रसंगों की भी व्याख्या की। कार्यक्रम में ईश्वर शरण मिश्र, एसएन मिश्र, सूबेदार शुक्ल, आनंद ओझा, संजय मिश्र, आनंद सिंह, घनश्याम तिवारी केएम शुक्ल, केके पांडेय, प्रभाशंकर मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# शहर की सड़कों पर नाच रही मौत दो दिन में तीसरी मौत, तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । शहर में जिला मुख्यालय पर सड़क हाद सों में लगातार इजाफा हो रहा है।शनिवार शाम को सिविल लाइन पुलिस चौकी क्षेत्र अंबेडकर चौराहे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से मोटरसाइकिल स वार दो लोगो को रौंद दिया।मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे आ गई और हादसे में देवर भाभी की मौके पर ही मौत हो गई।दुर्घटना के बाद चाल क ट्रक मौके पर छोड़कर फरार हो गया।पुलि स ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबि क मृतका लक्ष्मी तिवारी 28 साल की थीं और मोतीगंज थाना क्षेत्र के वीरेपुर गांव की रहने वाली थीं।मृतका का पति शिव शंकर तिवारी रोज़गार के सिलसिले में मुंबई में काम करते हैं। पत्नी की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।वहीं, 22 वर्षीय विनो द तिवारी की भी असमय मौत ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया। वही उसके दूसरे ही दिन

रविवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज पुलिस चौकी के सामने सड़क हादसे में पीआर डी (प्रांतीय रक्षक दल) के एक जवान की मौके पर ही मौत हो गई हैं जबकि दूसरा जवान गंभी र रूप से घायल हो गया।दोनों पीआरडी जवान बाइक से जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करते समय बाइक से गिरकर मौत हो गई।पूरी घटना पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है,जिसका वीडियो सामने आया है।कंधा हुक में फंसते ही संतुलन बिगड़ गया और दोनों पीआरडी जवान ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए हैं।हादसा इतना भीषण था कि एक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दू सरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल जवान को एम्बुलेंस के जरिए गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है और हालत गं भी र बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, मुडाडीहा गांव निवासी पीआरडी जवान राम उत्तरी वर्मा (52) और कटेंया माफी निवासी सत्यराम वर्मा (52) एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर यातायात विभाग,गोंडा पुलिस ला इन में ड्यूटी के लिए जा रहे थे।जब वे बाबा शि वनाथ मंदिर के पास पहुंचे,तो सामने चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने लगे।इसी दौ रान राम उत्तरी वर्मा का कंधा ट्रैक्टर-ट्रॉली में ल गे हुक में फंस गया।बताते हैं की ट्राली को ओव रटेक के दौरान कैसे मोटरसाइकिल सवार जवा न ट्रैक्टर-ट्रॉली के बेहद करीब आ जाते हैं और हुक में फंसते ही हादसा हो जाता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर जां च शुरू कर दी है सूचना मिलते ही महाराजगंज पुलिस चौकी और नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है।मृतक पीआरडी जवान राम उत्तरी वर्मा के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।नगर कोतवाली पुलिस ने मृत क और घायल दोनों पीआरडी जवानों के परिज नों को हादसे की सूचना दे दी है।राम उत्तरी व र्मा की मौत की खबर मिलते ही परिवार में को हराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर है। उनके परिवार में में दो बेटे हैं बड़ा बेटा मनोज कुमार 28 साल का दूसरा बेटा अरविंद कुमार 19 साल का है दोनों ही अभी कोई नौकरी नहीं करते घर पर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

## विराट संत सम्मेलन 16 दिसंबर से, धर्म प्रभावना? की होगी अमृत वर्षा

फिरोजाबाद । अखिल भारतीय? सोहम महामंडल का 46 वां वार्षिक आयोजन 16 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा, श्रीमद् कथा गायत्री महायज्ञ और विराट संत सम्मेलन के साथ शुभारंभ होने जा रहा है। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन रामलीला मैदान परिसर में 23 दिसंबर तक भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। सात दिवसीय ?धार्मिक आध्यात्मिक? आयोजन की भव्य कलश यात्रा 16 दिसंबर मंगलवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर सदर बाजार से प्रात 8 बजे? आरंभ होकर कोटला रोड होती हुई राम लीला मैदान परिसर कथा स्थल पहुंचेगी । कलश यात्रा मार्ग पर स्वागत द्वारों के साथ ही बैंड बाजों के बीच भव्य कलश यात्रा में 751 सौभाग्यवती पीतवस्त्र धारी महिलाएं कलश के साथ यात्रा को दिव्यता प्रदान करेंगी। कलश यात्रा में अखिल भारतीय सोह्म महामंडल के अध्यक्ष स्वामी सत्यानंद महाराज के साथ अनेक वरिष्ठ? संत महापुरुष भी रथों पर सवार होकर शामिल रहेंगे। कलश यात्रा का शुभारंभ सदर विधायक मनीष असीज महापोर कामिनी राठौर भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर, भगवान दास बंसल, अभिषेक गर्ग द्वारा किया जाएगा। कलश यात्रा के स्वागत के लिए मार्ग में स्वागत द्वार बनाए जायेंगे।

# लग्जरी बसों के छत पर सामान,खतरे में यात्रिओ की जान, जिला प्रशासन बना अंजान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । दिल्ली के कश्मीरी गेट से गोंडा के बीच चलने वाली लंबी दूरी की लग्जरी बसें मुसाफि रों की जान जोखिम में डाल रही हैं।इन बसों में छत पर काफी सामान लाद लिया जाता है,बसों का इस्तेमाल ट्रक जैसे हो रहा है। सामान लाद लेने से बसों की ऊंचाई औसत से ज्यादा हो जा ती है और इनके पलटने का खतरा होता है। लेकिन,जिला परिवहन विभाग इन बसों पर को ई कार्रवाई नहीं कर रहा है। यही नहीं,ऊपर बि जली के तार से टच होने से अक्सर बसों में करं ट उतरने और आग लगने की संभावना होती है ऐसे ही समान लाद कर लग्जरी बस 2012 में बिहार रूट की एक बस इसी तरह हादसे का शिकार हुई थी। दिल्ली से गोण्डा तक चलने वाली यात्री बसों से माल ढुलाई का भी काम लिया जाता है। जबकि, ये परिवहन विभाग के नियमों का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है।कारोबा रियों को बस से सामान भेजना सस्ता पड़ता है।मिनी ट्रक के जरिए सामान भेजने पर भाड़ा जीएसटी बिल के तौर पर कारोबारियों को ज्या दा रुपये खर्च कर ने पड़ते हैं ट्रांसपोर्टर बताते हैं कि कश्मीरी गेट दिल्ली से गोण्डा तक का ट्रक का भाड़ा आठ हजार रुपये प्रतिटन है।इस लि हाज से सौ किलो के एक बोरे या पैकेट का भा ड़ा आठ सौ रुपये तक पड़ता है।इसलिए,पैसा बचा ने और जीएसटी चोरी करने के लिए कारो बारी बसों पर माल लाद कर ले जाते हैं।अमूमन बसों की ऊंचाई 10.5 फीट होती है।स्लीपर हो ने से इसकी ऊंचाई 3.5 फीट तक बढ़ जाती है इस तरह लंबी दूरी की इन बसों की ऊंचाई पह ले से ही सामान्य से बढ़ कर चौदह फीट तक हो जाती है।एक तो करेला दूसरे नीम चढ़ा वा ली कहावत इन बसों पर चरितार्थ हो रही है।इन बसों की छत पर सामान लाद देने से इनकी ऊं चाई 17 फीट तक पहुंच जाती है और हाद से की संभावना बढ़ जाती है।वही जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन पर सवाल उठना ला जिमी है कि दिल्ली से गोण्डा के बीच क्या वा णिज्य विभाग और परिवहन विभाग कुंभकर्णी के नींद में सो गया है कि इन लग्जरी बसों से या त्रियों को बैठने के साथ-साथ बड़े-बड़े पार्सल के बोरे ढोये जा रहे हैं और जिला प्रशासन अनजा न बना हुआ है।या फिर बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

**दिल्ली से माल लादने में जीएसटी चोरी तक**

संवाददाता ने बसों पर लदने वाले सामान के भाड़े का पता लगाने के लिए काउंटर पर संपर्क किया। उनसे पूछा गया कि गोण्डा के लिए बि जली(इलेक्ट्रॉनिक) सामान और कपड़े के चार नग बिना बिल के है कितना पैसा लगेगा तो व हाँ पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि छोटे नग के पांच सौ रुपए और बड़े नग के एक हजा र रूपए लगते है और आप को सुबह करनैलगं ज या फिर परसपुर,तरबगंज,या फिर मनकापुर बस स्टैंड यशमय स्कूल के पास गोदाम से मिल जाएगा।

**लग्जरी बसों को नहीं हैं माल ढुलाई की परमिट**

इन लग्जरी बसों को माल ढुलाई की परमिट नहीं मिली है।इसके बाद भी जिला परिवहन विभाग इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है।इन लग्जरी बसों को परिवहन विभाग के नियमों का मजाक उड़ाने की छूट है। बस अधिकारी साल में एक बार अपना कोरम पूरा करने के लिए छापामारी करते हैं और प्रति बस हजार पांच सौ रुपये तक का जुर्माना कर कागजी कार्रवाई पूरी कर देते हैं।

## पास पर आरक्षण न मिलने से रोष पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने फ़ेडरेशन को लिखा पत्र जताई नाराजगी

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । रेलवे कर्मचारियों के लिए उपलब्ध पास सुविधा और ड्यूटी पर मेडिकल इमरजेंसी के दौरान आपातकालीन कोटे से बर्थ न मिलने का मुद्दा गंभीर हो गया है। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री, सहायक महामंत्री गक्क्ष्ट नई दिल्ली विनोद कुमार राय ने इस संबंध में (नेशनल फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन) फ़ेडरेशन को एक औपचारिक पत्र लिखा है, जिसमें इस अव्यवस्था को तत्काल संज्ञान में लेने का आग्रह किया गया है। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि सभी जोनल रेलवे में आपातकालीन कोटे की सीटें लगभग पूरी तरह से रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड से आने वाली सिफारिशों से भरी जा रही हैं। इसके कारण, सामान्य रेल कर्मचारी, जो कड़ी मेहनत से विभाग की सेवा करते हैं, उन्हें अपने वैध पास पर भी यात्रा के लिए आरक्षण नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि पास होने के बावजूद बर्थ न मिलने से पास बेकार हो जा रहे हैं और उनके परिजन समय पर यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग करते हुए, पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने फ़ेडरेशन के माध्यम से बोर्ड में इस मुद्दे के सुधार हेतु आग्रह किया है और बताया है कि इस सम्बंध में पहले भी पत्र दिया जा चुका है यदि इस स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो पूरे देश में इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन होगा और इस व्यवस्था के खिलाफ़ लड़ाई लड़ी जाएगी। कर्मचारी संघ ने रेलवे बोर्ड से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि आपातकालीन कोटे का लाभ वास्तविक रूप से कर्मचारियों और उनके परिवारों को आपात स्थिति में मिले।

## लिटिल फ्लावर गोरखपुर में फ्लावराइट कार्निविस्टा का किया गया आयोजन



गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नन्हे कदम खुशी का करवा'' थीम के साथ लिटिल फ्लावर स्कूल धरमपुर फ्लावराइट कार्निविस्टा का भव्य एवं शानदार आयोजन शनिवार को किया गया । इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण रंग विरंगी सजावटों एवं रचनात्मक गतिविधियों से जीवंत हो उठा । नन्हे थिरकते कदमों ने परिसर में उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोहित कर दिया । समारोह की अध्यक्षता कैथोलिक डायोसिस विशप थॉमस तरुत्तिमत्तम व मुख्य अतिथि के रूप में एडीजे पी मुथा अशोक जैन ,विशिष्ट अतिथि डीआईजी शिवासिमपी चन्नापा, आईपीएस रोहन पी कन्नई, निषाद पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अमित निषाद,कैथोलिक डायसिस, एजुकेशनल समिति के उपाध्यक्ष फादर पाली, चांसलर फादर राजेश ,फादर जेमोन,फादर जीजो, फादर ग्रेगरी, सुपीरियर जनरल एल एस टी, सिस्टर जैन्सी, आदरणीय फादर जोबी,आदरणीय फादर जोबी,पत्रकार रमेश मणि त्रिपाठी,फादर्स, सिस्टर्स एवं सेमेनसिस के ब्रदर्स की गरमामई उपस्थिति से विद्यालय परिसर मंडित रहा । विद्यालय के बैंड दल के विद्यार्थियों ने मधुर धुन के साथ मुख्य अतिथि तथा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया । अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर औपचारिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फ्लावराइट कार्निविस्टा का मूलाधार मूल्यों से संस्कार, प्रेम की उड़ान, शांति की रोशनी, को दर्शाते हुए सर्वधर्मो का मूल ''ईश्वर एक है '' भावना पूर्ण प्रार्थना नृत्य के द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आगाज हुआ । विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर साबू द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों का स्वागत एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । उपस्थित सभी अभिभावकों का अभिवादन करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि नन्हे राष्ट्र निर्माताओं के रचनात्मक ,सृजनात्मक एवं मानवता को विकसित करना है । मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य है ,उनके सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक, आनंदमय तथा सुरक्षित वातावरण आवश्यक है । विद्यालय के नन्हे मुन्ने प्रतिभाशाली कलाकारों ने खुशियों के रंग ,जीवन एक कला, बॉलीवुड हंगामा इन थीमों पर मनमोहक प्रस्तुति ने समा बांध दिया तथा दर्पण प्रतिबिंब नाट्य प्रस्तुति द्वारा अहंकारी व्यक्तित्व की समाप्ति का सुंदर संदेश दिया गया । दर्शक के रूप में उपस्थित सभी अभिभावकों तथा अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उपप्राचार्य फादर अनीश ने वह उपस्थित मुख्यअतिथि ,गणमान्य अतिथिगण, अभिभावकों को छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए उनके उत्साहित एवं शोभामई उपस्थिति के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का सफल, शानदार ,अनुशासित एवं भव्य बनाने के लिए विद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाओं ,सहकर्मचारी के लगन, दृढ़ निश्चय, परिश्रम और कुशल निर्देशन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के नन्हे कलाकारों को उनके अथक परिश्रम तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आशीष देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किया गया । कार्यक्रम के अंतिम चरण में बैंड फिनाले रंगारंग प्रस्तुति ,संता क्लॉज के आगमन एवं संदेश ने फ्लावराइट कार्निविस्टा के आयोजन को सार्थक कर दिया ।

# एएसडी मतदाता सूची के पुन: सत्यापन को लेकर नानपारा में विशेष अभियान, एसडीएम मोनालिसा जौहरी खुद उतरीं मैदान में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में एएसडी मतदाताओं की सूची के पुनः सत्यापन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत राजस्व लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदारों की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है, जो बूथ स्तर पर बीएलओ एवं बीएलए से समन्वय स्थापित कर एएसडी सूची में दर्ज नामों का घर-घर जाकर स्थलीय सत्यापन करेंगी। अभियान के दौरान यदि कोई पात्र व्यक्ति एएसडी सूची में दर्ज पाया जाता है, तो उसका प्रारूप-6 नियमानुसार भरवाकर फीड कराया जाएगा तथा संबंधित टीम अपनी रिपोर्ट तीन दिवस के भीतर निर्वाचन कार्यालय, तहसील नानपारा में प्रस्तुत करेगी। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं कई बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर बीएलओ और बीएलए से वार्ता की तथा गली-गली, मोहल्ला-मोहल्ला जाकर स्वयं अपने पर्यवेक्षण में घर-घर सत्यापन कराया। एसडीएम ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की समय-सीमा बढ़ने के बावजूद विधानसभा-283 नानपारा का कार्य पूर्व में ही 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका था, फिर भी प्राप्त एएसडी मतदाताओं का पुनः सत्यापन कराने हेतु टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीमें बूथ स्तर पर बीएलओ एवं बीएलए के साथ ग्रामों में जाकर प्रत्येक नाम का व्यक्तिगत सत्यापन करेंगी। यदि एएसडी सूची में दर्ज कोई व्यक्ति पात्रता की श्रेणी में आता है, तो उसका फॉर्म नियमानुसार भरवाया जाएगा और रिपोर्ट समयसीमा में प्रस्तुत की जाएगी। क्षेत्र की जनता ने इस निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि एसडीएम हो तो ऐसी। उपजिलाधिकारी नानपारा ने यह भी जानकारी दी कि भारत के वे नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिन्होंने किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है, वे मतदाता बनने हेतु प्रारूप-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। प्रारूप-6 कौन दाखिल कर सकता है: भारत का प्रत्येक नागरिक, जिसकी आयु 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण हो, संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की नामावली में पंजीकरण हेतु प्रारूप-6 में आवेदन कर सकता है। आवेदन निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष या अपने बूथ के संबंधित बीएलओ से प्राप्त कर भरकर उन्हें उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रारूप-6 की उपलब्धता: प्रारूप निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय/तहसील कार्यालय अथवा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से प्राप्त किए जा सकते हैं। यह एनवीएसपी पोर्टल डब्लू डब्लू डब्लू डॉट एन वी एस पी डॉट इन या भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट डब्लू डब्लू डब्लू डॉट ई सी आई डॉट एन आई सी डॉट इन से भी डाउनलोड किया जा सकता है। फॉर्म-6 भरने हेतु आवश्यक दस्तावेज: 1. रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो 2. जन्म तिथि प्रमाण: 10वीं की मार्कशीट या जन्म प्रमाण पत्र। पते का प्रमाण: युवाओं के लिए: माता-पिता की वोटर आईडी की फोटो कॉपी। नवविवाहित महिलाओं के लिए: पति की वोटर आईडी / विवाह प्रमाण पत्र / निवास प्रमाण पत्र ।



## ठंड से बचाव के इंतजामों की जांच एसडीएम नानपारा ने रैन बसेरा व अलाव का किया औचक निरीक्षण

नानपारा, बहराइच। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने नगर पालिका नानपारा क्षेत्र में रैन बसेरे एवं विभिन्न स्थानों पर जल रहे अलाव का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सभी चिन्हित स्थानों पर अलाव की स्थिति देखी तथा उपस्थित लोगों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। सभी स्थानों पर अलाव जलते हुए पाए गए। इस पर एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि अलाव प्रतिदिन समय से जलाए जाएं, जिससे किसी भी व्यक्ति को ठंड से परेशानी न हो। रैन बसेरे के निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। एसडीएम ने निर्देशित किया कि रैन बसेरे का प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि जरूरतमंद लोग रात्रि में वहां सुरक्षित रूप से ठहर सकें। साथ ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नानपारा को निर्देश दिए गए कि रैन बसेरे में रुकने वाले लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक उपचार के लिए प्रतिदिन रात्रि में चिकित्सक की ड्यूटी लगाई जाए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि तहसील प्रशासन 24 घंटे आमजन की सेवा के लिए तत्पर है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए।

# नगर में मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने किया जागरूकता अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। नगर में मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत ल्लसशक्त नारीड्ढ थीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में महिला पुलिसकर्मियों ने नगर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिला पुलिसकर्मियों ने बाजार क्षेत्र, सार्वजनिक स्थलों और मोहल्लों में पहुंचकर महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न जैसी समस्याओं पर खुलकर बात की और ऐसी घटनाओं की स्थिति में तत्काल पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया। पुलिसकर्मियों ने हेल्पलाइन नंबर 101,112, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 1076 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी। अभियान के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के महत्व और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महिला पुलिसकर्मी दीपका व रितू चंद्रा ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना और उन्हें सशक्त बनाना है, ताकि वे किसी भी प्रकार के अपराध के खिलाफ आवाज उठा सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है। नगरवासियों, खासकर महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियानों से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। अभियान के दौरान पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें महिला सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिक्रम दहिया ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत आगे भी लगातार ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

### डगा मोड़ के पास टाइगर की चहलकदमी का वीडियो वायरल, ग्रामीण व राहगीरों में दहशत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के थाना माधोटांडा क्षेत्र अंतर्गत गांव डगा मोड़ के पास टाइगर की चहलकदमी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो शनिवार की शाम करीब 9 बजे का है, जिसमें टाइगर सड़क के आसपास घूमता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्रीय ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल है।वायरल वीडियो में टाइगर अंधेरे में सड़क किनारे टहलता दिखाई दे रहा है, जिससे यह आशंका और बढ़ गई है कि वह आबादी वाले क्षेत्र के काफी करीब पहुंच चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डगा मोड़ के आसपास शाम के समय आमतौर पर ग्रामीणों की आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में टाइगर की मौजूदगी किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। वीडियो देखने के बाद कई ग्रामीणों ने रात के समय घरों से निकलना बंद कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे पहले भी माधोटांडा क्षेत्र में टाइगर और अन्य जंगली जानवरों की चहलकदमी देखी जा चुकी है, हालांकि लोगों में दहशत का माहौल है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भारत भूषण ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भादा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां चल रहे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान, सीएमओ ने सबसे पहले कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका देखी। इसमें प्रभारी चिकित्सक डॉ. आयुष सोमवंशी, फार्मासिस्ट गंगेश पांडे, लैब टेक्नीशियन प्रतीक और स्टाफ नर्स माला वर्मा सहित केंद्र के सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए।इसके बाद, डॉ. भूषण ने मेले में आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए जन-जागरूकता स्टालों का निरीक्षण किया। इन स्टालों पर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही थीं। सीएमओ ने स्वास्थ्य टीम को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से वजन लिया जाए और उन्हें पोषण संबंधी उचित परामर्श भी प्रदान किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का मुख्य उद्देश्य आम जनता तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को आसान बनाना है। इसका लक्ष्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी देना भी है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सरकार की मंशा के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत पूरनपुर पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।पूरनपुर में महिला सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन सक्रिय भूमिका निभा रहा है थाना प्रभारी पवन पाण्डेय के कुशल निर्देशन पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग करना और उन्हें समाज में सुरक्षित महसूस कराना है थाना पुलिस द्वारा शहरी क्षेत्रों के बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं से सीधा संवाद किया और उन्हें बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में वे किस प्रकार पुलिस की सहायता ले सकती हैं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझाब हेल्पलाइन नंबर और डिजिटल सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी महिलाओं को बताया गया कि 1090 महिला शक्ति लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन सेवा उनके लिए हर समय उपलब्ध हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के उपयोग के बारे में भी बताया गया आज के डिजिटल युग में बढ़ रहे साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस ने महिलाओं को साइबर सुरक्षा के टिप्स भी दिए उन्हें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फिशिंग अटैक से बचाव और अनजान कॉल या लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई यूपीकॉप ऐप के माध्यम से मिलने वाली ऑनलाइन पुलिस सेवाओं के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया इसके साथ कानूनी अधिकार और सरकारी योजनाओं का प्रसार भी किया गया महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के प्रति सशक्त बनाने के लिए पुलिस ने विभिन्न कानूनों की जानकारी दी इसमें पॉक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम और आईटी एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया गया साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई ताकि पात्र महिलाएं इनका लाभ उठा सकें।

# हारीमऊ में अंत्येष्टि स्थल के केयरटेकर की बेरहमी से हत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**घटना को अंजाम देने वाले लोगों द्वारा चेहरा कुचलकर पहचान मिटाने की कोशिश की गई**

**एएसपी और सीओ समेत कई थानों की पुलिस ने मौके पर छानबीन में जुटी**

अमेठी । थाना जगदीशपुर क्षेत्र गांव हारीमऊ के पास निर्वाणधीन अंत्येष्टि स्थल पर सड़क के किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतक के सर और चेहरे पर चोट के निशान के चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक सीओ और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव हारीमऊ में निर्माणाधीन शमशान गृह से करीब सौ मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे रविवार की सुबह एक युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पीआरबी 112 की पुलिस और ग्रामीणों के द्वारा लाश को पहचानने की कोशिश की जा रही थी लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो पा रही थी क्योंकि युवक का चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था। युवक के शव के ऊपर साइकिल भी फेंकी गई थी।घटना की सूचना मिलते ही थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव मय दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे थे। ग्रामीणों की भीड़ बढ़ने पर मृतक युवक की पहचान की गई। उधर श्मशान गृह के अंदर ईंट और लकड़ी के डंडे में खून लगा मिला।मृतक की शिनाख्त मक्खन सिंह पुत्र पृथ्वी पाल सिंह निवासी ग्राम गूंगेमऊ थाना जगदीशपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचित किया पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वह शमशान गृह में केयरटेकर का काम करता था उसकी शादी नही हुई थी। परिजनों ने बताया कि अज्ञात लोगों के द्वारा मक्खन की हत्या की गई है।घटना की सूचना मिलते ही सीओ दिनेश कुमार मिश्र और फॉरेंसिक टीम के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और बड़ी ही बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से वार्ता कर पूरी जानकारी हासिल की। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और परिजनों से तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और सम्बंधित लोगों से पूंछतांछ की जा रही है।

### पडरिया में देवर की प्रताड़ना से परेशान महिला, पुलिस से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़रिया निवासी आरती देवी ने रविवार सुबह 11 बजे जानकारी देते हुए बताया कि उसका पति घर से बाहर रहकर मजदूरी करता है, जिसके चलते वह अपनी नाबालिग पुत्री के साथ घर पर अकेली रहती है। इसी का फायदा उठाकर उसका देवर आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है।आरती देवी के अनुसार देवर की हरकतों से उसका और उसकी बेटी का घर में रहना मुश्किल हो गया है। कई बार विरोध करने पर आरोपी ने धमकियां भी दीं, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़िता का कहना है कि उसने इस संबंध में पहले डायल 112 पुलिस और फिर कोतवाली में शिकायत की पर पुलिस हर बार केवल समझा बुझाकर मामला टाल दिया गया।महिला का आरोप है कि अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उसके हौसले और बढ़ गए हैं। पीड़िता ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो कोई बड़ी घटना हो सकती है। अकेली महिला होने के कारण वह खुद को और अपनी पुत्री को असुरक्षित महसूस कर रही है।आरती देवी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी देवर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे और उसकी बेटी को न्याय और सुरक्षा मिल सके।

### स्टडी वीजा का झांसा देकर युवक को विदेश भेजने के नाम पर की धोखाधड़ी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार विदेश भेजने के नाम पर लोगो के साथ ठगी की जा रही है ऐसा ही एक मामला पीलीभीत से सामने आया में सदर कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर एक जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है आरोपी ने स्टडी वीजा पर इंग्लैंड भेजने का झांसा देकर एक युवक से 9 लाख 65 हजार रुपए ठग लिए पीड़ित ने थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगांव पकड़िया निवासी मोहम्मद अरबाज पुत्र अकील अहमद ने सदर कोतवाली मे दर्ज कराई है जहानाबाद क्षेत्र के सरदार नगर निवासी फैज मलिक से उसके पारिवारिक संबंध थे अरबाज ने स्टडी वीजा पर इंग्लैंड जाने के लिए फैज मलिक से संपर्क किया आरोपी ने इंग्लैंड भेजने के लिए 14 लाख रुपए मे बात तय हुई आरोपी ने दो सप्ताह में वीजा आने का आश्वासन दिया अरबाज ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि आरोपी ने उसकी मार्कशीट में भी हेराफ़ेरी की है जब अरबाज ने अपने रुपए वापस मांगे, तो फैज मलिक ने पैसे लौटाने से इनकार कर जान से मारने की धमकी दी अरबाज ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की एसपी के आदेश पर पुलिस ने फैज मलिक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है -

### गन्ना कृषक में खुलेगा आईटी सेंटर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का आईटी सेंटर स्थापित किया जाएगा शनिवार को निदेशक डॉ. डीके मिश्रा ने निरीक्षण किया प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि पूरनपुर में सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा की समुचित व्यवस्था न होने से निर्धन और ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र उचित प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं।

### मेडिकल अफसर की अज्ञात कारणों से मौत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कूरेभार में तैनात एक मेडिकल अफसर डॉ. सुरेंद्र वर्मा का अज्ञात कारणों से निधन हो गया है। उन्हें सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज में मृत अवस्था में लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उनकी सांसें रुकी हुई पाईं। डॉ. सुरेंद्र वर्मा कूरेभार में मेडिकल अफसर के पद पर कार्यरत थे। वह सुल्तानपुर नगर के सिरवारा मोहल्ले में रहते थे। घटना की सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने अपने मातहतों को मेडिकल कॉलेज भेजा है। सीएमओ ने इस मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं। मृतक डॉक्टर के परिजनों को भी इस दुखद घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग घटना के कारणों का पता लगाने में जुटा हुआ है।

### महिला की करंट लगने से मौत, अवैध कटिया कनेक्शनों की जांच की मांग

अखण्डनगर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक अंतर्गत कनपुर गांव मेंएक दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय महिला की करंट लगने से मौत हो गई। खेतों में अवैध कटिया लगाकर की जा रही सिंचाई के दौरान बिछे बिजली के तार ने एक और जान ले ली। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान इंदुमती (60) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, इंदुमती अपने घर के पास स्थित बाग से लकड़ी बीनने निकली थीं। इसी दौरान वह पास के खेत से होकर गुजर रही थीं, जहां अवैध रूप से बिजली की कटिया डालकर सिंचाई की जा रही थी। खेत में बिछे खुले बिजली के तार की चपेट में आते ही उन्हें तेज करंट लगा और वह वहीं गिर पड़ीं। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इंदुमती रोजमर्रा की जरूरतों के लिए घर के आसपास से लकड़ी इकट्ठा करती थीं। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां महिला को मृत देख गांव में चीख-पुकार मच गई। यह अखण्डनगर विकासखंड में अवैध कटिया से सिंचाई के दौरान हुई पहली मौत नहीं है। इससे पहले भी क्षेत्र में इस तरह के हादसे सामने आ चुके हैं। खास तौर पर अलीपुर सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले इलाकों में पूर्व में भी करंट से मौत की घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं, जो समस्या की गंभीरता को उजागर करती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनियमित बिजली आपूर्ति, वैध कनेक्शन लेने की जटिल प्रक्रिया और सीमित संसाधनों के चलते कई किसान मजबूरी में अवैध कटिया डालकर सिंचाई करते हैं। हालांकि, इस लापरवाही की कीमत निर्दोष लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की और जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि अवैध कटिया किस खेत में डाली गई थी और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अवैध बिजली कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ किसानों को सुरक्षित और सुलभ सिंचाई के विकल्प उपलब्ध कराना जरूरी है। साथ ही नियमित निगरानी और ग्रामीण स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को खुले बिजली तारों के खतरों से अवगत कराना भी बेहद आवश्यक है।

# ज्ञानदीप अभियान का सातवाँ दिन, शिक्षा और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। वल्लीपुर स्थित निषाद बस्ती में चल रहे ज्ञानदीप अभियान के अंतर्गत आज अभियान का सातवाँ दिन अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर करीब 70 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों को कंप्यूटर की प्रारंभिक शिक्षा, हिंदी एवं अंग्रेज़ी में अपना परिचय देना, संख्याओं की समझ, प्रेरक कहानियाँ तथा अन्य शैक्षणिक विषयों का अभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास और संस्कारों का विकास करना रहा। आज के सत्र की विशेष बात यह रही कि सभी बच्चों के साथ राष्ट्रगान का आयोजन किया गया, जिससे पूरे वातावरण में राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की भावना देखने को मिली। इस सेवा कार्य में मधुरम पाठक, राज निषाद, विष्णु तिवारी, अंकुर जायसवाल, नितेश निषाद, विनायक पांडे की सक्रिय और समर्पित भूमिका रही। सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे मनोयोग से बच्चों को पढ़ाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय लोगों ने ज्ञानदीप अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल बस्ती के बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। शिक्षा के माध्यम से समाज में जागरूकता और राष्ट्रनिर्माण की भावना को मजबूत करने की दिशा में यह अभियान एक प्रेरणादायक उदाहरण बनता जा रहा है।

## पूरनपुर तहसील के सुल्तानपुर गन्ना केंद्र पर अवैध वसूली का विरोध किसानों ने किया प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में स्थापित गन्ना क्रय केंद्र पर रविवार सुबह किसानों ने हंगामा किया उन्होंने उतराई के नाम पर की जा रही अवैध वसूली का विरोध शुरू कर दिया आक्रोशित किसानों ने केंद्र पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि प्रत्येक ट्रॉली से 80 से 100 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है जिस कारण तौल प्रक्रिया बाधित है। और क्रय केंद्र पर ट्रालियों की लम्बी लाइन लगी हुई है किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी गन्ना क्रय केंद्र पर उतराई के नाम पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, इसके बावजूद सुल्तानपुर गन्ना सेंटर पर खुलेआम वसूली जारी है। इससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है विरोध कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि केवल सुल्तानपुर ही नहीं, बल्कि कई अन्य गन्ना क्रय केंद्रों पर भी इसी तरह उतराई के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है और प्रत्येक ट्रॉली पर इंचार्ज द्वारा गन्ने की कटौती भी की जा रही है किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उतराई के नाम पर हो रही वसूली बंद नहीं की गई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे किसानों का आरोप है कि वसूली न देने के कारण गन्ना तौल प्रभावित है, जिससे सेंटर पर ट्रॉलियों की लंबी लाइनें लगी हैं और किसान परेशान हैं। प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए गन्ना तौल कार्य भी बाधित रहा प्रदर्शन करने वालों में श्रीपाल, दुर्गेश कुमार, हंसराम, श्री देव सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे हैं।

# अमेठी में बाइक के साथ युवक लहरा रहे अवैध असलहा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस युवक की खोजबीन में जुटी**

अमेठी । जनपद अमेठी में युवाओं के बीच अवैध असलहों के साथ फोटो और वीडियो बनाने का खतरनाक शौक तेजी से बढ़ता जा रहा है।एक युवक द्वारा बाइक के साथ अवैध असलहा लेकर वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये युवक की तलाश में जुट गई है।उक्त मामला थाना संग्रामपुर क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। वीडियो में युवक खुलेआम अवैध असलहा लहराते हुए बाइक के साथ पोज देता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि ऐसे वीडियो और फोटो खिंचवाकर युवक न सिर्फ सोशल मीडिया पर अपनी धाक जमाने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि क्षेत्र में भय का माहौल भी पैदा कर रहे हैं।वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। संग्रामपुर थाने की पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुये युवक की पहचान करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि वीडियो की जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक के पास दिख रहा असलहा अवैध है या नही और उसे कहां से हासिल किया गया।थाना संग्रामपुर पुलिस तेजी से युवक की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि युवक की पहचान होते ही उसके खिलाफ अवैध हथियार रखने और सोशल मीडिया के माध्यम से दहशत फैलाने जैसी गम्भीर धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

# अशरफपुर में निर्माण कार्यों पर उठे सवाल, डीएम से शिकायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। बल्दीराय विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अशरफपुर में चल रहे पांच नए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। आरोप है कि खड़ंजा व नाली निर्माण में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री, विशेषकर पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार साधु की दुकान से श्यामबरन के घर तक 500 मीटर खड़ंजा व पुलिया निर्माण, खदरा मां काली स्थान से फहीम के घर तक 210 मीटर खड़ंजा, पूरे डगरी में राजेश के पाही से राकेश के पाही तक 250 मीटर खड़ंजा, अशरफपुर में संतोष के घर से तिलकराम के घर तक 50 मीटर नाली तथा पूरे मल्लहन में छबिलाल के घर से जग प्रसाद के घर तक 50 मीटर नाली का निर्माण कराया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण में पीली ईंटों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की मजबूती पर प्रश्नचिह्न लग गया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच कराए जाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रशासनिक स्तर पर जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## सम्पादकीय

# बचे बचपन

पश्चिमी देश, जिस सोशल मीडिया के गुणगान करते नहीं अघाते थे, अब उन्हें इससे बच्चों में पनपती विकृतियों की हकीकत समझ में आने लगी है। सुगबुगाहट तो ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक प्रतिबंधों को लेकर हो रही है, लेकिन इस दिशा में पहल करने का साहस आस्ट्रेलिया ने सुधारवादियों के दबाव में उठाया है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे बड़ी तकनीकी कंपनियों के अधिकार इसलिए वापस ले रहे हैं ताकि बच्चों के बच्चे होने के अधिकार और माता-पिता की मानसिक शांति के अधिकार की रक्षा हो सके। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया है कि यह सुधार जिंदगियां बदल देगा। साथ ही आस्ट्रेलिया के बच्चों को बचपन जीने का मौका देगा। आज दुनिया के तमाम देश मंथन कर रहे हैं यदि आस्ट्रेलिया यह पहल कर सकता है तो वे क्यों नहीं कर सकते। इनमें वे तमाम अभिभावक भी शामिल हैं जो अपने बच्चों की आत्महत्या के लिये सोशल मीडिया को जिम्मेदार मानते हैं। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया में यदि सोशल मीडिया मंच 16 साल से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट हटाने में असफल रहते हैं, तो उन्हें करीबन पांच करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना चुकाने के लिये बाध्य होना पड़ सकता है। आस्ट्रेलियाई सरकार क्रिसमस तक मूल्यांकन करेगी कि ये प्रतिबंध कितने कारगर साबित हुए हैं। निस्संदेह, आस्ट्रेलिया की पहल ने पूरी दुनिया में सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखने की मुहिम को नई ऊर्ज़ा दे दी है। कमोवेश, भारत जैसे देश भी सोशल मीडिया की असामाजिकता का दंश झेल रहे हैं। इसमें बच्चों के साथ ऑनलाइन बुलिंग से लेकर ऑनलाइन ठगी तक के तमाम मामले गाहे-बगाहे सामने आते रहते हैं। विडंबना है कि आज सोशल मीडिया पर प्रसारित वयस्कों की सामग्री से बच्चे जाने-अनजाने में परिचित हो रहे हैं। वे समय से पहले वयस्क हो रहे हैं। जिससे समाज में तमाम तरह की सामाजिक विकृतियां पैदा हो रही हैं। निस्संदेह, इससे आने वाले समय में घातक सामाजिक विद्रूपताएं पैदा हो सकती हैं। दरअसल, बच्चों के लगातार घंटों कथित सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से उनमें तमाम शारीरिक व मानसिक विसंगतियां पैदा हो रही हैं। उन्हें संस्कार अब माता-पिता व शिक्षक नहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का दोहन करने वाले निहित स्वार्थी तत्व दे रहे हैं। जो कि भारतीय जीवन-मूल्यों व संस्कारों से मेल नहीं खाते। आज सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर इतनी अश्लील व द्विअर्थी सामग्री का प्रवाह है कि हमारे किशोर आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख हो रहे हैं। सोशल मीडिया के घातक प्रभाव के चलते आज बच्चों के नायक बदल गए हैं। उनके आदर्श बदल गए हैं। उनका नजरिया बदल रहा है। सोशल मीडिया के कतिपय मंचों पर अश्लील सामग्री की उपलब्धता ने किशोरों में ब्रह्मचर्य के भारतीय मूल्यों को ताक पर रख दिया है। विडंबना यह है कि घंटों सोशल मीडिया पर बैठे रहने वाले बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। जिससे उनमें मोटापा व अनेक गैर संक्रामक रोग पनप रहे हैं। वे किशोर अवस्था में मधुमेह आदि उन रोगों के शिकार बन रहे हैं जो कभी बड़ी उम्र के लोगों को हुआ करते थे। इस संकट का एक घातक पहलू यह भी है कि मोबाइल पर लगातार सोशल मीडिया के कार्यक्रम स्क्रॉल करने वाले बच्चों की मानसिक एकाग्रता बाधित हो रही है। जाहिर है इसका प्रभाव उनके शैक्षिक प्रदर्शन पर पड़ेगा। एक समय दुनिया के तमाम देशों में जिन भारतीय प्रतिभाओं का डंका बजता था, शायद भविष्य में ऐसा न हो। घंटों सोशल मीडिया पर बिताने वाले छात्रों से उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपनी पढ़ाई के लिये पूरी तरह एकाग्र हो सकेंगे। निरंतर कल्पना लोक में विचरण करने वाले बच्चे जब जीवन की हकीकत से जूझते हैं तो टूटने-बिखरने लगते हैं। गाहे-बगाहे आत्महत्या करने वाले किशोरों के डेटा का यदि गंभीरता से विश्लेषण किया जाए तो निश्चित रूप से हम सोशल मीडिया के घातक प्रभाव की हकीकत से रूबरू हो सकते हैं। आस्ट्रेलियाई पहल से सबक लेकर भारत के नीति-नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से पहल करनी चाहिए। इस दिशा में थोड़ी भी देरी की देश को भविष्य में बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

# सोशल मीडिया का बढ़ता वर्चस्व और खोता हुआ बचपन

भारतीय परिवार-व्यवस्था, संस्कार और मूल्य-व्यवस्था इस संकट की चपेट में और तेजी से आए हैं। पहले जहां बच्चे माता-पिता, शिक्षक और संस्कारों से सीखते थे, आज वे 'रील्स' और 'शॉर्ट वीडियोज' एवं अश्लील सामग्री से सीख रहे हैं। जो सामग्री उनके सामने आ रही है, वह न भारतीय चरित्र से मेल खाती है न जीवन-मूल्यों से। निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा तैयार ये सामग्री बच्चों के मन में गलत आदर्श, गलत नायक और गलत आकांक्षाएं भर रही है। सवाल यह है कि क्या बच्चे स्वयं सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, या सोशल मीडिया उन्हें एक सुनियोजित तरीके से अपनी गिरफ्त में ले रहा है? सच्चाई का उत्तर दूसरा है। इन प्लेटफॉर्मों पर अमर्यादित सामग्री की भरमार है-जिसे देखकर किशोरों में अपराधी प्रवृत्तियों की ओर उन्मुखता बढ़ रही है। ब्रह्मचर्य, संयम, अनुशासन और चरित्र जैसे भारतीय मूल्य हाशिये पर जा रहे हैं। इसके साथ-साथ एक गंभीर स्वास्थ्य-संकट जन्म ले रहा है। घंटों मोबाइल पकड़े बैठने से बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। मोटापा, नींद की कमी, सिरदर्द, रीढ़ संबंधी विकार और यहां तक कि किशोरावस्था में मधुमेह जैसे रोगों के मामले बढ़ रहे हैं। मानसिक रूप से स्थिति और भी भयावह है। लगातार स्क्रॉल करने की आदत बच्चों की एकाग्रता को चकनाचूर कर रही है। शिक्षा पर इसका सीधा दुष्प्रभाव दिखाई दे रहा है। जो बच्चे घंटों कल्पना-लोक में विचरण करते हैं, वे वास्तविकताओं से जूझते समय टूटने-बिखरने लगते हैं। उनकी सहनशक्ति कम हो रही है, आत्मविश्वास टूट रहा है, और असफलताओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ रही है-जो कई बार आत्महत्या जैसी भयावह प्रवृत्तियों को जन्म देती है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। ऑनलाइन बुलिंग, ऑनलाइन ठगी, व्यभिचार से जुड़ी सामग्री, गुमराह करने वाले 'इन्फ्लुएंसर', फर्जी पहचान, ऑनलाइन हिंसा और डिजिटल व्यसन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कई बार बच्चे अपराधों में नहीं, बल्कि अपराधों के शिकार के रूप में फंसते हैं-लेकिन उन्हें बचाने वाला कोई नहीं दिखता। सोशल मीडिया कंपनियों का रवैया लापरवाह रहा है, क्योंकि उनका लक्ष्य बच्चों की सुरक्षा नहीं, बच्चों का उपयोग करके मुनाफा कमाना है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत में भी ऑस्ट्रेलिया जैसे कठोर कदम उठाए जाने चाहिए?

पिछले एक दशक में जिस सोशल मीडिया को आधुनिकता की उपलब्धि, अभिव्यक्ति की आजादी और वैश्विक संपर्क का सबसे बड़ा माध्यम माना गया था, उसी सोशल मीडिया ने अब अपने छिपे डरावने एवं वीभत्स चेहरे दिखाने शुरू कर दिए हैं। पश्चिमी देश, जो कल तक इसके गुणगान करते नहीं थकते थे, अब उसके दुष्परिणामों से भयभीत होने लगे हैं। यह भय यूं ही नहीं है-अनेक देशों में बच्चों की आत्महत्याओं, हिंसक व्यवहार, मानसिक विकारों, नशे जैसे डिजिटल व्यसनों और सामाजिक विकृतियों के बढ़ते आंकड़ों ने सोशल मीडिया की वास्तविकता का पर्दाफाश किया है। इसी पृष्ठभूमि में आस्ट्रेलिया की सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाकर विश्व-समुदाय को चेताया भी है और झकझोर भी दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों से वह अधिकार वापस ले लिए हैं, जिनके दुरुपयोग ने बच्चों के जीवन और अभिभावकों की मानसिक शांति को संकट में डाल दिया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सुधार बच्चों को 'बचपन जीने का अधिकार' लौटाने के लिए है-उन जिंदगियों को नया मोड़ देने के लिए है जो सोशल मीडिया ने समय से पहले वयस्कता, अस्वस्थता, तनाव और विकृतियों में धकेल दी थीं। इतना ही नहीं, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट नहीं हटाने पर लगभग पाँच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान देश का रुख साफ करता है कि अब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पहल के बाद पश्चिमी जगत में सुगबुगाहट बढ़ी है। ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक सवाल उठ रहे हैं कि यदि ऑस्ट्रेलिया यह साहस दिखा सकता है तो वे क्यों नहीं? यह सुगबुगाहट केवल सरकारों में ही नहीं है-उन अभिभावकों में भी है जिन्होंने सोशल मीडिया को अपने बच्चों की आत्महत्या, अवसाद और चरित्र-भंग का मूल कारण मानना शुरू कर दिया है। वास्तव में, इस संकट की शुरुआत तब हुई जब सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों ने बच्चों को आकर्षित करने के लिए ऐसे एल्गोरिद्म बनाए, जो उनका अधिकतम समय खाएं, उनकी जिज्ञासाओं को उकसाएं और उनके भीतर छिपी संवेदनशीलता का दोहन करके उन्हें सोशल मीडिया निर्भरता की स्थिति तक ले जाएं। इन प्लेटफॉर्मों पर वयस्क सामग्री, द्विअर्थी वीडियोज, हिंसक गेम्स, 'लाइक-फॉलोअर' जैसे डिजिटल भ्रमों का ऐसा सैलाब है जिसने बच्चों की मनोवैज्ञानिक संरचना को गहरी चोट पहुंचाई है। नतीजा यह है कि आज बच्चे समय से पहले वयस्क हो रहे हैं-शरीर से नहीं, मानसिकता से। भारतीय परिवार-व्यवस्था, संस्कार और मूल्य-व्यवस्था इस संकट की चपेट में और तेजी से आए हैं। पहले जहां बच्चे माता-पिता, शिक्षक और संस्कारों से सीखते थे, आज वे 'रील्स' और 'शॉर्ट वीडियोज' एवं अश्लील सामग्री से सीख रहे हैं। जो सामग्री उनके सामने आ रही है, वह न भारतीय चरित्र से मेल खाती है न जीवन-मूल्यों से। निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा तैयार ये सामग्री बच्चों के मन में गलत आदर्श, गलत नायक और गलत आकांक्षाएं भर रही है। सवाल यह है कि क्या बच्चे स्वयं सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, या सोशल मीडिया उन्हें एक सुनियोजित तरीके से अपनी गिरफ्त में ले रहा है? सच्चाई का उत्तर दूसरा है। इन प्लेटफॉर्मों पर अमर्यादित सामग्री की भरमार है-जिसे देखकर किशोरों में अपराधी प्रवृत्तियों की ओर उन्मुखता बढ़ रही है। ब्रह्मचर्य, संयम, अनुशासन और चरित्र जैसे भारतीय मूल्य हाशिये पर जा रहे हैं। इसके साथ-साथ एक गंभीर स्वास्थ्य-संकट जन्म ले रहा है। घंटों मोबाइल पकड़े बैठने से बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। मोटापा, नींद की कमी, सिरदर्द, रीढ़ संबंधी विकार और यहां तक कि किशोरावस्था में मधुमेह जैसे रोगों के मामले बढ़ रहे हैं। मानसिक रूप से स्थिति और भी भयावह है। लगातार स्क्रॉल करने की आदत बच्चों की एकाग्रता को चकनाचूर कर रही है। शिक्षा पर इसका सीधा दुष्प्रभाव दिखाई दे रहा है। जो बच्चे घंटों कल्पना-लोक में विचरण करते हैं, वे वास्तविकताओं से जूझते समय टूटने-बिखरने लगते हैं। उनकी सहनशक्ति कम हो रही है, आत्मविश्वास टूट रहा है, और असफलताओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ रही है-जो कई बार आत्महत्या जैसी भयावह प्रवृत्तियों को जन्म देती है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। ऑनलाइन बुलिंग,



ऑनलाइन ठगी, व्यभिचार से जुड़ी सामग्री, गुमराह करने वाले 'इन्फ्लुएंसर', फर्जी पहचान, ऑनलाइन हिंसा और डिजिटल व्यसन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कई बार बच्चे अपराधों में नहीं, बल्कि अपराधों के शिकार के रूप में फंसते हैं-लेकिन उन्हें बचाने वाला कोई नहीं दिखता। सोशल मीडिया कंपनियों का रवैया लापरवाह रहा है, क्योंकि उनका लक्ष्य बच्चों की सुरक्षा नहीं, बच्चों का उपयोग करके मुनाफा कमाना है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत में भी ऑस्ट्रेलिया जैसे कठोर कदम उठाए जाने चाहिए? उत्तर है-बिल्कुल होना चाहिए। और वह भी तुरंत। भारत की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा किशोरों और युवाओं का है। यदि यह पीढ़ी सोशल मीडिया के अंधाधुंध प्रभाव में ढल गई, तो भविष्य में हमें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत की वह पहचान, जहां दुनिया भर में भारतीय प्रतिभा, अनुशासन और बुद्धिमत्ता की मिसाल दी जाती थी, वह धूमिल पड़ने लगेगी। यह संकट केवल सरकार का नहीं है-यह समाज, विद्यालयों, अभिभावकों और मीडिया-संस्थानों का संयुक्त संकट है। अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल देना उनकी 'मांग' समझ में आता है, लेकिन उनको दिशा देना उनका कर्तव्य है। विद्यालयों को बच्चों को डिजिटल शिष्टाचार, डिजिटल योग्यता और डिजिटल अनुशासन के बारे में शिक्षित करना चाहिए। सरकार को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ ऐसे नियम बनाने चाहिए, जिनमें सोशल मीडिया कंपनियों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाना पड़े। ऑस्ट्रेलिया ने यह कर दिखाया। और दुनिया सहम गई। अब बारी भारत और अन्य देशों की है। क्योंकि बच्चों का बचपन सिर्फ उनका अधिकार नहीं-पूरे समाज का भविष्य है। यदि यह बचपन सोशल मीडिया के हाथों बर्बाद होता रहा, तो आने वाले दौर में जो विकृतियां जन्म लेंगी, वे केवल सामाजिक नहीं, राष्ट्रीय संकट बन जाएंगी। यह समय निर्णायक है। थोड़ी-सी भी देर-और समाज को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऑस्ट्रेलियाई पहल ने दुनिया को एक संदेश दे दिया है कि बच्चों को बचाने का समय अब आ गया है। भारत को भी साहसिक कदम उठाकर यह साबित करना होगा कि वह डिजिटल युग के दुष्परिणामों को समझता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ और संस्कारित वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। बचपन को बचाइए-क्योंकि यही वह आधार है जिस पर समाज, संस्कृति और सभ्यता खड़ी होती है। और यदि यह आधार कमजोर पड़ गया, तो भविष्य की कोई भी इमारत स्थायी नहीं रह सकती। – ललित गर्ग

# लौहपुरुष सरदार पटेल और एकीकृत भारत की नींव

सरदार पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल गुजरात के नाडियाद के किसान परिवार में 31 अक्तूबर 1875 को जन्मे, जिन्होंने सदैव देश की एकता को सर्वोपरि माना। सरदार पटेल ने भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी कुशलता से आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद कुशलता से सम्पन्न करने के लिए जाने जाते रहे सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था और इसी दिन को प्रतिवर्ष 'सरदार पटेल स्मृति दिवस' के रूप में मनाया जाता है। देश के पहले गृहमंत्री और प्रथम उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा। सरदार पटेल ने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी कर अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू की थी। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित हुए और इसीलिए उन्होंने गांधीजी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया। वे भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत से साथ पूरा किया करते थे। उनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग सामने आते हैं, जो इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक के जीवन को समझने में सहायक हैं। एक किसान परिवार में जन्मे वल्लभ भाई पटेल जब छोटे थे, तब अपने पिताजी के साथ खेत पर जाया करते थे। एक दिन जब उनके पिताजी खेत में हल चला रहे थे तो वल्लभ भाई पटेल उन्हीं के साथ चलते-चलते पहाड़े याद कर रहे थे। उसी दौरान उनके पांव में एक बड़ा-सा कांटा चुभ गया किन्तु वे हल के पीछे चलते हुए पहाड़े कंठस्थ करने में इस कदर लीन हो गए कि उन पर कांटा चुभने का कोई प्रभाव ही नहीं पड़ा। जब एकाएक उनके पिताजी की नजर उनके पांव में घुसे बड़े से कांटे और बहते खून पर पड़ी तो उन्होंने घबराते हुए बैलों को रोका और बेटे के पैर से कांटा निकालते हुए घाव पर पत्ते लगाकर खून बहने से रोका। बेटे की एकाग्रता और तन्मयता देख कर वे बहुत खुश हुए और जीवन में कुछ बड़ा कार्य करने का आशीर्वाद दिया। वल्लभ भाई पटेल वकालत की पढ़ाई करने के लिए सन 1905 में इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन पोस्टमैन ने उनका पासपोर्ट और टिकट उनके भाई विठ्ठल भाई पटेल को सौंप दिए। दोनों भाइयों का शुरूआती नाम वी. जे. पटेल था, ऐसे में बड़ा होने के नाते उस समय विट्ठल भाई ने स्वयं इंग्लैंड जाने का निर्णय लिया। वल्लभ भाई पटेल ने बड़े भाई के निर्णय का सम्मान करते हुए न केवल बड़े भाई को अपना पासपोर्ट और टिकट दे दिया बल्कि इंग्लैंड में रहने के लिए उन्हें कुछ धनराशि भी भेजी। सरदार पटेल का जीवन कितना सादगीपूर्ण था और उनका स्वभाव कितना सहज तथा नम्र था, यह इस किस्से से आसानी से समझा जा सकता है। सरदार पटेल उन दिनों भारतीय लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष थे। असेंबली के कार्यों से निवृत्त होकर एक दिन जब वे घर के लिए निकल ही रहे थे, तभी एक अंग्रेज दम्पत्ति वहां पहुंचा, जो विदेश से भारत घूमने के लिए आया था। सरदार पटेल सादे वस्त्रों में रहते थे और उन दिनों उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। अंग्रेज दम्पत्ति ने इस वेश में देखकर उन्हें वहां का चपरासी समझ लिया और असेंबली में घुमाने के लिए कहा। सरदार पटेल ने बड़ी ही विनम्रता से उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पूरे असेंबली भवन में घुमाया। इससे खुश होकर दम्पति ने सरदार पटेल को बख्शीश में एक रुपया देने का प्रयास किया लेकिन सरदार पटेल ने अपनी पहचान उजागर न करते हुए विनम्रतापूर्वक लेने से इन्कार कर दिया।

## सेहत मंत्र

# रोज सेब खाएं, फायदे होंगे इतने कि गिनते रह जाएंगे

आपने अक्सर लोगों के मुंह से सुना होगा कि एन एप्पल इन ए डे, कीप्स द डॉक्टर अवे। अर्थात अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं तो आपको प्रतिदिन एक सेब का सेवन करना चाहिए। यह जुमला ही सेब के गुणों का बखान करता है। आमतौर पर लोग यह तो जानते हैं कि सेब का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है लेकिन वास्तव में इससे सेहत को क्या लाभ प्राप्त होते हैं, इसके बारे में लोग नहीं जानते। तो चलिए आज हम आपको इससे मिलने वाले कुछ फायदों के बारे में बताते हैं? पाचन तंत्र में लाभदायकः सेब आपके पेट के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें वैसे तो फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है लेकिन इसके साथ?साथ यह आपके पेट संबंधी परेशानियों को दूर करने में भी एक अहम भूमिका निभाता है। खासतौर से, जिन लोगों को कब्ज आदि की शिकायत होती है, उन्हें तो विशेष रूप से प्रतिदिन एक सेब का सेवन करना चाहिए। एनिमिया का उपचार : इस बात से तो आप वाकिफ ही होंगे कि भारत देश में अधिकतर लोग एनिमिक हैं। खासतौर से, महिलाओं में आयरन की मात्रा काफी कम पायी जाती है। ऐसे में प्रतिदिन सेब का सेवन करने से उन्हें काफी फायदा होता है क्योंकि इसमें आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। मधुमेह नियंत्रण : भले ही सेब स्वाद में मीठा हो लेकिन फिर भी इसे मधुमेह के रोगियों को खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि यह रक्त में शुगर लेवल को कंट्रोल करने का माद्दा रखती है। दांत बनाए स्वस्थ : शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन वास्तव में सेब आपके दांतों को स्वस्थ बनाने का काम भी करता है। दरअसल, जब आप सेब को चबाकर खाते हैं तो इससे आपके मुंह में लार का उत्पादन तेज होता है। इतना ही नहीं, यह बैक्टीरिया को कम करके दांतों को भी नुकसान पहुंचाने से बचाता है। वेट लॉस में करता है मददः आजकल जिसे देखो, अपने बढ़ते वजन को लेकर चिंतित रहता है। ऐसे लोगों को अपनी डाइट में सेब को अवश्य शामिल करना चाहिए। बहुत से शोध व स्टडी इस ओर इशारा करती हैं कि सेब के सेवन से काफी हद तक वजन कम किया जा सकता है। ऐसा उसमें मौजूद फाइबर के कारण होता है। जब आप सेब का सेवन करते हैं तो आपको काफी देर तक पेट भरे होने का अहसास होता है और आप अतिरिक्त कैलोरी के सेवन से बच जाते हैं।

## धर्म मंत्र

# शनि मंदिरों में दर्शन कर आप पा सकते हैं मनवांछित फल

मध्य प्रदेश के मुरैना के शनि पर्वत पर स्थित त्रेतायुगीन शनि मंदिर पर देश के कोने-कोने से दर्शन करने आते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की शनिदेव के प्रति असीम आस्था है। श्रद्धालु शनिदेव से यहां सुख समृद्धि और शांति के लिए आराधना करने आते हैं। 15 मई को शनि जयंती पर यहां एक महोत्सव जैसा माहौल था। शनि जयंती के दिन शनि देव की पूजन करना एक संयोग भी माना जाता है। शनि देव सौर मंडल का सबसे महत्वपूर्ण गृह हैं। जो व्यक्ति के कर्म अनुसार अच्छे बुरे कर्म फल के निर्णायक हैं। शनि को मृत्युलोक का न्यायाधीश माना गया है। इसलिए भी शनिदेव की आराधना बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। पुराणों के अनुसार सूर्यदेव की दूसरी पत्नी छाया के गर्भ से जन्मे शनि के श्याम रंग को देखकर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाते हुए शनि को अपना पुत्र मानने से इंकार कर दिया। इस कारण शनिदेव अपने पिता सूर्य से शत्रुभाव रखने लगे। उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर अनेक शक्तियां प्राप्त कीं। सभी ग्रहों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया, यमराज शनिदेव के भाई और यमुना बहन हैं। देश में विख्यात मुरैना का त्रेता युगीन शनि मंदिर से ही शनि शिंगणापुर महाराष्ट्र में 1817 के आसपास शिला से शनिदेव की स्थापना की गयी। माता अहिल्या की नगरी इंदौर में शनि देव का प्राचीन मंदिर है। शहर के बीचोंबीच जूनि इंदौर में यह स्थित यह मंदिर करीब 300 साल पुराना है। इस मंदिर के बारे में एक सच्ची कहानी है कि यहां के अंधे पुजारी को शनि देव ने प्रसन्न होकर आंखें दी थीं।

## पर्यटन



# बारासात शहर में बसी है बंगाल की संस्कृति

बारासात बंगाली संस्कृति का एक केंद्र है, जहां दुर्गा और काली पूजा के दौरान काफी रौनक रहती है। आपने फिल्मों में अक्सर देखा होगा कि बंगाल की संस्कृति की झलकियां दिखाई जाती हैं। रसगुल्ला, संदेश मिठाई, बंगाली साड़ी जैसी कई चीजें पूरी दुनिया में मशहूर है। लेकिन बंगाल अब बिल्कुल वैसा नहीं रहा, जैसा फिल्मों या टीवी सीरियल्स में दिखाया जाता है ऐसे में अगर आपको बंगाल की संस्कृति की असल झलक देखनी हो, तो आप बारासात शहर में घूम सकते हैं। आइए, जानते हैं क्या है यहां खास। बारासात बंगाली संस्कृति का एक केंद्र है, जहां दुर्गा और काली पूजा के दौरान काफी रौनक रहती है, बारासात पर्यटन ने कोलकाता के स्थानीय लोगों का और दुनिया भर के पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। दुर्गा पूजा के दौरान आपको यहां कई विदेशी देखने को मिलेंगे। हजरत इकदिल शाह की समाधि यहां हिन्दू-मुस्लिम के संगम को दर्शाती है। हजरत इकदिल की याद में यहां हर साल मेला भी लगता है। इसके अलावा यहां पुरानी इमारतें और मंदिर भी बंगाल के इतिहास को बयां करते हैं। यहां आकर आप ऐसी कई चीजें देखने को मिलेगी, जो आपको अपने शहर में नहीं मिल सकती। आप यहां कपास बुनाई के छोटे कुटीर उद्योग भी देख सकते हैं, जो बारासात नगरी का प्रमुख उत्पादक है। आप कोलकत्ता जाने वाली किसी ट्रेन या फ्लाइट से यहां आ सकते हैं। कोलकत्ता के बाद आप किसी टैक्सी या बस से यहां पहुंच सकते हैं। बारासात में कई गेस्ट हाउस है, लेकिन अगर आपको लक्जरी होटल चाहिए, तो आप कोलकत्ता में ठहरकर दिन के समय यहां घूमने आ सकते हैं। अगर आप बारासात आ रहे हैं, तो यहां घूमने-फिरने के साथ यहां के जायकों को न भूलें। आपको यहां स्ट्रीट फूड के बेहतरीन जायके चखने को मिलेंगे। आप यहां नवम्बर से जून महीने में आ सकते हैं। मौसम खुशनुमा रहता है।

# आर्मी 11 ने जीता फाइनल मुकाबला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत कार्यालय के निकट खेल मैदान में प्रचलित चार दिवसीय क्रिकेट टूर 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार लकी 11 व आर्मी 11 के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के इस महा मुकाबला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गौरव कुमार रावत पूर्व अध्यक्ष रियाज अहमद उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। फाइनल मुकाबले लकी 11 के कप्तान मोहम्मद सलमान नेट टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मैदान पर बैटिंग करने उतरी आर्मी 11 कप्तान बबलू आरा मशीन के नेतृत्व में आर्मी 11 के खिलाड़ियों ने निर्धारित 10 ओवर में 138 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब मे उत्तरी लकी 11 ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 133 रनों पर ही आउट हो गई।



इस फाइनल मुकाबले में शिबू खान ने सर्वाधिक 32 रन बनाए जिन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। विधायक श्री गौरव द्वारा पूर्व अध्यक्ष रियाज अहमद की बोलिंग पर बैटिंग की। इस अवसर पर सपा नेता रिजवान संजय चित्रांश यादव निर्मल वर्मा अध्यक्ष व्यापार सभा बाराबंकी आसिफ राईन शोएब राईन नासिर गर्रा गुलफाम रिजवी शाहिद अंसारी शायम मेंहदी सभासद. जावेद खान परवेज खान मोहम्मद सलमान कर्बला हाजी जमील कैफी खान सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक व खिलाड़ी गण उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने किया आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव ने स्टेट टीम के साथ रविवार को सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदोसराय, सैदनपुर एवं मेलारायगंज स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर से हुई, जहां मुख्यमंत्री आरोग्य मेला चल रहा था। सीएमओ ने मेले का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जा रही दवाइयों व उपचार की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. संजय गुप्ता, एएनएम सरला, आशा बहू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थीं। सीएमओ ने स्वास्थ्य टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने मेलारायगंज स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंच कर स्टेट टीम के साथ स्थित की जानकारी ली।




वहां उन्होंने सीएचसो आसमा बानो से केंद्र के संचालन संबंधी जानकारी ली,और उपस्थिति पंजिका देखा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदोसराय का भी निरीक्षण किया यहां भी मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित था। जिसमें मरीजों की जांच और उन्हें दवाइयां दी जा रही थी। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह, डॉ देवप्रताप सिंह, बीपीएम शैलेश कुमार, अभय सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# शैक्षिक भ्रमण पर बच्चे रवाना डीसी ने दिखाई हरी झंडी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025S26 के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शैक्षिक भ्रमण के लिए जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने बदोसराय में व सैदनपुर में भाजपा मंडल महामंत्री अमित भैया रामजी , जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज सोनी ने हरी झंडी दिखाकर बसें रवाना की ।इस अवसर पर विजय यादव ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के बौद्धिक, शैक्षिक एवं सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर खुरशेद अली, दिलीप तिवारी नवीन मिश्र, बृजेश शुक्ला, श्याम जी, धर्मराज, मुजफ्फर हुसैन, दिनेश कुमार मौर्या, मो. वसीम एवं अश्वनी कुमार यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की सुरक्षित, सफल यात्रा की मंगल कामना की।

## शबरी पर कृपा कर श्रीराम ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश : अतुल भारद्वाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कस्बा टिकैतनगर में राम कथा गंगा प्रवाह में डुबकी लगा कर क्षेत्रवासी धन्य धन्य हो रहे हैं। श्रीराम कथा के आठवें दिवस कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने सामाजिक समरसता का संदेश देकर जनमानस को एकता के सूत्र में बांधा। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि शबरी की भक्ति से प्रभावित होकर श्रीराम ने उसके जूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त सीता हरण, जटायु मोक्ष, शबरी भेंट एवं हनुमान मिलन के प्रसंगों को भाव-विभोर होकर सुनाया, जिससे सभी श्रोता भाव-विभोर हो गए। श्रीराम कथा में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। कथा के दौरान व्यास जी ने स्वर्ण मृग (सोने का हिरण) की घटना का बड़े ही रोचक ढंग से वर्णन करते हुए कहा कि जब भक्ति भगवान से विमुख होकर केवल भौतिक साधनों की ओर आकर्षित हो जाती है, तब जीव को भगवान-प्राप्ति के लिए भटकना ही पड़ता है। जैसे– माता सीता जानकी सोने का हिरण नहीं चाहती थीं, परंतु सोने के प्रति आकर्षण के कारण वे प्रभु श्रीराम जैसे 'सोने' को भूल गईं। जटायु के प्रसंग की व्याख्या करते हुए व्यास जी ने कहा कि जो दूसरों की सेवा में लगा रहता है, उसकी चिंता स्वयं भगवान करते हैं। जैसे– जटायु ने माता सीता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, तब प्रभु श्रीराम ने उस गिद्ध जाति के पक्षी को उठाकर अपनी गोद में बैठाया और हृदय से लगाया। इसी कारण श्री तुलसीदास जी ने जटायु को 'मानस में परम बड़भागी' कहा है। जटायु को भगवान के हाथों मोक्ष प्राप्त हुआ और वह सीधे स्वर्गलोक को गया। इसी प्रकार शबरी भगवान की अनन्य भक्त थीं। श्रीराम यह जानते हुए भी कि वह भीलनी जाति की हैं, उनके जूठे बेर प्रेम पूर्वक खाए और सामाजिक समरसता का महान संदेश दिया। भगवान की साधना में जाति-पाति का कोई भेदभाव नहीं होता। भगवान श्रीराम ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश भी दिया। व्यास जी ने सुग्रीव मिलन और बालि वध के प्रसंग के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि अधर्म कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः उसका पतन निश्चित है और धर्म की विजय सदा होती है।

### कार्यपालिका का अंग बना न्याय –सुमन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाकपा नेता रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि प्रदेश में न्याय, दंगाइयों के पक्ष में खड़ा है और पीडित पक्ष को फाँसी हो रही है। न्याय कार्यपालिका का अंग हो गया है जबकि संविधान की अवधारणा है कि न्यायपालिका एक स्वतन्त्र है न्याय संविधान के अनुसार न होकर मनुस्मृति के अनुसार हो रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन आज जिला कौंसिल बैठक को सम्बोधित कर रहे थे । पार्टी के जिला सचिव बृज?मोहन वर्मा में कहा कि पार्टी का शताब्दी समारोह 26 दिसम्बर को उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा। जिसमे इतिहास की महत्व–पूर्ण परिघटनाओं को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

राज्य परिषद सदस्य प्रवीनकुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास अब कोई मुद्दा नहीं है इसलिए जाति के आधार पर जातिवाद को बढ़ावा देने के लिए मंत्रियो को इस्तीफा करवाकर प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है। शिवदर्शन वर्मा, मुनेश्वर प्रसाद रामनरेश वर्मा, आदि ने भी अपने विचार रखें। बैठक में मो कदीर, प्रेम चंद वर्मा, संदीप तिवारी, महेन्द्र यादव, विवेक वर्मा दीपक शर्मा आदि प्रमुख नेता मौजूद थे।

### दहेज लोभियों पर मुकदमा हुआ दर्ज , जांच शुरु

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्धौर कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहिउद्दीनपुर मजरे मदारपुर रोशन जमा खा गांव में शनिवार को 24 वर्षीय मंजीसा का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला था। इस घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया था।मृतका के भाई महावीर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था शादी के बाद से ही मंजीसा को दहेज में हीरो कंपनी की बाइक न लाने को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत गला कसने से होना सामने आया है पुलिस ने मृतका के पति रंजीत कुमार और ससुर मंसाराम व (दिव्यांग) सास राधा देवी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए तीनो आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की हैद थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है

### स्वर्ग धाम सेवा दल अंतिम संस्कार को आये लोगों के परिजनों को देगा निशुल्क प्रमाण पत्र

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद के पांचाल घाट स्थित स्वर्गधाम पर स्वर्ग धाम सेवा दल की एक आवश्यक बैठक हुई । बैठक में स्वर्गधाम पर फैली अव्यवस्थाओं को खत्म करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्ग धाम पर अवैध वसूली करने वाले गैंग को खत्म होने के बाद भी उस गैंग से जुड़े लोगों ने अवैध रूप से अपना एक कार्यालय खोल लिया है।बमृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर अंतिम संस्कार करने वाले लोगों को अपने करिंदों के द्वारा बरगलाकर फिर से प्रमाण पत्र जारी करने नाम पर रुपए की वसूली प्रारंभ कर दी । लगातार शिकायत मिलने पर कई बार पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। कोई कार्रवाई न होने पर स्वर्गधाम सेवादल ने तय किया कि अब अंतिम संस्कार करने वालों के परिजनों को घाट पर ही दाह संस्कार निशुल्क प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।बैठक में फर्रुखाबाद विकास मंच जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा, राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे, सत्यपाल सिंह , रामदास गुप्ता, अनिल द्विवेदी, श्यामेंद्र दुबे, अनंतराम, कन्हैया दास, सौरभ पांडे,पंकज राठौर ,विनय दीक्षित, सुनील शुक्ला, नीरज दुबे, कुलदीप दीक्षित, अजय मिश्रा, प्रेमचंद वर्मा, राजीव वर्मा, शांतनु शाक्य, लवी सक्सेना, कुलदीप कठेरिया, पवन बाल्मिक, आदित्य वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पत्नी को लेने गया था ससुराल, विवाद के बाद युवक ने फांसी लगा कर दी जान

औरैया । उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया के दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुही में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान बिधूना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिलखना निवासी 30 वर्षीय कप्तान सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार युवक कप्तान सिंह दो दिन पहले ही अपनी ससुराल जमुही आया था। वह अपनी पत्नी को मायके से विदा कराकर वापस ले जाना चाहता था। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर पति–पत्नी के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद कप्तान सिंह कमरे से बाहर निकल गया और घर में जीने की ओर चला गया, जहां उसने सरिया में फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजनों ने उसे न दिखाई देने पर तलाश की तो घटना का पता चला। शव देखते ही परिजनों में चीख–पुकार मच गई।थाना प्रभारी रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद के बाद आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक कप्तान सिंह के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

साइबर अपराध से बचाव के लिए पुलिस ने वाहन चालकों को किया सचेत

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में रविवार को स्योहारा में थाना प्रभारी संजय कुमार ने मिल परिसर में ट्रक चालकों के लिए साइबर अपराध से बचाव पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य बढ़ते ऑनलाइन ठगी के मामलों की रोकथाम करना था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्रक चालक और वाहन मालिक मौजूद थे।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि साइबर ठग अब कॉल, लिंक, बैंकिंग अपडेट और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को निशाना बना रहे हैं, ऐसे में जागरूकता ही सबसे प्रभावी बचाव है। उन्होंने चालकों को सलाह दी कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा करें। वैक्सीनेशन, इनाम, सरकारी योजना या बिजली बिल से संबंधित आने वाले संदिग्ध कॉल और मैसेज पर विश्वास न करने की भी हिदायत दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इससे ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इस अवसर पर एसएसआई सुरजीत कुमार, हेड कॉन्स्टेबल सतेंद्र सिंह, कांस्टेबल मोनू कुमार और कांस्टेबल प्रदीप कुमार, बबलू सिंह, सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# गुरु माँ के निधन पर शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सतनाम आश्रम श्री कोटवाधाम की संस्थापक गुरु मां सावित्री दास साहिबा सुपत्नी साहेब कमलेश दास के सतलोक गमन की सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन को अपार जनसमूह उमड़ा।

मृदुभाषी, मिलनसार स्वभाव की धनी, सत्यनाम पंथ प्रथम पाव कमोलीधाम की 65 वर्षीय गुरु मां सावित्री दास साहिबा को सांस लेने में तकलीफ की चलते एक पखवाड़ा पहले पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने उनका ऑक्सीजन लेवल कम होना बताया था। सघन उपचार के दौरान शनिवार की शाम करीब 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस लिया। उनके सतलोक गमन की सूचना सोशल



मीडिया पर आग की तरह फैल गई। परिणाम स्वरूप राजधानी सहित गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, छत्तीसगढ़, बिहार व पड़ोसी देश नेपाल के सतनाम अनुयाई श्री कोटवाधाम पहुंचे। रविवार को दोपहर बाद आश्रम परिसर में ही उनके पार्थिव शरीर को समाधि दी गई। गुरु मां की अंतिम दर्शन यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए।

## पत्रकार सम्मान समारोह एवं मुशायरे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलहर/ शाहजहांपुर। बीती शाम मुख्तारे दो आलम सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी की जानिब से मोहल्ला चैहटियां स्थित ग्लोब पब्लिक स्कूल में पत्रकार सम्मान समारोह एवं मुशायरे का आयोजन हुआ। जिसमें संस्था के संस्थापक उवैस खां शिफा ने पत्रकार मनोज प्रबल गुप्ता, मोहम्मद एजाज, अजय अवस्थी, राशिद हुसैन राही, मिर्ज़ा फिरोज बेग, फैसल फैज, अर्शियान खान, वीनू सिंह, इमरान सागर, कुलदेव मिश्रा, राजाराम गुप्ता, अनुज यादव, कामरान अंसारी और अजहर अली को सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रबल और वरिष्ठ पत्रकार मिर्ज़ा फिरोज बेग ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल साहित्य की सेवा में योगदान देते हैं, बल्कि समाज को जोड़ने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्तारे दो आलम सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी समाज और साहित्य दोनों के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिसके सहयोग के लिए




पत्रकार हमेशा तैयार रहेंगे। कार्यक्रम एवं मुशायरे का संचालन मास्टर शाहिद अली ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रसिद्ध शायर जर्रार तिलहरी ने की। मुशायरे में शायरों ने एक से बढ़कर एक शेर पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। असगर यासिर, हमीद खिजर, मनोज प्रबल, जर्रार तिलहरी, रईस तिलहरी, शायरा गुलिस्तां खान, अजय अवस्थी, अर्शियन अर्श, वाजिद हुसैन वाजिद, उवैस खां शिफा, इब्ने हसन, शमशाद आतिफ, साजिद सफदर और रेहान ताबिश सहित अनेक शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इसके अलावा शोईद शाहजहांपुरी, फरीद तिलहरी, फैजान तिलहरी, सलमान वारसी और कासिम हुसैन ने भी शिरकत करते हुए अपने-अपने कलाम से महफिल को सजाया। मुशायरा देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं नगरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम ने सामाजिक सौहार्द, साहित्यिक चेतना और पत्रकारिता के सम्मान को एक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

# खुशियों के प्रतीक के रूप में मना तीसरा एडवेंट संडे

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में किदवई नगर स्थित सेंट थॉमस चर्च में तीसरा एडवेंट संडे (प्रभु के आगमन का रविवार) बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य उपदेशक के रूप में वाराणसी धर्मप्रांत के फादर रिचर्ड मोंतेरो उपस्थित हुए। यह जानकारी रविवार को सेंट थॉमस चर्च के रेवरेंट थॉमस कुमार ने दी।

सेंट थॉमस चर्च के रेवरेंट थॉमस कुमार ने बताया कि मुख्य उपदेशक ने गुलाबी मोमबत्ती जलाकर सभा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि एडवेंट संडे (आगमन काल) में तीसरे रविवार को तीन बैंगनी मोमबत्तियों के बीच एक गुलाबी मोमबत्ती जलाई जाती है, जो चरवाहों के लिए शुभ समाचार और प्रभु के आगमन की खुशी को दर्शाती है। उत्सव का माहौल सभी कलीसियाओं के परिवारों के घरों में होती है। इसके साथ ही चर्च में विशेष आराधना का माहौल बना रहता है।



मुख्य उपदेशक फादर रिचर्ड मोंतेरो ने कहा कि गुलाबी मोमबत्ती जलाई गई, जो कि प्रभु यीशु के आगमन की खुशी और आशा का प्रतीक है। साथ ही हम सबने मिलकर विशेष प्रार्थनायें भी की। उन्होंने कहा कि पश्चाताप करने के बारे में पापों से दूर रहने के बारे में पूरी कलीसिया को प्रभु यीशु के पैदा होने से पहले आप अपने दिलों को साफ कर लें। समाज में लोगों की सेवा का संकल्प लें। पापों से दूर रहें, लोगों को माफ करना सीख लें। जिससे क्रिसमस की तैयारियों का माहौल आपस में बहुत सुंदर सा रहे और प्रभु यीशु के आगमन की खुशी सुंदर तरीके से मनाये।

रेवरेंट फादर राजेश साइमन ने कहा कि क्रिसमस से पहले का रविवार, जिसे आगमन (एडवेंट) काल का तीसरा रविवार कहते हैं, मसीह के आने की तैयारी, आत्म-चिंतन, और पश्चाताप (रिपेन्टेन्स) के लिए एक महत्वपूर्ण समय है। जहां ईसाई अपने दिलों को शुद्ध करते हैं और परमेश्वर के सामने अपने पापों को स्वीकार (कॉन्फ़ेशन) करते हैं, ताकि प्रभु यीशु के आगमन के लिए तैयार हो सकें।

इस मौके पर सिस्टर पुष्पा, सिस्टर सीजी,मरियम मैकार्टिस, लेंसी डिसूजा, वेरोनिका डिसूजा, मनोज मैकार्टिस, संजय लाल, आदि लोग मौजूद रहे।

### तिलोई के भाजपाइयों ने प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई

तिलोई अमेठी । केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं लोकसभा क्षेत्र महराजगंज के सांसद पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर ब्लाक प्रमुख समेत अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की कमान केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के हाथों में मिलने पर तिलोई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि इससे संगठन और अधिक सशक्त,अनुशासित एवं जनसमर्पित होकर जनसेवा के नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के साथ ही सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह, धर्मेश मिश्रा, शिरीष गुप्ता,अनादि मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, राहुल पाठक, अमरीश जायसवाल, डॉ.सुरेन्द्र बहादुर सिंह, सत्य नारायण सिंह, सिद्धांत जैन, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय,मोहम्मद इलियास, गुडडू सिंह, भास्कर सिंह, विनोद मौर्या, आनंद सिंह, बबलू सिंह सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बधाई दी है।

# यशस्वी जायसवाल का शतक, मुम्बई ने हरियाणा को चार विकेट से हराया

एजेंसी

अंबी। यशस्वी जायसवाल (101) और सरफराज खान (64) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत मुम्बई ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ग्रुप ए मुकाबले में हरियाणा को 15 गेंदे शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। आज यहां मुम्बई ने टॉस जीतकर कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 234 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अर्श राणा और कप्तान अंकित कुमार की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए हरियाणा के लिए पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। सातवें ओवर में साईराज पाटिल ने अर्श राणा (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये निशांत सिंधु ने अंकित कुमार के साथ दूसरे विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर में साईराज पाटिल ने शतक बनाने की ओर अग्रसर अंकित कुमार को अपना शिकार बना लिया। अंकित कुमार ने 42 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 89 रनों की पारी खेली। 19वें ओवर में सामंत जाखड़ (31) रिटायर्ड आउट हुये। निशांत सिंधु ने चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 63 रन बनाये। सुमित कुमार चार चौके लगाकर 16 रन पर नाबाद रहे। इसके बाद 235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई के लिए यशस्वी जायसवाल और अजिंक्य रहाणे की जोड़ी आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3.1 ओवर में अभी 53 रन जोड़े थे कि इशांत भारद्वाज ने अजिंक्य रहाणे 10 गेंदों में (21) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सरफराज खान ने यशस्वी जायसवाल के साथ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 9.2 ओवर में स्कोर 141 पहुंचा दिया। अमित राणा ने सरफराज खान को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। सरफराज खा ने 25 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए 64 रन बनाये। अंगकृष रघुवंशी (सात), सूर्यांश शेडगे (13) और शार्दुल ठाकुर (दो) रन बनाकर आउट हुये। मुम्बई का छठा विकेट18वें ओवर की पहली गेंद पर यशस्वी जायसवाल के रूप में उस समय गिरा जब मुम्बई ने 228 रन बना लिये थे और वह जीत के बेहद करीब थी। जायसवाल ने 50 गेंदों में 16 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए (101) रन बनाये। मुम्बई ने 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया।



# ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन आईपीएल में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने रविवार को स्पष्ट किया है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने आईपीएल नीलामी में खुद को बल्लेबाज के तौर पर लिस्ट किए जाने का कारण अपने मैनेजर की गलती को बताया है। ग्रीन ने आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन के लिए खुद को एक स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के रूप में रजिस्टर किया है, जबकि वह एक फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा। 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार रविवार सुबह एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के प्रशिक्षण सत्र से पहले ग्रीन ने कहा, ''मैं गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा या नहीं, लेकिन उनकी तरफ से कुछ गलती हो गई। उनका मतलब 'बल्लेबाज' कहना नहीं था। मुझे लगता है कि उन्होंने गलती से गलत बॉक्स चुन लिया। यह सब जिस तरह से हुआ वह काफी मजेदार है, लेकिन वास्तव में गलती उनकी तरफ से ही हुई थी। लंबे कद के 26 वर्षीय ऑलराउंडर ग्रीन ने 2023 में मुंबई इंडियंस और 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह नीलामी में हिस्सा लेने वाले सबसे बड़े नामों में से हैं और उनके लिए मोटी बोली लगने की उम्मीद है। ग्रीन का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण ग्रीन 2025 सत्र से बाहर रहे थे। उन्होंने जून में एक बल्लेबाज के तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। हालांकि, इसके बाद उन्हें गेंदबाजी करने की इजाजत मिल गई और वह ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज सीरीज में गेंदबाजी कर रहे हैं।




# एडिलेड टेस्ट से पहले मैकुलम ने इंग्लैंड टीम की वापसी पर जताया भरोसा

एजेंसी

एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया)। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से 2-0 से पीछे चल रही इंग्लैंड टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को पूरा भरोसा है कि उनकी टीम सीरीज में शानदार वापसी कर सकती है। उन्होंने कहा है कि अब तक इस सीरीज में हमारे बल्लेबाज पर्याप्त रन नहीं बना पाए हैं, लेकिन ऐसा कभी-कभी हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्?लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज का तीसरा टेस्?ट मैच 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। मैच से पहले मैकुलम अपने बल्लेबाजों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उन्होंने इसी लाइनअप को बरकरार रखने का संकेत दिया है। आईसीसी के अनुसार मैकुलम ने रविवार को एडिलेड में प्रशिक्षण से पहले कहा कि हमारे दृष्टिकोण से हमारे पास कुछ समय से शीर्ष सात खिलाड़ी हैं और हम इसके साथ काफी हद तक सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये परिस्थितियां हमारे बल्लेबाजों की शैली के अनुकूल होनी चाहिए। हम जानते हैं कि इस सीरीज में अब तक हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए हैं। हम कई बार ऐसी स्थिति में थे जहां हम रन बना सकते थे, लेकिन हमने कुछ गलतियां कर दीं और ऐसा कभी-कभी हो सकता है। इस सीरीज को जीतने के लिए हमें पिछले कुछ वर्षों में जो चीजें सफल रही हैं, उन्हें छोड़ने की जरूरत नहीं है। इंग्लैंड कोच ने कहा कि जब हम मैदान में उतरें, तो हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा हो। बिना सोचे-समझे फैसले लेना और तयशुदा बल्लेबाजी लाइन-अप में फ़ेरबदल करना हमारा तरीका नहीं है। मेहमान टीम को दोनों टेस्ट मैचों में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। मैकुलम ने कहा कि जब हम यहां आए थे, तब हमें पता था कि सीरीज जीतने के लिए हमें तीन टेस्ट मैच जीतने होंगे।




# यूपी में खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन, रोजगार और सुविधाएं भविष्य की सुरक्षा का भरोसा : दीप्ति शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों, मानवीय पक्ष और सराहनीय कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनवरी 2025 में शुरू किए गए पॉडकास्ट ल्लबियांड द बैजङ्क का 17वां एपिसोड जारी किया गया। इस एपिसोड में अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर, विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और स्पोर्ट्स कोटे से चयनित उत्तर प्रदेश पुलिस की पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दीप्ति शर्मा ने अपने प्रेरणादायक जीवन सफर को साझा किया।

इस एपिसोड की मेजबानी प्राची सिंह, आईपीएस, कमांडेंट 32वीं वाहिनी पीएसी ने की। संवाद के दौरान दीप्ति शर्मा ने अपने खेल जीवन, संघर्ष, उपलब्धियों और पुलिस सेवा से जुड़ने के अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। दीप्ति शर्मा ने वर्ष 2014 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण, आयरलैंड के खिलाफ बनाए गए 188 रनों के ऐतिहासिक स्कोर और हालिया आईसीसी महिला विश्व कप जीत को अपने जीवन के सबसे यादगार और प्रेरक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि विश्व कप की यह जीत देश की युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बालिकाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत में परिवार के सहयोग को अहम बताते हुए अपने भाई को अपनी प्रारंभिक प्रेरणा बताया। पॉडकास्ट में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की 'कुशल खिलाड़ी योजना' की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन, रोजगार और सुविधाएं उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं और भविष्य की सुरक्षा का भरोसा भी देती हैं। पुलिस सेवा और खेल के बीच संतुलन पर बात करते हुए दीप्ति शर्मा ने कहा कि ब्लू जर्सी और खाकी वर्दी दोनों का अपना अलग सम्मान और गरिमा है। उन्होंने कहा कि खेल से मिले अनुशासन, समर्पण और फिटनेस पुलिस प्रशिक्षण और सेवा में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहे गए मैदान में आपकी दादागिरी चलती है वाले कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दादागिरी नहीं, बल्कि खेल के प्रति उनका फोकस और समर्पण है, जिससे मैदान पर उनकी छवि सख्त दिखाई देती है। मैदान के बाहर वह सहज, सरल और मिलनसार स्वभाव की हैं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यस्त खेल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बावजूद परिवार के साथ समय बिताना उन्हें मानसिक सुकून देता है। युवाओं और विशेषकर खेल में करियर बनाने की इच्छुक बालिकाओं के लिए संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य पर केंद्रित रहने और कभी हिम्मत न हारने का आह्वान किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की कुशल खिलाड़ी योजना के अंतर्गत अब तक 534 खिलाड़ियों की नियुक्ति उत्तर प्रदेश पुलिस में की जा चुकी है। अब तक बियांड द बैज के 16 एपिसोड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें देश-प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ अधिकारी, फिल्म जगत की हस्तियां, समाजसेवी, यूपीएससी टॉपर और प्रेरक व्यक्तित्व अपने विचार साझा कर चुके हैं।

# भारत वैश्विक कर पारदर्शिता में अग्रणी: ओईसीडी अधिकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कर चोरी के खिलाफ पारदर्शिता के उपायों को लागू करने में भारत एक अग्रणी देश के रूप में उभरा है। अधिकारी ने बताया कि करदाताओं से उनकी अघोषित विदेशी संपत्तियों की सही जानकारी लेने के लिए हाल ही में चलाए गए अभियान के चलते 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी संपत्तियों का खुलासा हुआ है। ओईसीडी सचिवालय की प्रमुख जायदा मनाटा ने दिए साक्षात्कार में बताया कि ये उल्लेखनीय परिणाम वैश्विक कर पारदर्शिता और सूचनाओं के स्वचालित आदान-प्रदान के मानकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मनाटा हाल ही में दो से चार दिसंबर के बीच नयी दिल्ली में आयोजित कर पारदर्शिता और सूचना विनिमय पर वैश्विक मंच की वार्षिक पूर्ण बैठक में भाग लेने आई थीं। इस वैश्विक मंच से 172 देश जुड़े हुए हैं। ओईसीडी एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो आर्थिक और सामाजिक नीतियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा, ङ्कभारत कर पारदर्शिता के क्षेत्र में अग्रणी है और वर्ष 2009 से वैश्विक मंच के कार्यों का समर्थन करता आ रहा है। वर्ष 2025 की वैश्विक मंच की पूर्ण बैठक की मेजबानी नयी दिल्ली में किया जाना इस बात का प्रमाण है कि भारत लगातार वैश्विक मंच के कार्यों और विदेश स्थित कर चोरी के विरुद्ध संघर्ष का समर्थन कर रहा है। विदेश स्थित कर चोरी के विरुद्ध लड़ाई के संदर्भ में भारत से ओईसीडी की अपेक्षाओं पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मनाटा ने कहा कि भारत कर पारदर्शिता और सूचना विनिमय के मानकों के अंतर्गत अपनी प्रतिबद्धताओं और आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा, वित्तीय खातों से संबंधित जानकारी के स्वचालित आदान-प्रदान के मामले में भारत के पास आवश्यक कानूनी ढांचा उपलब्ध है।

# इफको के प्रबंध निदेशक ने 2025-26 में 10 प्रतिशत लाभ वृद्धि का लक्ष्य रखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय किसान उर्वरक सहकारी संस्था लिमिटेड (इफको) के प्रबंध निदेशक के जे पटेल ने वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध लाभ में 10 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है। यह अनुमान ऐसे समय में सामने आया है, जब इफको को अपने प्रमुख नैनो उर्वरकों को देश में अपेक्षित स्तर तक अपनाए जाने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है और संस्था किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को तेज कर रही है। पटेल ने कहा कि उनकी रणनीति का केंद्र इफको की सबसे बड़ी ताकत 36 हजार सहकारी संस्थाओं और पांच करोड़ से अधिक किसानों के साथ उसका स्थायी संबंध है। हाल ही में उन्होंने 32 वर्षों तक प्रबंध निदेशक रहे यू एस अवस्थी से कार्यभार संभाला है। पटेल इफको से चार दशक से जुड़े हुए हैं। पटेल ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल उर्वरकों का निर्माण करना नहीं है, बल्कि किसानों तक यह जानकारी भी पहुंचाना है कि उनका उपयोग कैसे और कब किया जाए। उन्होंने मिट्टी के अनुसार सलाह और गुणवत्तापूर्ण बीजों के प्रयोग पर जोर देते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य से जोड़ा। चार वर्ष पहले शुरू किए गए नैनो उर्वरक इफको की सबसे बड़ी नवाचार पहल होने के साथ-साथ सबसे बड़ी चुनौती भी बने हुए हैं। चालू वर्ष में नैनो यूरिया की बिक्री 1.45 करोड़ बोतल और नैनो डीएपी की बिक्री 65 लाख बोतल रही, जो आठ करोड़ बोतल के लक्ष्य से काफी कम है। नैनो उर्वरक को रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जाता है। पटेल ने इफको की वार्षिक 29 करोड़ बोतल उत्पादन क्षमता के मुकाबले मात्र 15 प्रतिशत उपयोग पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी और पत्तियों पर छिड़काव जैसी तकनीकी कठिनाइयों के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और किसानों द्वारा किए गए परीक्षणों में पैदावार को लेकर असंगत परिणाम सामने आए हैं, साथ ही मिट्टी और खाद्य श्रृंखला की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठे हैं। आलोचकों का कहना है कि नैनो उर्वरक किसानों की तुलना में इफको पर सब्सिडी के बोझ को कम करने में अधिक सहायक हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पटेल ने कहा कि करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी मुख्य रूप से प्राकृतिक गैस, गंधक अम्ल और फॉस्फ़ेट शिला जैसे आयातित कच्चे माल पर खर्च होती है। नैनो उर्वरकों की प्रभावशीलता को लेकर उठे सवालों पर पटेल ने कहा कि स्वतंत्र तृतीय-पक्ष के अध्ययनों को वह बहुत अधिक महत्व नहीं देते। हालांकि पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए इफको ने कृषि मंत्रालय की निगरानी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित पांच वर्षीय अध्ययन के लिए चार करोड़ रुपये का योगदान दिया है।

# जीपीएस हस्तक्षेप की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय: आईएटीए

एजेंसी

जिनेवा/नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने कहा कि विमानों में दिशा-निर्देशन प्रणाली से जुड़े जीपीएस संकेतों में छेड़छाड़ और बाधा डालने की घटनाओं में बढ़ोतरी एक गंभीर चिंता का विषय है और ऐसे में पायलटों को अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। आईएटीए विश्व की लगभग 360 विमानन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है, जिनके माध्यम से वैश्विक हवाई यातायात का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संचालित होता है। इस संगठन में एयर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट जैसी भारतीय एयरलाइन भी शामिल हैं। हाल के दिनों में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई हवाई अड्डों पर भी विमानों के जीपीएस संकेतों में छेड़छाड़ और हस्तक्षेप की घटनाएं सामने आई हैं। इस सप्ताह जिनेवा में आयोजित बैठकों के दौरान आईएटीए अधिकारियों ने कहा कि जीपीएस संकेतों में हस्तक्षेप की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो चिंता का विषय है। आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि जीपीएस संकेतों की नकल और बाधा उत्पन्न करने की घटनाओं में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण विमानों के संचालन के दौरान पायलटों को अधिक सतर्क रहना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा, 'यह समस्या अब दुनिया भर में मौजूद है। वैश्विक स्थिति निर्धारण प्रणाली (जीपीएस) अथवा वैश्विक नौवहन उपग्रह प्रणाली से संबंधित संकेतों में छेड़छाड़ का अर्थ है उपयोगकर्ता की दिशा-निर्देशन प्रणाली को गलत संकेत देकर भ्रमित करना। अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन ने वैश्विक नौवहन उपग्रह प्रणाली में छेड़छाड़ को अंतरराष्ट्रीय रेडियो आवृत्ति हस्तक्षेप का एक रूप माना है। आईएटीए में संचालन, सुरक्षा और संरक्षा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निक केयरन ने कहा कि शुरुआत में ऐसी घटनाएं पश्चिम एशिया में सामने आई थीं और बाद में रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान पूर्वी यूरोप में भी देखने को मिलीं।

# बाजार पर दिखेगा महंगाई के आंकड़ों, वैश्विक कारकों का असर

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर महंगाई के आंकड़ों के साथ वैश्विक कारकों का असर भी दिख सकता है।

घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किये गये थे। थोक महंगाई के आंकड़े सोमवार को जारी होने हैं। बाजार पर वैश्विक कारकों का असर भी दिखेगा। पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक पहले तीन दिन की गिरावट के बाद अंतिम दो दिन बढ़त में रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 444.71 अंक (0.52 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 85,267.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 139.50 अंक यानी 054 प्रतिशत गिरकर 26,046.95 अंक पर रहा। एनएसई का मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 6.80 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल का शेयर 4.25 फीसदी, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 3.33, बजाज फाइनेंस का 2.96, ट्रेंट का 2.78 और पावर ग्रिड का 2.28 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.87 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.71, भारती एयरटेल 1.16, इंफोसिस तथा आईटीसी दोनों के 1.06, और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत उतर गया। इनके अलावा, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 2.87 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 1.92 फीसदी, टाइटन में 1.73, मारुति सुजुकी में 1.50, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.08 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.02 प्रतिशत की तेजी रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी साप्ताहिक बढ़त में रहे।

## शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का बाजार पूंजीकरण 79,129 करोड़ रुपये घटा

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह जारी कमजोरी के बीच शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 79,129.21 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे बड़ा झटका लगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 444.71 अंक या 0.51 प्रतिशत गिर गया। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार मूल्य में बढ़त हुई, जबकि एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 19,289.7 करोड़ रुपये घटकर 6,33,106.69 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 18,516.31 करोड़ रुपये घटकर 9,76,668.15 करोड़ रुपये पर आ गया। दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,434.03 करोड़ रुपये बढ़कर 21,05,652.74 करोड़ रुपये हो गया। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 4,910.82 करोड़ रुपये बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

# बीएमडब्ल्यू 'मिनी' ब्रांड को और मजबूत करेगी नए मॉडल लाने, बिक्री बढ़ाने पर जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता बीएमडब्ल्यू अगले साल भारत में अपने 'मिनी' पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है, ताकि मेट्रो शहरों से बाहर बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में फिलहाल मिनी कूपर, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू और मिनी कन्वर्टिबल शामिल हैं। ब्रांड को बड़े शहरों से आगे स्वीकृति मिलने के साथ कंपनी छोटे शहरों और कस्बों में अपने बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने पर भी ध्यान दे रही है। बरार ने बातचीत में कहा, हम अगले साल मिनी पोर्टफोलियो के तहत एक-दो और उत्पाद लाने पर विचार कर रहे हैं। बीएमडब्ल्यू अगले साल अपने बिक्री नेटवर्क का और विस्तार करेगी, जिसमें जयपुर, लखनऊ और रांची जैसे स्थान शामिल होंगे। साथ ही ऐसे छोटे शहर भी होंगे जहां कंपनी की अभी कोई मौजूदगी नहीं है। उन्होंने कहा, मिनी के लिए हम फिलहाल करीब नौ शहरों में मौजूद हैं। हम अगले साल शहरों की संख्या दोगुनी करना चाहते हैं, ताकि मेट्रो शहरों से बाहर भी हमारी मौजूदगी हो। छोटे बाजारों से भी अब धीरे-धीरे काफी मांग आने लगी है। बरार ने कहा कि स्थानीय स्तर पर मौजूदगी से बिक्री के बाद की सेवाओं को लेकर भी ग्राहकों का भरोसा बढ़ता है। उन्होंने कहा, इसलिए हम अपने उत्पाद पोर्टफोलियो और बिक्री नेटवर्क को मजबूत करना चाहते हैं। इसके अलावा, हम मिनी समुदाय बनाने पर भी काम कर रहे हैं और अगले साल उनके लिए कई कार्यक्रम आयोजित करना चाहते हैं।

# दिसंबर में एफपीआई ने इक्विटी से 17,955 करोड़ रुपये निकाले, 2025 में कुल निकासी 1.6 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले दो हफ्तों में भारतीय शेयर बाजार से 17,955 करोड़ रुपये निकाले हैं, जिससे 2025 में अब तक कुल निकासी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह भारी निकासी नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी के बाद हुई है, जिससे घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव बना हुआ है। अक्टूबर में थोड़े समय के लिए यह रुझान थमा था, जब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14,610 करोड़ रुपये का निवेश किया और तीन महीनों से जारी भारी बिकवाली का सिलसिला टूटा था। इससे पहले एफपीआई ने सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार एक से 12 दिसंबर के बीच एफपीआई ने भारतीय शेयरों से शुद्ध रूप से 17,955 करोड़ रुपये निकाले।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस की रैली में देश भर से उमड़े लोग, मतपत्र से चुनाव हो तो भाजपा नहीं जीत सकती: प्रियंका गांधी

# सत्य के साथ खड़े होकर 'आरएसएस सरकार' को हटाएंगे : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में सत्य और असत्य के बीच लड़ाई जारी है और उनकी पार्टी सत्य के साथ खड़े होकर 'आरएसएस सरकार' को हिंदुस्तान से हटाएगी।

राहुल ने यहां रामलीला मैदान में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान का हवाला देते हुए कहा, ''भागवत ने कहा कि विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है उसे माना जाता है। यह विचारधारा आरएसएस की है। हमारी विचारधारा, हिंदुस्तान की विचारधारा, हिंदू धर्म की विचारधारा और दुनिया के सभी धर्मों की विचारधारा कहती है कि सत्य सबसे जरूरी हैं। भागवत कहते हैं कि सत्य का कोई मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है।''



उन्होंने कहा, सत्य और असत्य के बीच लड़ाई है। हम सत्य के साथ खड़े होकर हिंदुस्तान से नरेन्द्र मोदी, अमित शाह तथा आरएसएस सरकार को हिंदुस्तान से हटाएंगे। भागवत ने शनिवार को अंडमान में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि वर्तमान समय में वैश्विक मान्यता को आकार देने में केवल सत्य से कहीं अधिक शक्ति का योगदान है। उन्होंने कहा था, विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है, उसको मानता है३भले मन से नहीं, पर मानता जरूर है। राहुल गांधी ने 2023 के निर्वाचन आयोग का हवाला देते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा, ''कांग्रेस पार्टी आपसे (निर्वाचन आयुक्त) कह ही है, आप हिंदुस्तान के निर्वाचन आयुक्त हो, नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन आयुक्त नहीं हो। हम कानून पूर्वव्यावी रूप से बदलेंगे और आपके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने दावा किया कि संसद में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान अमित शाह के हाथ कांप रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, ''हो सकता है इस सब में समय लगे, लेकिन हिंदुस्तान में सत्य की जीत होगी। उनका कहना था, ''हम सत्य और अहिंसा के साथ नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को हराकर दिखाएंगे।''कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि संसद में जब मल्लिकार्जुन खरगे जी और राहुल गांधी जी ने एसआईआर वोट चोरी का मुद्दा उठाया तो मोदी सरकार नहीं मानी। आखिर में सरकार ने कहा कि हम पहले 'वंदे मातरम्' पर चर्चा करेंगे, फिर ट्रस्ट और वोट चोरी पर बात करेंगे। सदन में हम 'वंदे मातरम्' पर चर्चा करते रहे, लेकिन मोदी सरकार में जनता के मुद्दों पर बात करने की हिम्मत नहीं दिखी। राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने ने कहा कि आज हालात ये हैं कि पिछले आम चुनाव में मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया,कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद कर दिया गया, भ्रष्टाचार के नाम पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का दिल कमजोर था, जो इस दबाव को सह नहीं पाए वो भाजपा में शामिल हो गए। जैसे-जैसे लोग भाजपा में शामिल होते गए।

## 'वोट चोरी' करने वाले गद्दार हैं, इन्हें सत्ता से हटाना होगा: खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि 'वोट चोरी' करने वाले ''गद्दार'' हैं और इन्हें सत्ता से हटाना होगा ताकि वोट के अधिकार और संविधान को बचाया जा सके। खरगे ने रामलीला मैदान में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरएसएस और मनुस्मृति की विचारधारा पर आगे बढ़ रहे हैं जिससे खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है, वोटों को सुरक्षित रखना है, संविधान को बचाना है तो लोगों को कांग्रेस एवं राहुल गांधी के साथ खड़ा होना होगा। उन्होंने दावा किया, ''कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही देश को बचा सकती है, भागवत और मनुस्मृति की विचारधारा देश को बचाएगी नहीं, बल्कि खत्म कर देगी। इनके रास्ते पर नरेन्द्र मोदी चल रहे हैं। उनका कहना था कि हिंदुत्व के नाम पर गरीबों को फिर से गुलामी में रखने का प्रयास हो रहा है। खरगे ने दावा किया, ''ये लोग (भाजपा के लोग) हमारे खिलाफ, गांधी जी, नेहरू जी और आंबेडकर जी के खिलाफ बात करते हैं। दूसरी तरफ वोट चोरी करते हैं। ये गद्दार लोग हैं। इन गद्दारों को (सत्ता से) हटाना होगा। उनका कहना था, ''एक बार चुनाव हारने के बाद नरेन्द्र मोदी का नामोनिशान नहीं रहेगा, लेकिन चुनाव हारने के बाद कांग्रेस जिंदा है और लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि केरल के स्थानीय निकाय चुनाव में शानदार जीत हासिल की और राजग को कुचल दिया।

# प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया को मिली पहली महिला अध्यक्ष

## संगीता बरुआ की टीम ने 21-0 से जीता चुनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार संगीता बरुआ पिशरोटी प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया (पीसीआई) के चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर क्लब की पहली महिला अध्यक्ष बन गयीं। श्रीमती पिशरोटी की टीम के सभी उम्मीदवारों ने पदाधिकारी और प्रबंध समिति के पदों पर जीत हासिल की। उनकी टीम ने 13 दिसंबर को हुए चुनावों के एक दिन बाद हुई मतगणना में 21-0 से चुनाव अपने नाम किया। श्रीमती पिशरोटी को जहां 1,019 वोट मिले, वहीं उनके प्रतिद्वंदी अतुल मिश्रा और अरुण शर्मा को क्रमशः 129 और 89 वोट मिले। महासचिव पद पर उतरे अफ़ज़ल इमाम ने 948 वोट हासिल करके आराम से जीत हासिल की, जबकि उनके खिलाफ खड़े ज्ञान प्रकाश को 290 वोट मिले। जतिन गांधी उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में 1,029 वोटों के साथ विजयी हुए। उन्होंने अपने अगले प्रतिद्वंद्वी प्रह्लाद सिंह राजपूत को 900 से ज़्यादा वोटों के अंतर से मात दी। अदिति राजपूत (कोषाध्यक्ष) और पीआर सुनील (संयुक्त सचिव) निर्विरोध चुने गए। क्लब के मुख्य चुनाव आयुक्त एमएमसी शर्मा और उनकी टीम ने शाम को यहां क्लब के लॉन में पत्रकारों की भरी सभा में परिणाम घोषित किया। कुल 16 सदस्यों की प्रबंध समिति के चुनावों में नीरज कुमार 932 वोटों के साथ सूची में सबसे ऊपर रहे। इसके अलावा अभिषेक कुमार सिंह (911), जाह्नवी सेन (903), अशोक कौशिक (892), कल्लोल भट्टाचार्जी (882), प्रवीण जैन (878), अग्रज प्रताप सिंह (865), मनोज शर्मा (861), नयनिमा बसु (851), पीबी सुरेश (838), वीपी पांडे (833), प्रेम बहुखंडी (831), स्नेहा भूरा (829), जावेद अख्तर (823), रेजाउल हसन लश्कर (781) और सुनील कुमार (780) ने भी जीत हासिल की। श्रीमती पिशरोटी ने परिणाम घोषित होने के बाद कहा, ''यह चुनाव हमारे पैनल के नज़रिये और आज़ाद, निष्पक्ष एवं ज़िम्मेदार पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने की हमारी लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता में प्रेस क्लब के सदस्यों के सामूहिक विश्वास को दर्शाता है। निवर्तमान अध्यक्ष गौतम लाहिड़ी ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के सदस्यों का उनके भरोसे और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नयी टीम क्लब को और ज़्यादा समावेशी एवं जवाबदेह बनाने का काम जारी रखेगी। पीसीआई के निवर्तमान महासचिव नीरज ठाकुर ने कहा, ''प्रेस क्लब ऑफ इंडिया अपनी स्थापना के बाद से देश और विदेश के पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण संस्था के रूप में काम कर रहा है। इसकी पहली महिला अध्यक्ष का चुनाव प्रगति का एक शक्तिशाली प्रतीक है और समानता, विविधता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।''

# ऊर्ज़ा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण ज़रूरत : द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि एक संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए स्वच्छ हवा और सुरक्षित जल स्रोत भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम ऊर्ज़ा को जितना संरक्षित करेंगे और बचाएंगे, वह प्रकृति के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक होगी।

श्रीमती मुर्मू ने रविवार को यहां राष्ट्रीय ऊर्ज़ा संरक्षण दिवस पर राष्ट्रीय ऊर्ज़ा संरक्षण पुरस्कार और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में यह बात कही।



श्रीमती मुर्मू ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल और विश्वसनीय तरीके से ऊर्ज़ा संरक्षण ही ऊर्ज़ा का सबसे बड़ा स्रोत है। ऊर्ज़ा संरक्षण सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण ज़रूरत है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्ज़ा बचाने का मतलब सिर्फ़ कम इस्तेमाल करना नहीं है, बल्कि ऊर्ज़ा का समझदारी, ज़िम्मेदारी और कुशलता से उपयोग करना भी है। उन्होंने कहा कि जब हम बिजली के उपकरणों का अनावश्यक उपयोग करने से बचते हैं, ऊर्ज़ा-कुशल उपकरणों को अपनाते हैं, अपने घरों और कार्यस्थलों में प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का उपयोग करते हैं, या सौर और नवीकरणीय ऊर्ज़ा विकल्पों को अपनाते हैं, तो हम न केवल ऊर्ज़ा बचाते हैं बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी कम करते हैं। श्रीमती मुर्मू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्ज़ा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है। अगर युवा और बच्चे ऊर्ज़ा संरक्षण के प्रति जागरूक होकर इस दिशा में प्रयास करें, तो इस क्षेत्र में लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं और देश का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सस्ती और स्वच्छ ऊर्ज़ा तक पहुंच समुदायों को सशक्त बनाती है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है और विकास के नए अवसर पैदा करती है। इसलिए, हरित ऊर्ज़ा सिर्फ़ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, यह सशक्तिकरण और समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन जैसी पहल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम कर रही हैं। इसके साथ ही सरकार नवीकरणीय खपत दायित्व और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्ज़ा को अपनाने और ऊर्ज़ा दक्षता को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि 2023-24 में भारत के ऊर्ज़ा दक्षता प्रयासों के परिणामस्वरूप 5.36 करोड़ टन तेल के बराबर ऊर्ज़ा की बचत हुई। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से सालाना महत्वपूर्ण आर्थिक बचत हो रही है और कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में भी काफी कमी आई है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारत के ऊर्ज़ा परिवर्तन (एनर्जी ट्रांज़िशन) की सफलता के लिए हर क्षेत्र और नागरिक की भागीदारी ज़रूरी है। सभी क्षेत्र में ऊर्ज़ा दक्षता लाने के लिए व्यवहार में बदलाव बहुत ज़रूरी है।

## दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर स्थिति बरकरार, रविवार को 460 पर पहुंचा एक्यूआई

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी वायु प्रदूषण की रोकथाम को सख्त पाबंदियां लागू होने के बावजूद रविवार सुबह आठ बजे यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगभग 460 दर्ज किया गया। यह वायु प्रदूषण की बेहद खतरनाक स्थिति का संकेत देता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम ) ने शनिवार को हवा को और प्रदूषित होने से रोकने के लिए ग्रैप (श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना)-4 लागू कर दी थी। गौरतलब है कि आयोग ने शनिवार को पहले ग्रैप-3 लागू किया था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर दिल्ली शहर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 लगा दिया। वाहनों और धूल प्रदूषण (जिसका ज़्यादातर हिस्सा निर्माण कार्य के कारण होता है) को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता की बिगड़ती स्थिति के लिए मुख्य कारण माना जा रहा है। ग्रैप-4 के प्रतिबंधों में निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी, और बाहरी गतिविधियों को कम करने की सलाह के साथ-साथ हाइब्रिड या ऑनलाइन स्कूलिंग की सिफारिशें शामिल हैं।

## हॉर्नबिल महोत्सव भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव की सराहना की है और इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का सशक्त प्रतीक बताया है।

श्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक अखबार में हॉर्नबिल महोत्सव को लेकर लिखे गये लेख को साझा किया है और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर एक नये, आत्मविश्वासी भारत का चेहरा प्रस्तुत करता है। नागालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य केवल एक महोत्सव की मेज़बानी नहीं करता, बल्कि स्वयं में एक उत्सव का प्रतीक है, जो 'त्योहारों की भूमि' के गौरवशाली नाम को सही सिद्ध करता है। श्री सिंधिया ने एक अंग्रेजी अखबार में नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव में पूर्वोत्तर की झलकियां नाम से एक लेख लिखा है, जिसे श्री मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा किया है। श्री मोदी ने लिखा कि नागालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव मानवीय भावना के विविध रंग और प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत समन्वय के रूप में चित्रित करता है। उन्होंने कहा, ''जब हमारा पूर्वोत्तर प्रकाशमान होगा, तभी समूचा राष्ट्र उन्नति की ऊंचाइयों को छूएगा। उल्लेखनीय है कि नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और जीवन शैली को प्रस्तुत करने वाला यह महोत्सव नागालैंड की लड़ाकू जनजातियों का सबसे बड़ा उत्सव है। इसे 'त्योहारों का त्योहार' भी कहा जाता है। इस हर साल एक से 10 दिसंबर यानी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है।


# रेलवे ने 11 सालों में 42,600 से अधिक एलएचबी कोचों का निर्माण किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोचों के उत्पादन में लगातार प्रगति की है, जिन्हें यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा, बेहतर यात्रा आराम और बेहतर परिचालन प्रदर्शन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

रेलवे की तरफ से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 2014 और 2025 के बीच, 42,600 से अधिक एलएचबी कोचों का विनिर्माण किया, जो 2004 और 2014 के बीच निर्मित 2,300 कोचों की तुलना में 18 गुना अधिक है।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 (नवंबर 2025 तक) के दौरान कुल 4,224 से अधिक एलएचबी कोचों का विनिर्माण किया गया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पादित 3,590 कोचों की तुलना में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। उत्पादन में यह वृद्धि रेलवे इकाइयों में विनिर्माण क्षमता के निरंतर सुदृढ़ीकरण और बेहतर उत्पादन नियोजन को प्रदर्शित करती है।



इस अवधि के दौरान कारखाने वार प्रदर्शन की बात करें तो, इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), चेन्नई ने 1,659 एलएचबी कोचों का उत्पादन किया है, इसके बाद मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ), रायबरेली ने 1,234 कोचों का और रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ), कपूरथला ने 1,331 कोचों का उत्पादन किया है। इन सभी ने मिलकर एलएचबी कोच उत्पादन में समग्र वृद्धि में योगदान दिया है।

दीर्घकालिक तुलना की जाए तो हाल के वर्षों में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति साफ दिखाई देती है। यह विस्तार एलएचबी कोचों को व्यापक रूप से अपनाकर यात्री परिवहन को आधुनिक बनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को रेखांकित करता है, जो अपने बेहतर सुरक्षा मानकों और कम रखरखाव की ज़रुरतों के लिए जाने जाते हैं।

घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर और आयात पर निर्भरता कम करके भारतीय रेलवे, 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहल के लक्ष्यों में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। यह संगठन देश की बढ़ती परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने और यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता को और बढ़ाने पर केंद्रित है।

# पेज एक का शेष

### नितिन नबीन...

विरासत और जनसेवा की परंपरा ने नितिन नबीन को प्रारंभ से ही राजनीति की ओर प्रेरित किया। श्री नबीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नई दिल्ली के सीएसकेएम पब्लिक स्कूल से प्राप्त की और 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई वहीं से पूरी की। श्री नबीन ने पिता के निधन के बाद वर्ष 2006 में पटना पश्चिम विधानसभा सीट से उपचुनाव जीतकर सक्रिय राजनीति में कदम रखा। परिसीमन के बाद यह सीट बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र बनी। इसके बाद उन्होंने 2010, 2015, 2020 और 2025 के विधानसभा चुनावों में लगातार जीत दर्ज की। इस तरह वे पांच बार के विधायक बन चुके हैं और क्षेत्र में मजबूत जनाधार रखते हैं। श्री नबीन ने बिहार सरकार में कई अहम मंत्रालयों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। वे पथ निर्माण मंत्री, शहरी विकास एवं आवास मंत्री तथा कानून एवं न्याय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके कार्यकाल में बुनियादी ढांचे और शहरी विकास से जुड़े कई फैसलों को गति मिली। श्री नबीन की पार्टी संगठन में भी सक्रिय भूमिका रही है। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे। इसके अलावा उन्हें छत्तीसगढ़ में भाजपा का चुनाव प्रभारी भी नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने संगठन को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई। श्री नबीन को उनकी विनम्रता, जमीनी स्तर से जुड़ाव और मजबूत संगठनात्मक अनुभव के लिए जाना जाता है। पार्टी और सरकार–दोनों स्तरों पर उनका अनुभव उन्हें भाजपा नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण चेहरा बनाता है।

### शंख ध्वनि के बीच यूपी...

पंकज चौधरी ने कहा कि वे 1980 से अब तक रहे 15 प्रदेश अध्यक्षों के अनुभवों से सीखेंगे और मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। उन्होंने मंच से दिवंगत पूर्व प्रदेश अध्यक्षों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने संगठन के चार स्तंभ कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और विचार को भाजपा की रीढ़ बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के सभी चुनाव कार्यकर्ताओं के बल पर लड़े हैं। कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, ल्लआप मेरे लिए सर्वोपरि हैं। मैं आपके लिए लड़ूंगा, लड़ता रहूंगा। नेतृत्व की परिभाषा स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि केवल आदेश देना नेतृत्व नहीं होता। सच्चा नेता वह है जो सबकी बात सुने, समाधान खोजे और पूरे परिवार को साथ लेकर चले। उनका उद्देश्य संगठन में संवाद और समन्वय को मजबूत करना है, ताकि कार्यकर्ताओं की बातें सरकार तक और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जनता तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी व्यक्ति वास्तव में कभी 'पूर्व' नहीं होता। पूर्व सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों का अनुभव पार्टी की पूंजी है और उसका पूरा लाभ संगठन को मिलेगा। पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 के बाद भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया है। भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और शीघ्र ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की छवि पूरी तरह बदली है। पहले जहां प्रदेश का नाम सुनकर लोग हिचकिचाते थे, आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश की प्रशंसा हो रही है। चंद्रयान की सफलता से लेकर प्रदेश के बुनियादी ढांचे और कानून व्यवस्था में सुधार तक, उत्तर प्रदेश विकास का मॉडल बन चुका है। अंत में उन्होंने कहा कि 1989 में पार्षद के रूप में शुरू हुआ उनका राजनीतिक सफर आज इस मुकाम तक पहुंचा है। इसमें संघ परिवार का मार्गदर्शन और समर्थन अहम रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे भाजपा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।

### बोंडी बीच पर...

में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं पीएम मोदी ने हमले पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, आज ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाकर किए गए भयानक आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। भारत के लोगों की ओर से मैं उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं। भारत आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस रखता है और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है। हमले के बाद देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा कि यहूदी लोगों पर किया गया हमला, हर ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पर किया गया हमला है। आज रात हर ऑस्ट्रेलियाई मेरी तरह ही इस हमले से गहरे सदमे में है। हमारे देश में नफरत, हिंसा और आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। मैं साफ कहना चाहता हूं कि हम इसे पूरी तरह खत्म करेंगे।

### भारतीय रेल शत..

घटी है और ट्रेनों के संचालन की दक्षता और गति में सुधार हुआ है। जैसे-जैसे अंतिम चरण पूरे हो रहे हैं, देश दुनिया के सबसे बड़े पूर्णतः विद्युतीकृत रेलवे प्रणाली में से एक का संचालन करने के लिए तैयार है। यह भारतीय रेलवे के शून्य कार्बन की ओर बढ़ने के लक्ष्य का समर्थन करता है और प्रतिदिन लाखों यात्रियों को स्वच्छ, तेज और अधिक विश्वसनीय परिवहन सेवा प्रदान करता है।

### बूथ ही बनेगा जीत...

स्वभाव के नेता हैं। सात बार एक ही सीट से सांसद चुना जाना उनके कुशल नेतृत्व और जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने सपा सरकार के दौरान श्रवण साहू हत्याकांड का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में माफिया राज था, व्यापारी और निवेशक असुरक्षित महसूस करते थे। श्री गोयल ने सपा सरकार में श्रवण साहू हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि जब मैं 2017 में पहली बार चुनावी सिलसिले में लखनऊ आया था तो सुबह सुनने को मिला कि भरे बाजार एक व्यापारी श्रवण साहू की गोलियां मार का हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में जनता परेशान थी, माफिया राज था, निवेशक नहीं आ रहे थे। उन्होने कहा कि राम मंदिर आंदोलन को भी आपने देखा है। हजारों भक्तों ने लाठियां खाई, गोली खाई। तब जाकर राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर को मंदिर पर ध्वजारोहण कर शास्त्री पद्धति से मंदिर निर्माण पूर्ण होने की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में विकास एक जन आंदोलन बन गया है, जो देश को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। लोकप्रियता की पराकाष्ठा के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहचान है। गरीब, किसान, महिला, युवा हर एक वर्ग को सशक्त बनने काम मोदी ने किया है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को बहुत सशक्त तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। बीते आठ साल में योगी के नेतृत्व में प्रदेश को भूमाफिया, खनन माफिया शराब माफिया से मुक्ति दिलाकर अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया है। पीयूष गोयल ने कहा कि 2014 से 2025 तक का सफर में नरेंद्र मोदी ने देश के बारे में सोच बदली है। आज हम भारत का पासपोर्ट लेकर जाएं तो जो सम्मान मिलता है, वह पहले कभी नहीं मिलता था। नरेंद्र मोदी ने सुशासन को केंद्र बिंदु बनाया। हर एक को विकास से जोड़ा। हर घर तक लोगों के जीवन में बदलाव करने का काम शुरू किया। हर घर तक बिजली, गैस का कनेक्शन, शौचालय, नल से जल की सुविधा उपलब्ध कराई है। 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त आनाज दिया जा रहा है। 4 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त में घर दिया गया है। मोदी सरकार ने रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, हर सामग्री की आवश्यकता को पूरा किया है। उन्होने कहा कि लखनऊ में अलग ही स्वाद है। पहले अटलजी के साथ आते थे। लखनऊ सिर्फ शहर नहीं विचार, संस्कृति की अलग राजधानी है। पूरा देश लखनऊ की ओर देखता है। केंद्र में कोई सरकार बनती है तो उसने यूपी का सबसे बड़ा योगदान होता है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अब विधानसभा चुनाव सामने है। पंकज चौधरी के नेतृत्व में सपा के फर्जी पीडीए की धज्जियां उड़ानी है। उनके नेतृत्व में बूथ से लेकर प्रदेश तक संगठन मजबूत होगा। 2027 में 2017 का रिकॉर्ड टूटेगा। उत्तर प्रदेश से पहले पश्चिम बंगाल में सरकार बनानी है। हम भी कंधे से कंधा मिलाकर पंकज चौधरी के साथ चलेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 2027 में 2017 का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। 325 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। यूपी से पहले बंगाल भी जीतेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीएम मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार। संविधान के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई है। भाजपा पार्षद के रूप में राजनीतिक सफर तय कर सात बार सांसद रहते हुए यहां तक पहुंचे हैं। अटलजी के नेतृत्व में जब पहली बार सरकार बनी तब भी पंकज चौधरी सांसद थे। उनमें सहनशीलता है। वो एक-एक कार्यकर्ता को सुनते है। वित्त राज्य मंत्री रहते हुए देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने 700 क्षमता वाले पुरूष सिपाही बैरक का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नवीन पुलिस केन्द्र, पटना परिसर में केन्द्रीकृत रसोई-सह-भोजनालय (जी+4) एवं 700 क्षमता का पुरुष सिपाही बैरक (जी+7) ब्लॉक-ए का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना पुलिस केन्द्र में रहनेवाले पुलिस बलों को अपनी ड्यूटी करने के साथ-साथ राशन, भोजन आदि की व्यवस्था करने में काफी कठिनाई होती थी। इस समस्या का समाधान करने के लिए पुलिस लाईन में 'जीविका दीदी की रसोई' का शुभारंभ किया जा रहा है। इससे यहां रहनेवाले लगभग 3 हजार पुलिस बलों को सस्ते दर पर पौष्टिक भोजन प्राप्त होगा। समय एवं श्रम की बचत होने से वे बेहतर ढंग से अपनी ड्यूटी कर सकेंगे। साथ ही इससे लगभग 120 जीविका दीदियों को रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने पटना पुलिस लाइन के विस्तार हेतु फ़ेज-2 में 266 करोड़ रूपये की प्रस्तावित योजनाओं के मॉडल का अवलोकन किया, इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि फ़ेज-2 के अन्तर्गत सार्जेंट मेजर आवास (खण्ड-1, 14 फ्लैट), पुरूष सिपाही बैरक (तीन खण्ड, 700 बेड प्रति खण्ड), महिला सिपाही बैरक (एक खण्ड, 500 बेड प्रति खण्ड), यूएस क्वार्टर (84 फ्लैट), एलएस क्वार्टर (28 फ्लैट), सेवक क्वार्टर, विद्यालय भवन, सिवर लाइन, ट्यूब्यूलर फायरिंग रेंज एवं ऑडिटोरियम का निर्माण किया जायेगा। फ़ेज-1 के अन्तर्गत प्रशासनिक भवन



(आरक्षित कार्यालय), महिला पुलिस बैरक (दो खण्ड- 500 बेड प्रति खण्ड), पुरूष सिपाही बैरक (तीन खण्ड, 700 बेड प्रति खण्ड) तथा केन्द्रीकृत रसोई एवं भोजनालय का निर्माण पूर्ण हो चुका है जिसका आज उद्घाटन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ़ेज-2 के अन्तर्गत जिन योजनाओं का निर्माण किया जाना है उसे जल्द पूर्ण करें। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने केन्द्रीकृत रसोई-सह-भोजनालय (जी+4) के भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रथम तल पर जाकर जीविका दीदी की रसोई को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की। दीदी की रसोई की शुरूआत वर्ष 2018 में वैशाली जिले के सदर अस्पताल, हाजीपुर से हुई थी। बाद में राज्य सरकार के सहयोग से सभी सदर एवं अनुमंडल अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों, कल्याण आवासीय विद्यालयों, वृद्धाश्रमों, प्रशासनिक कार्यालयों, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर सहित सभी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल 334 'दीदी की रसोई' का संचालन किया जा रहा है। जिला निबंधन कार्यालय पटना में 'दीदी की रसोई' के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा इसका नामकरण 'जीविका दीदी की रसोई' करने का निर्देश दिया गया था। तब से इसे 'जीविका दीदी की रसोई' कहा जाता है।

# सुभारती कॉलेज को 87.50 करोड़ की वसूली का नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। जिले के बड़े बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे जिला प्रशासन के विशेष अभियान के तहत अब सुभारती समूह के खिलाफ लंबित बकाया वसूली के लिए कुर्की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सुभारती समूह को प्रशासन ने 87.50 करोड़ की बकाया वसूली कानोटिस भेजा है। साथ ही सभी तहसीलों के बकायादारों की सूची तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने सुभारती समूह से बकाया राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी किसी बड़े या छोटे बकायेदार को बकाया राशि न जमा करने पर कानूनी कार्रवाई से नहीं बख्शा जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में ऐसे सभी छोटे एवं बड़े बकायेदारों की सूची तैयार करने को कहा है। जिन्होंने लंबे समय से देय राशि जमा नहीं की है या जानबूझकर भुगतान से बच रहे हैं। इनके विरुद्ध विशेष वसूली अभियान चलाकर तत्परता से वसूली सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व की हानि किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को बकायेदारों की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल तैयार करने, प्राथमिकता के आधार पर बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करने और लगातार फॉलोअप करते हुए वसूली की दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने सुभारती समूह के खिलाफ वसूली का नोटिस देकर कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस कार्यवाही से जनपद में राजस्व वसूली को गति मिलेगी। जिलाधिकारी की ओर से जारी कुर्की वारंट से स्पष्ट किया गया है कि बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भुगतान न होने पर यह कठोर कदम उठाया गया है। सके तहत इअगले कुछ दिन में संस्थान का बैंक खाता सीज होने और उसकी संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की जा सकती है।

# हाईटेक तरीके से कार चोरी करने वाला अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा तीन लग्जरी कारें बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल ने हाईटेक तरीके से कार चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर तीन चोरी की कारें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से इलेक्ट्रॉनिक की-क्लोनिंग टैबलेट, डुप्लीकेट चाबियां और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने रविवार को बताया कि हाल के दिनों में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम सक्रिय की गई थी। इसी दौरान हेड कांस्टेबल अमित को एक सूचना मिली कि एक अंतरराज्यीय गिरोह दिल्ली से कारें चोरी कर उन्हें दिल्ली-एनसीआर से बाहर अन्य राज्यों में खपाता है। सूचना के आधार पर तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपितों पर नजर रखी गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 6 दिसंबर को पुलिस टीम ने हापुड़ (उप्र) निवासी सोनू और सोनीपत (हरियाणा) निवासी संदीप को दबोच लिया। इनके कब्जे से मंगोलपुरी थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक मारुति स्विफ्ट कार बरामद की गई। पूछताछ के दौरान संदीप की निशानदेही पर सोनीपत के सेक्टर-23 से एक और चोरी की मारुति स्विफ्ट कार बरामद हुई, जो बवाना थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। जांच के दौरान गिरोह के तीसरे सदस्य आशीष उर्फ दीपु, निवासी इटावा (उप्र) को भी दबोचा गया। उसकी निशानदेही पर साकेत थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक मारुति ब्रेजा कार, टाटा और मारुति सुजुकी वाहनों की डुप्लीकेट चाबियां और एक इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपित अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट की मदद से कार के डैशबोर्ड में लगे ओबीडी पोर्ट से कनेक्ट होकर नई चाबी प्रोग्राम करते थे। इस तरीके से वे कुछ ही मिनटों में कार स्टार्ट कर चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद वाहन को कुछ दिन दिल्ली-एनसीआर में खड़ा किया जाता था और फिर दूर-दराज के राज्यों में बेच दिया जाता था। पुलिस के मुताबिक, गिरोह का सरगना सोनू पहले भी वाहन चोरी के 17 मामलों में शामिल रहा है। वहीं संदीप पर हरियाणा और उप्र में हत्या और गैंगस्टर एक्ट समेत आठ मामले दर्ज हैं। जबकि आशीष उर्फ दीपु के खिलाफ उप्र में वाहन चोरी के 13 मामले दर्ज हैं।

# क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, नकली दवाओं का संगठित रैकेट पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने नकली और मिलावटी दवाओं के एक बड़े और संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में करीब 2.3 करोड़ मूल्य की स्प्यूरियस (नकली) शेड्यूल-एच श्रेणी की मलहम बरामद की गई हैं, जिन्हें असली दवाओं के रूप में देशभर में बेचा जा रहा था। ये नकली दवाएं आम लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकती थीं।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम ने इस संबंध में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मीरपुर हिंदू गांव, लोनी, गाजियाबाद (उप्र) निवासीगौरव भगत और श्रीराम उर्फ विशाल गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर बाजार, तेलीवाड़ा इलाके में नकली दवाओं की बड़ी खेप खपाई जा रही है। सूचना के आधार पर



तकनीकी निगरानी और जमीनी खुफिया जानकारी के सहारे साइबर सेल की टीम ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली शेड्यूल-एच मलहम बरामद की गईं, जिनमें बेटनोवेट-सी और क्लॉप-जी जैसी चर्चित दवाएं शामिल थीं। ये मलहम आमतौर पर त्वचा रोगों और खेल चोटों के इलाज में इस्तेमाल की जाती हैं। इसके बाद आगे की जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उप्र के गाजियाबाद जिले के लोनी स्थित मीरपुर हिंदू गांव में नकली दवाएं बनाने की एक फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया। यहां से भारी मात्रा में तैयार नकली दवाएं, पैकिंग सामग्री, कच्चा माल, केमिकल्स और दवा बनाने की मशीनें बरामद की गईं। छापेमारी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर और संबंधित दवा कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारी के अनुसार दिल्ली और उप्र के नॉर्थ व सेंट्रल जोन के ड्रग इंस्पेक्टरों तथा दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मौके पर जांच कर नमूने लिए। जांच में पुष्टि हुई कि जब्त दवाएं पूरी तरह नकली हैं और न तो संबंधित कंपनियों द्वारा बनाई गई थीं और न ही आरोपितों के पास इन्हें बनाने या बेचने का कोई वैध लाइसेंस था। पुलिस ने करीब 1200 ट्यूब नकली बेटनोवेट-सी, 2700 से अधिक ट्यूब नकली क्लॉप-जी, 3700 से ज्यादा ट्यूब नकली स्किन-शाइन मलहम, लगभग 22 हजार खाली नकली क्लॉप-जी ट्यूब, करीब 350 किलो मिलावटी मलहम, केमिकल्स और मशीनरी बरामद की है। क्राइम ब्रांच का कहना है कि इस रैकेट से जुड़े सप्लायरों, डिलीवरी नेटवर्क और अन्य आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस इस अवैध कारोबार की पूरी सप्लाई चेन को खत्म करने में जुटी हुई है।

## जालंधर में कबाड़ के गोदाम में धमाका, एक की मौत, दो घायल

चंडीगढ़। पंजाब के जालंधर में रविवार को हुई जोरदार धमाके मैं एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। कबाड़ के गोदाम में हुआ यह धमाका इतना जोरदार था कि मृत युवक के चीथड़े उड़ गए और मशक्कत के बाद उसके शरीर के टुकड़ों को एकत्र किया गया। धमाके से आसपास के करीब एक किलोमीटर के क्षेत्र में कांच की खिड़कियां टूट गई और कई घरों में दरारें भी आई। जालंधर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिला निवासी शिवमंगल जालंधर के संतोखपुरा में किराए के मकान में रहता था और यहीं पर कबाड़ी का काम करता था। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि यह धमाका कबाड़ को तोड़ते हुए एक पुराने ग्रेनेड में हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से शव के टुकड़ों को एकत्र किया। पुलिस के अनुसार धमाके में घायल राजेंद्र कुमार व रामकुमार नामक कारीगरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसएसपी ने कराया जिले में सघन वाहन जाँच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के नेतृत्व में जिले भर में एक सघन वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस व्यापक अभियान का मुख्य उद्देश्य कानून- व्यवस्था को सुदृढ़ करना अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और जिले के आम नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्वयं शहर के कई प्रमुख चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर वाहन जांच की निगरानी की। इस दौरान पुलिसकर्मियों को ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के साथ-साथ विशेष रूप से संदिग्ध व्यक्तियों एवं



वाहनों की गहन जाँच करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित संबंधित पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश देते हुए, एसएसपी सारण ने पूरी सतर्कता बरतने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वाहन जांच के दौरान आम जनता के साथ शालीन और सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखा जाए और जांच प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। सारण पुलिस ने इस अभियान के माध्यम से जिले के सभी नागरिकों से पूर्ण सहयोग की अपील की है। पुलिस ने अनुरोध किया है कि सभी वाहन चालक जांच के दौरान अपने आवश्यक कागजात साथ रखें और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह सघन वाहन चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा जिसका उद्देश्य एक सुरक्षित और अपराध-मुक्त सारण का निर्माण करना है।

# पंजाब में जिला परिषद व ब्लॉक समिति के लिए मतदान, बैलेट पेपर से डाले जा रहे वोट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में रविवार को जिला परिषद तथा ब्लॉक समिति चुनाव के लिए मतदान सुचारू रूप से चल रहा है। मतदान प्रक्रिया शाम 4:00 बजे तक चलेगी। पंचायती राज संस्थाओं के इस चुनाव के लिए मतदान ईवीएम के बजाए बैलेट पेपर से हो रहे हैं। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। राज्य में 347 जिला परिषदों और 2838 ब्लॉक समिति सीटों के लिए कुल 9775 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए पुलिस तथा सिविल प्रशासन के करीब एक लाख कर्मचारियों को तैनात किया है। इस चुनाव में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी अपने-अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने अमृतसर के खासा और खुरमानियाँ में ब्लॉक समिति व जिला परिषद के चुनाव प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। यहां दो प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह गलत छपे हुए थे। इन सीटों पर चुनाव का ऐलान बाद में किया जाएगा।

राज्य के तलवंडी साबो में भी एक मतदान केंद्र पर सुबह करीब 1 घंटे तक मतदान प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। यहां प्रत्याशियों की मांग पर दूसरा बैलट बॉक्स मंगवाने के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई है। इस चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी दावा कर चुकी है कि राज्य में 340 पंचायत समिति उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

## अधिकारियों को नागरिक सेवाओं में 'ज़ीरो पेंडेंसी 'सुनिश्चित करने का निर्देश

जालंधर। पंजाब में जालंधर के उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने रविवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का समय पर निपटारा सुनिश्चित करके नागरिक सेवाओं और सार्वजनिक शिकायतों में 'ज़ीरो पेंडेंसी' हासिल करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासनिक परिसर में एक विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पिछले एक साल में जिले भर के सेवा केंद्रों में 3,75,774 आवेदकों ने विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान पेंडेंसी दर 0.22 प्रतिशत है और अधिकारियों को नियमित निगरानी तथा सभी लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे और कम करके शून्य पर लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने समय-सीमा का सख्ती से पालन करने पर ज़ोर देते हुए कहा कि अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार किसी भी अधिकारी को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने नागरिक सेवाओं की परेशानी मुक्त, पारदर्शी और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस प्रतिबद्धता के तहत, सरकारी कार्यालयों में प्रक्रियाओं को सरल बनाने और सार्वजनिक सुविधा बढ़ाने के लिए कई अभिनव पहल शुरू की गई हैं।

# पतंजलि विश्वविद्यालय को ज्ञान भारतम मिशन, संस्कृति मंत्रालय ने बनाया गया क्लस्टर सेंटर


■ प्रधानमंत्री की भारतीय संस्कृति, धरोहर एवं विरासत के संरक्षण की दूरदृष्टि का आधार है ज्ञान भारतम मिशन: स्वामी रामदेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। ज्ञान भारतम मिशन, संस्कृति मंत्रालय ने पतंजलि विश्वविद्यालय को क्लस्टर सेंटर के रूप में मान्यता दे दी है। इस आशय का आज एक समूह साइन किया गया। रविवार को हरिद्वार में आयोजित एक समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय को क्लस्टर सेंटर के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस संदर्भ में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगगुरु स्वामी रामदेव, कुलगुरु डॉ.




आचार्य बालकृष्ण तथा ज्ञान भारतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश, डॉ. श्रीधर बारीक (कॉर्डिनेटर,) तथा विश्वरंजन मालिक (कॉर्डिनेटर, डिजिटाइजेशन) की उपस्थिति में एक एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत सहित ज्ञान भारतम मिशन की पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की संस्कृति मूलक भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है, ज्ञान भारतम मिशन। डॉ. आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि अभी तक 33 एमओयू इस मिशन के तहत साइन हुए हैं, जिसमे क्लस्टर सेंटर 20 हैं। इनमें से 8 विश्वविद्यालय हैं और योग शिक्षा आधारित प्रथम क्लस्टर सेंटर पतंजलि विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया अभी तक पतंजलि विश्वविद्यालय में पचास हजार से ज्यादा प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण, 42 लाख पृष्ठों के डिजिटलाइजेशन और 40 से अधिक पांडुलिपियों के शोधन एवं पुनर्प्रकाशन का कार्य किया जा चुका है। ज्ञान भारतम के क्लस्टर सेंटर के रूप में अब पतंजलि इस कार्य को और दिव्यता प्रदान करते हुए 20 केन्द्रों को भी प्रशिक्षित और प्रोत्साहित कर इस मिशन से जोड़कर भारतीय संस्कृति के रक्षण का कार्य कर सकेगा। इस अवसर पर ज्ञान भरतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत क्लस्टर सेंटर के रूप में पतंजलि विश्वविद्यालय योग और आयुर्वेद पर आधारित पांडुलिपियों पर न केवल शोध करेगा अपितु इसको शिक्षा क्रांति से जोड़कर देश एवं समाज तक पहुंचाएगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063